# देशबन्धु

हिन्दी दिवस आज

जबलपुर, गुरुवार 14 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 306 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.



- भाषा के स्तर पर हीनता...
- खतरे में आदिवासियों का... 04
- पाक राष्ट्रपति पर पद छोड़ने से पहले चुनाव...
- भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम में दोनों... 09
- बैंकों और वित्तीय संस्थानों को कर्ज भुगतान...
- निफ्टी ने रचा इतिहास, सेंसेक्स में लगातार... 11
- मेरा फोकस विकेट नहीं...
- आईसीसी वनडे रैंकिंग में... 10


**सार संक्षेप**

## संसद का 18 से होगा विशेष सत्र

### सरकार ने 17 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने संसद के विशेष सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितम्बर तक होगा और इस दौरान पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इस महीने की 18 तारीख से संसद सत्र से पहले 17 तारीख को शाम 4.30 बजे सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई गई है। इसके लिए संबंधित नेताओं को ईमेल के माध्यम से निमंत्रण भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं की मांग के बावजूद अभी तक विशेष सत्र के लिए कोई एजेन्डा जारी नहीं किया है। विपक्षी दलों की ओर से कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र का एजेन्डा सार्वजनिक करने की मांग की थी। उन्होंने विपक्ष की ओर से महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, हिन्डनबर्ग रिपोर्ट, महिलाओं पर अत्याचार जैसे ज्वलंत मुद्दों की सूची भेजकर कहा था कि विपक्षी दल इन मुदों पर संसद में चर्चा करना चाहते हैं।

**राजनाथ सिंह के घर अहम बैठक**–संसद के विशेष सत्र को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के घर अहम बैठक भी हुई। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, अनुराग ठाकुर, अश्वनी वैष्णव समेत तमाम केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।


**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।





**चूहा-सुनती हो**-जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, महिलाओं के लिए राहत की बरसात हो रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**- तुम्हें मुंह फुलाने की जरूरत नहीं है, आखिर हमें जो मिलता है उससे फायदा तो तुम्हें भी होता है।

# बीना की धरा पर आज रचेगा नया इतिहास : शिवराज



## पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री

**बीना रिफाइनरी पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में एक स्थान पर आया हुआ सबसे बड़ा निवेश**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि- 14 सितंबर बीना की पावन धरा पर एक नया इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री सागर जिले के बीना रिफाइनरी परिसर में 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने वाले पेट्रोकेमिकल प्रोजेक्ट के शिलान्यास की तैयारियों का अवलोकन कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रो केमिकल प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश में अब तक का एक स्थान पर आया हुआ सबसे बड़ा निवेश है। रूपये 50 हजार करोड़ के इस निवेश के साथ ही एक लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रदेश के अलग-अलग स्थान पर होंगे, जिससे 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इस प्रोजेक्ट से प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से 2.15 लाख और शेष 2 लाख को मिलाकर 4 लाख 15 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे। श्री चौहान ने बताया कि प्रोजेक्ट के लिए पूर्व में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था, जिसे राज्य सरकार ने आगे बढ़ाकर निवेश का रास्ता खोला है। इतने वृहद स्तर पर रोजगार के ऐसे अवसर कम ही आते हैं। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने के बाद बीना सहित सागर, सिरोंज, कुरवाई, बासौदा सहित समीप के इलाकों में औद्योगिक हब बनेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बीना में औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार होने से होटल व्यवसाय बढ़ेगा। साथ ही अन्य व्यवसायिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, सहकारिता, लोक प्रबंधन मंत्री और सागर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायक महेश राय, गौरव सिरोठिया सहित अनेक जन-प्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

**मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक में महत्पूर्ण फैसले**

## उज्जवला योजना में विस्तार

# महिलाओं को 75 लाख गैस कनेक्शन

**नई दिल्ली।** चुनावी मौसम में राहत भरी घोषणाओं की कड़ी में मोदी सरकार ने उज्जवला योजना को विस्तार दिया है। कैबिनेट की बैठक में मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए ऐलान किया है कि 75 लाख महिलाओं को नए गैस कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके अलावा ट्रैफिक चालान के लिए अब वर्चुअल कोर्ट मे सुनवाई होगी।

कैबिनेट में सबसे बड़ा फैसला उज्जवला योजना के विस्तार को लेकर है। सरकार ने 1,650 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर कर दी है जिसके तहत 2025 तक महिलाओं को कुल 75 लाख नए गैस कनेक्शन मिलने जा रहे हैं। इससे पहले सरकार ने ही एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें 200 रुपये कम कर दी थी। अब महिलाओं के लिए फैसले लिए गए हैं तो दूसरी तरफ विदेशी निवेश के लिहाज से भी कुछ बड़े कदम उठाए गए हैं।

**ट्रैफिक चालान के लिए वर्चुअल कोर्ट, 4000 ई-सेवा केंद्र**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि सुवेन फार्मा में 9500 करोड़ रुपये के एफडीआई प्रस्ताव को मंजूर कर दिया गया है। इसके अलावा ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट के तीसरे चरण को भी कैबिनेट बैठक में हरी झंडी दिखा दी गई है। इस मिशन के तहत पहले चरण में 18 हजार से ज्यादा कोर्ट्स का कंप्यूटराइजेशन किया जाएगा। इसके साथ ही नेटवर्क कनेक्टिविटी को सुधारने पर भी जोर दिया जाएगा।




**विदेशी निवेश पर भी फैसला**

**जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हुई मुठभेड़**

## आतंकियों से मुठभेड़ में कर्नल, मेजर व डीएसपी शहीद

**जम्मू, देशबन्धु।** जम्मू कश्मीर में 24 घंटों के भीतर अनंतनाग में सेना के एक कर्नल व मेजर रैंक के अधिकारियों समेत और पुलिस के एक डीएसपी समेत 24 घंटों में पांच सैनिक शहीद गए हैं। इनमें से दो जवान राजौरी की मुठभेड़ में मारे गए हैं जहां दो आतंकियों को मार गिराया गया है। सेना प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है।

जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हो रही है। राष्टीय राइफल्स के कमांडिंग कर्नल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी समेत तीन अफसर शहीद हो गए हैं। शहादत पाने वालों की पहचान कर्नल मनप्रीत सिंह मेजर आशीष और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट के रूप में हुई है।

**राजौरी में दो आतंकी ढेर, अनंतनाग में जंग जारी**

# लाड़ली बहनों को घरेलू गैस कनेक्शन गैस सिलेंडर रिफिल 450 में मिलने का आदेश जारी

**गैस सिलेंडर की बकाया राशि सरकार भरेगी, बहनों के खातों में डाली जायेगी राशि**

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के समस्त एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं उन्हें एक सितम्बर 2023 से गैस सिलेंडर रिफिल रू. 450 में उपलब्ध कराया जायेगा। गैस सिलेंडर की बकाया राशि राज्य सरकार भरेगी। बकाया राशि पात्र लाड़ली बहनों के खातों में डाली जायेगी। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्रक्रिया निर्धारित कर दी है।

**हितग्राही की पात्रता**–प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनांतर्गत गैस कनेक्शनधारी समस्त उपभोक्ता और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत ऐसी लाड़ली बहनें जिनके स्वयं के नाम से घरेलू गैस कनेक्शन हैं इसके लिये पात्र होंगी। गैस सिलैंडर रिफिल के लिए अनुदान राशि पात्र कनेक्शनधारियों को एक सितम्बर, 2023 से देय होगी।

**अनुदान राशि**–पात्रताधारी उपभोक्ताओं को प्रतिमाह अधिकतम एक ≫शेष पृष्ठ 2 पर

**इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की हुई बैठक**

# भोपाल में होगी गठबंधन की पहली रैली

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विपक्षी इंडिया गठबंधन की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को नई दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुई।

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा अक्तूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी। बैठक से पहले समिति के सदस्य और आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था कि इसमें लोगों तक पहुंचने, संयुक्त रैलियों की योजना बनाने और घर-घर अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

**अक्टूबर के पहले हफ्ते में रैली होगी, सीटों के बंटवारे पर भी हुई चर्चा**

तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने आज ही उन्हें पेश होने के लिए बुलाया था। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह खराब स्वास्थ्य के कारण इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह जेडीयू नेता और बिहार के मंत्री संजय कुमार झा बैठक में शामिल हुए। समन्वय समिति की बैठक के बाद सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि ये समन्वय समिति की पहली बैठक थी और हमने कई मुद्दों पर चर्चा की। सदस्य दल आगामी चुनावों के लिए राज्य स्तर पर सीट बंटवारे पर बातचीत करेंगे।

> समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे ।
> – **केसी वेणुगोपाल**, कांग्रेस महासचिव

**सुप्रीम कोर्ट की भाजपा सांसद मनोज तिवारी को फटकार**

# 'जहां बैन नहीं वहां जाकर जलाएं पटाखे, जश्न मनाने के दूसरे तरीके भी खोजें'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कुछ दिन पहले बड़ा फैसला करते हुए एक बार फिर राजधानी में पटाखों पर बैन लगा दिया है। दिवाली से पहले ही पूर्ण रूप से प्रतिबंधन का ऐलान कर दिया गया है। पिछले साल भी सरकार ने इसी तर्ज पर बैन लगा दिया था। लेकिन पिछली बार की तरह एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में भाजपा सांसद मनोज तिवारी द्वारा याचिका दायर की गई। उस याचिका में प्रतिबंध को हटाने की मांग हुई।



**याचिका खारिज**

अब सुप्रीम कोर्ट ने मनोज तिवारी की याचिका को खारिज कर दिया है, जोर देकर कहा गया है कि पटाखों पर से बैन नहीं हटाया जा सकता है। मनोज तिवारी को यहां तक नसीहत दी गई है कि उन्हें जश्न मनाने के दूसरे तरीके खोजने चाहिए।

इसके बाद भाजपा नेता ने तर्क दिया कि दिल्ली में ग्रीन क्रैकर्स पर कोई रोक नहीं है, इस पर कोर्ट साफ कर दिया कि लोकल लेवल पर कोई भी हस्तक्षेप उनकी तरफ से नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यहां तक कह दिया कि भाजपा नेता उस राज्य में जा सकते हैं जहां पर पटाखों पर बैन ना हो, लेकिन दिल्ली से प्रतिबंध नहीं हटने वाला।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन 15 तक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के नामांकन की अंतिम तिथि इस वर्ष 15 सितंबर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, जोश और उत्साह की सराहना करने के लिए हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। मंत्रालय के अनुसार 18 वर्ष की आयु का कोई भारतीय नागरिक और भारत में निवास करने वाला बच्चा इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है।

# राजस्थान में तेज रफ्तार ट्रक से 11 लोगों की कुचला, मौत

**जयपुर,( एजेंसियां )।** राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक भयावह घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर 11 लोगों की मौत ह गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

हादसा सुबह करीब 5:30 बजे लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास उस समय हुआ जब एक खराब हो चुकी बस के यात्री नीचे बस के पास खड़े थे। बस में 45 से अधिक लोग थे और कुछ लोग खराबी की जांच करने के लिए ड्राइवर और हेल्पर के साथ नीचे उतरे। मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक गुजरात के भावनगर के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी और भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक खराब हो गई। चालक और उसके साथी के साथ कुछ यात्री भी बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी फॉल्ट चेक कर रहे थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और किनारे खड़े लोगों को कुचल दिया।

**12 अन्य लोग हुए घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या**

## रिश्वत मामले में रेलवे अधिकारी गिरफ्तार, 2.61 करोड़ बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के चीफ मटेरियल मैनेजर केसी जोशी को 3 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने छापेमारी में 2.61 करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद, सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के नोएडा और गोरखपुर में अधिकारी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप नकदी बरामद हुई। जोशी भारतीय रेलवे स्टोर सेवा (आईआरएसएस) के 1988 बैच के अधिकारी हैं और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में तैनात थे।









**रक्षा** | **वायु सेना की बढ़ी ताकत**

# एयरबस ने भारत को सौंपा पहला सी-295 विमान

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के बेड़े में एक और दमदार ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल होने वाला है। स्पेन के सेवील में एयरबस कंपनी ने भारतीय वायुसेना को पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट सौंपा दिया है। इस विमान को स्पेन से लेने के लिए खुद वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी पहुंचे हैं। सी-295 विमान 25 सितंबर को उत्तर प्रदेश की हिंडन एयरबेस पर पहुंचेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस विमान को औपचारिक रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल करेंगे।



**स्पेन के साथ 56 विमानों की हुई है डील**–भारत सरकार ने दो साल पहले एयरबस कंपनी के साथ 56 विमानों की डील की थी। इनमें से 16 विमान स्पेन से आने थे। वहीं बारी 40 विमानों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। इनका निर्माणगुजरात के वड़ोदरा में किया जाएगा। कंपनी समझौते के तहत 4 साल में 16 विमान देगी। रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है कि भारत को दूसरा सी-295 विमान मई 2024 तक मिलेगा। भारतीय वायु सेना को 16 विमान अगस्त 2025 तक मिल जाएंगे। वहीं भारत का पहला स्वदेशी सी-295 विमान साल 2026 तक मिल पाएगा। अन्य 39 स्वदेशी विमान 2031 तक बनकर तैयार होने की संभावना है। भारत ने यह डील 21 हजार करोड़ में की थी।

**खासियत**–सी-295 विमान में शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग की क्षमता है। यह विमान 844 मीटर के रनवे से उड़ान भर सकता है। वहीं इस विमान को लैंड करने के लिए सिर्फ 420 मीटर लंबे रनवे की जरुरत होती है। सी-295 विमान लगातार 11 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम है। इस विमान को हवा में ही रिफ्यूल किया जा सकता है। सी-295 विमान को पहाड़ी इलाकों में भी आसानी से उतारा जा सकता है। यह विमान 9250 किलो तक का वजन उठाने में सक्षम है। इस विमान में दो इंजन हैं और विमान 482 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। सी-295 विमान एक इंजन की मदद से 13 हजार 533 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है। वहीं दोनो इंजन की मदद से यह 30 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। सी-295 विमान एक ट्रांसपोर्ट विमान है जो नौ टन के पेलोड के साथ 71 सैनिक को ले जाने में सक्षम है।

सी-295 एक टैक्टिकल विमान के रूप में मुख्य हवाई क्षेत्रों से देश के सीमा के नजदीक संचालित हवाई क्षेत्रों तक सैनिकों और राशन ले जाने में सक्षम है। यह छोटी और संकीर्ण हवाई पट्टियों पर भी आसानी से काम कर सकता है क्योंकि यह शॉर्ट टेक-ऑफ और लैंडिंग में सक्षम है।

# देश-विदेश

## मणिपुर : चुराचांदपुर में पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में चिंगफेई बंकर नंबर एक पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस उप-निरीक्षक की बुधवार दोपहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मी की पहचान ओंखोमांग के रूप में हुई है, जिसे दोपहर एक बजे से 1.30 बजे के बीच एक स्नाइपर ने सिर में गोली मार दी थी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में दो अन्य लोगों को भी गोली लगी है, जिनकी जानकारी अभी जुटाई जा रही है। हमला कांगपोकपी जिले में अज्ञात लोगों द्वारा तीन आदिवासियों की गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद हुआ।

## लीबिया में विनाशकारी बाढ़ से हजारों लोगों की मौत, 10 हजार से ज्यादा लापता

### समुद्र में बह गए कई शव



**डर्ना।** लीबिया के पूर्वी शहर डर्ना में विनाशकारी बाढ़ में मारे गए 700 लोगों को दफनाया गया है और 10 हजार लोगों के लापता होने की आशंका है। वहीं, बचाव टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से और शवों को निकालने के लिए संघर्ष कर रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि- रविवार रात भूमध्यसागर से उठे तूफान 'डेनियल' के कारण हुई बारिश के चलते अचानक आई बाढ़ ने पूर्वी लीबिया के कई शहरों में भारी तबाही मचाई, लेकिन डर्ना शहर में सबसे अधिक नुकसान हुआ।

डर्ना में भारी बारिश और बाढ़ के चलते बांध टूट गए, जिनका पानी आसपास के इलाकों में फैल गया। पूर्वी लीबिया की सरकार के स्वास्थ्य मंत्री उस्मान अब्दुल जलील ने कहा, हालात भयावह हैं।

## निपाह वायरस को लेकर केरल के 4 जिलों में अलर्ट

### राज्य में अब तक 4 मामले, 2 की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से दो लोगों की मौत के बाद 3 और जिले कन्नूर, वायनाड और मलप्पुरम में अलर्ट जारी किया गया है। यहां की 7 ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। कंटेनमेंट जोन वाले इलाकों और अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। कोझिकोड के जिला अधिकारी ने 7 पंचायतों में सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आंगनबाड़ी केंद्र, बैंक और सरकारी संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। सुबह 7 से शाम 5 बजे तक सिर्फ दवाइयां और जरूरी चीजों की दुकानें ही खोलने की इजाजत है। केरल में निपाह वायरस के अब तक 4 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है। बुधवार को राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया कि पुणे से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की टीम निपाह वायरस की जांच के लिए आज केरल आएगी। **तमिलनाडु-केरल सीमा पर भी अलर्ट** -चेन्नई। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से हुई मौतों के बाद तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय ने सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशक डॉ. टीएस. सेल्वनिवायगम ने एक बयान में कहा, केरल से सामने आए निपाह वायरस के दो मामलों के मद्देनजर, हम स्वास्थ्य टीमों द्वारा सीमा चौकियों पर केरल से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग करेंगे।

## माली में हिंसा में 10 सुरक्षाबलों की मौत

### आतंकवादियों के बड़े हमले को सेना ने किया नाकाम

**बौरेम।** उत्तरी माली में सशस्त्र विद्रोहियों के हमले में कम से कम 10 सैनिक मारे गये। सुरक्षा बलों ने यह जानकारी दी। पूर्व विद्रोहियों के संगठन परमानेंट स्ट्रैटजिक फ्रेमवर्क फॉर पीस, सिक्योरिटी एंड डेवलेप्मेंट ने गाओ क्षेत्र के बौरेम शहर में हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा कि उन्होंने शहर के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। यह घटनाक्रम 2015 के उस समझौते की विफलता को दर्शाता है, जिस पर पूर्व विद्रोहियों ने माली के अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर किये थे।

माली के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता कर्नल सुलेमान डेम्बेले द्वारा जारी एक बयान के अनुसार सुरक्षा बलों ने बौरेम इलाके में आतंकवादियों के बड़े हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना में 13 सैनिक घायल हुए, जबकि 46 हमलावर मारे गये।

एक बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए पूर्व विद्रोहियों ने यह भी कहा कि उन्होंने बौरेम में कई स्थानों पर कब्जा कर लिया है। बौरम, एक छोट शहर हैं जहां जिहादी समूह सुरक्षा बलों से लड़ रहे हैं। मंगलवार को किए गए इस हमले से कुछ दिन पहले जिहादियों ने टिम्बकटू शहर के पास नाइजर नदी में एक यात्री नाव और गाओ के बंबा में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाकर 49 लोगों और सरकार समर्थक 15 सैनिकों की हत्या कर दी थी।

## ट्रेन से रूस पहुंचे किम जोंग का पुतिन ने खुद किया स्वागत

**मास्को।** ट्रेन से रूस पहुंचे किम जोंग का रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्वयं स्वागत किया और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने साइबेरियाई रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर में मुलाकात की। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने सोयूज-2 अंतरिक्ष रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर का दौरा किया। इससे कुछ देर पहले उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागे। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तुरंत यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया की मिसाइलें कितनी दूर तक उड़ीं। जापान का कहना है कि मिसाइलें संभवत: पहले ही समुद्र में गिर चुकी हैं। लेकिन फिर भी उन्होंने जहाजों से गिरने वाली वस्तुओं पर नजर रखने का आग्रह किया है।

रॉकेट लॉन्चिंग सेंटर वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम में मुलाकात का दोनों नेताओं का फैसला यह दर्शाता है कि किम सैटेलाइट डेवलप करने के प्रयासों में रूस से तकनीकी सहायता चाहते हैं। वह अपनी परमाणु मिसाइल क्षमता में इजाफे के लिए इस तकनीक को अहम मानते हैं। उत्तर कोरिया अपने पहले जासूसी उपग्रह की लॉन्चिंग में कई बार नाकाम रहा है। इस सवाल पर रूस की मीडिया ने पुतिन के हवाले से कहा- इसलिए हम यहां आए हैं।

सैन्य सहयोग के बारे में पूछे जाने पर पुतिन ने कहा कि हम सभी मुद्दों पर बात करेंगे। अभी इसमें समय है। रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से अत्याधुनिक सुविधाओं और हथियारों से लैस लिमोजीन कार के जरिये वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**लाड़ली बहनों को घरेलू गैस**-रिफिल पर अनुदान मिलेगा। पात्रताधारी उपभोक्ताओं को ऑयल कंपनी से रिफिल निर्धारित फुटकर विक्रय दर पर क्रय करना होगा। भारत सरकार द्वारा दिये गए समस्त अनुदान तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित फुटकर विक्रय दर (रू. 450) को कम करने पर शेष राशि राज्य अनुदान के रूप में पात्रताधारी उपभोक्ताओं के आधार लिंक बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। घरेलू एलपीजी रिफिल की फुटकर विक्रय दर में परिवर्तन होने पर राज्य अनुदान भी परिवर्तित होगा।हितग्राहियों की पंजीयन व्यवस्था-मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पोर्टल पर ऐसी बहनों को पंजीयन किया जायेगा जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी है। ऐसी बहनें प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की भी लाभार्थी हो सकती है। पंजीयन का कार्य उन सभी केंद्रों पर किया जाएगा जहां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है। पंजीयन के लिए दस्तावेज की आवश्यकता-पंजीयन के लिये गैस कनेक्शन कंज्यूमर नंबर एवं एलपीजी कनेक्शन आईडी आवश्यक होंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का पंजीयन आईडी योजना अंतर्गत हितग्राहियों की पहचान का कार्य सभी ऑयल कंपनी से प्राप्त डेटा के आधार पर शासन दवारा भी किया जाएगा। शासन की ओर से स्वत: पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी 25 सितंबर 2023 से पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी तथा समय-समय पर उसे अद्यतन किया जाएगा।


## बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां

**- आमसभा की सूचना -**

सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नरसिंहपुर की कृषि शाखा से संबंद्ध बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की वार्षिक साधारण आमसभा निम्नलिखित दिनांकों को समिति कार्यालय में आयोजित की जावेगी। संबंधित समितियों के सभी अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

| क्र | समिति का नाम | आमसभा की दिनांक | आमसभा का स्थान | आमसभा का समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीचली | 25.09.2023 | समिति कार्यालय चीचली | 11.00 बजे | |
| 2 | चरगांव | 25.09.2023 | समिति कार्यालय चरगांव | 01.30 बजे | |
| 3 | सिरेगांव | 25.09.2023 | समिति कार्यालय सिरेगांव | 02.00 बजे | |
| 4 | छैनाकछार | 24.09.2023 | समिति कार्यालय छैनाकछार | 03.30 बजे | |
| 5 | विपणन चीचली | 24.09.2023 | समिति कार्यालय चीचली | 03.30 बजे | |

नोट:- नियत समय पर गणपूर्ति के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घन्टे के लिए स्थगित की जावेगी। एवं आधा घन्टे बाद पुन: प्रारंभ की जावेगी जिसमे गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी।

**प्रबंधक**

## पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या वरि.मं.सा.प्र./ईपीएस/43/2023)**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए **https://ireps.gov.in** पर ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. | Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 94235593 | Supply of Chlorinated rubber Paint | 3000 LTR. | 09.10.2023 |
| 2 | 94235469 | PTFE TYPE NEUTRAL SECTION (PHASE BREAK) | 3 Sets | 09.10.2023 |
| 3 | 94235471 | DIESEL LOCO STARTER BATTERIES LEAD ACID BATTERY | 18 Nos. | 09.10.2023 |
| 4 | 94235389 | Supply of solid copper bus bar | 700 MTR. | 09.10.2023 |

*वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

**कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।**

## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

**सार्वजनिक नोटिस**

रा.प्र.क्र. / अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/09/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 15 | कंदेली | 4/65 | 2400 वर्गफुट | श्रीमति सुनीता शर्मा आ. अंचल शर्मा सा.सिंहपुर बड़ा जिला नरसिंहपुर | श्रीमति नीति नेमा आ. मुकेश कुमार नेमा निवासी तिलक वार्ड कंदेली नरसिंहपुर |

आज दिनांक- 13/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नरसिंहपुर जिला - नरसिंहपुर

क्रमांक / मण्डी / निर्माण / 23-24/ नरसिंहपुर, दिनांक 12.09.2023

**- निविदा आमंत्रण सूचना -**

प्रमुख अभियंता म. प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2023_MPSAM_307213_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 04.10.2023 को शाम 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म. प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी। नोट- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**

**कृषि उपज मण्डी समिति नरसिंहपुर जिला-नरसिंहपुर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Near Water Tank, Gadarwara, E-Mail-cmogadarwada@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 771/ई-टेण्डर/2023-24 गाडरवारा, दिनांक-12/09/2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_303581_1 13/09/2023 | हनुमान वार्ड में पार्क के सामने से श्री पुट्टी बाल्मीक के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (प्रो. नं. PW1-465-22-193) | 02 माह 728343.00 | 2000.00 7300.00 | 29.09.2023 |
| 2 | 2023_UAD_303582_1 13/09/2023 | नरसिंह वार्ड में मनोज जैन के घर से शंकर मंदिर तक रोड रिपेयरिंग कार्य। (प्रो. नं. PW1-465-23-013) | 02 माह 528045.00 | 2000.00 5300.00 | 29.09.2023 |
| 3 | 2023_UAD_303583_1 13/09/2023 | राजेन्द्र वार्ड में ग्यारसी कहार के मकान से बद्रीप्रसाद कौरव के मकान तक रोड निर्माण कार्य। (प्रो.नं. PW1-465-23-020) | 02 माह 573846.00 | 2000.00 5750.00 | 29.09.2023 |
| 4 | 2023_UAD_303585_1 13/09/2023 | माता वार्ड में बब्लू महाराज के मकान से खेतसिंह कहार तक एवं पाण्डे मुन्नीबाई, गुड्डू नेता तक रोड निर्माण कार्य। (प्रो.नं. PW1- 465-23-056) | 02 माह 573846.00 | 2000.00 5750.00 | 29.09.2023 |
| 5 | 2023_UAD_303586_1 13/09/2023 | माता वार्ड में बब्लू महाराज के मकान से खेतसिंह कहार तक एवं पाण्डे मुन्नीबाई, गुड्डू नेता तक नाली निर्माण कार्य। (प्रो.नं. PW1-465-23-057) | 02 माह 498995.00 | 2000.00 5000.00 | 29.09.2023 |
| 6 | 2023_UAD_303587_1 13/09/2023 | शास्त्री वार्ड में मनोज चौहान के घर से लालू सिंधी के घर तक नाली निर्माण कार्य। (प्रो. नं. PW1-465-23-026) | 02 माह 324167.00 | 2000.00 3300.00 | 29.09.2023 |
| 7 | 2023_UAD_303588_1 13/09/2023 | जगदीश वार्ड में अशोक नौरिया से रज्जू वंशकार तक रोड निर्माण कार्य। (प्रो. नं. PW1-465-23-018) | 01 माह 169102.00 | 1000.00 3400.00 | 29.09.2023 |
| 8 | 2023_UAD_291662_2 13/09/2023 | माता वार्ड में खेरापति मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (प्रो. नं. PW1-465-23-027 ) ( सांसद निधि) (द्वितीय आमंत्रण) | 01 माह 169323.00 | 1000.00 3400.00 | 29.09.2023 |
| 9 | 2023_UAD_291663_2 13/09/2023 | शिवाजी वार्ड में नया बस स्टेण्ड हनुमान मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य (प्रो.नं. PW1-465-23-050 ) ( सांसद निधि) (द्वितीय आमंत्रण) | 01 माह 170030.00 | 1000.00 3400.00 | 29.09.2023 |
| 10 | 2023_UAD_281437_3 13/09/2023 | परचानी के घर से हेमंत गूजर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।(विधायक निधि) (प्रो. नं. PW1-465-22-197) (तृतीय आमंत्रण) | 01 माह 135736.00 | 1000.00 2750.00 | 29.09.2023 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की. वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेंगा।

**(श्री पं. शिवाकान्त मिश्रा)** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

**(श्री सुरेन्द्र गूज़र)** सभापति लोक निर्माण शाखा, गाडरवारा

**(श्रीमती जयश्री चौहान)** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गाडरवारा

## कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा

दूरभाष - 07162-222346 वेबसाईट -www.chhindwaranagarnigam.com

ई-मेल- commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com, comm-cdw@mp.gov.in

### आम सूचना इश्तेहार

क्रमांक/3615/रा.शा./न.पा.नि./2023 छिंदवाड़ा, दिनांक 12/09/2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत भवनों के नामांतरण (बिंदु) क्र.05 में अंकित आवेदनकर्ता के नाम किया जाना है। आम इश्तेहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज संलग्न कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के नामे लिखित रूप में इस कार्यालयीन समय में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं दी गई समयाविधि के उपरांत नामांतरण (नाम परिवर्तन) कर दिया जावेगा। समयाविधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त दावे आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| अनु. क्र. | वार्ड क्रमांक | दुकान/भवन क्रमांक | वार्ड का नाम | आवेदनकर्ता नाम जिनका नामांतरण किया जाना है | पूर्व भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 41 | 280 | शहीद मेजर अमित ठेंगे वार्ड | श्री अजय कौशल पिता श्री प्रहलाद किशोर कौशल | 1. श्री पी.के. कौशल 2. श्री अवध कु. कौशल 3. सत्यभामा श्रीवास्तव पिता श्री प्रहलाद किशोर कौशल 4. प्रतिभा श्रीवास्तव पिता श्री प्रहलाद किशोर कौशल | रजिस्टर्ड हक त्यागपत्र के आधार पर |
| 2 | 33 | 22 | महात्मा ज्योतिबा फुले वार्ड | श्रीमती निधी जोसेफ पति श्री नसीम सुलेमानी | श्रीमती मनीषा राबर्ट पति स्व. श्री जॉन | पट्टा अनुबंध सहमति पत्र की छायाप्रति की प्रति |
| 3 | 41 | 227 | शहीद मेजर अमित ठेंगे वार्ड | श्री मनोहर गेडाम पिता श्री किसनजी गेडाम | श्री केसनजी गेडाम पिता श्री मसरोतिराव गेडाम | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 4 | 36 | 936 8-104 | समर्थ रामदास वार्ड | श्रीमती रत्ना जैन पति श्री प्रमोद जैन | श्रीमती अमृता गुप्ता पति श्री रावेन्द्र गुप्ता | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 5 | 42 | 237 | महावीर वार्ड | श्री विपिन पालीवाल पिता श्री सुदामा प्रसाद पालीवाल | स्व. श्रीमती रामवती बाई पति स्व. श्री सुदामा प्रसाद | रजिस्टर्ड वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति शपथ पत्र के आधार पर |
| 6 | 42 | 237/1 | महावीर वार्ड | 1. श्रीमती अर्चना पालीवाल पति स्व. श्री श्री भरत पालीवाल 2. श्री प्रियांशु पालीवाल | स्व. श्रीमती रामवती बाई पालीवाल पति स्व. श्री सुदामा प्रसाद पालीवाल | रजिस्टर्ड वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति शपथ पत्र के आधार पर |
| 7 | 25 | 305 | छत्रपति शिवाजी वार्ड | 1. श्री किशोर कपाले पति श्री गजानंद कपाले 2. श्री चन्द्रभान कपाले पिता श्री गजानंद कपाले | श्रीमती ढमी बाई कपाले पति श्री गोबरया जी कपाले | मृत्यु प्रमाण पत्र न्यायालय नजूल के आधार पर |
| 8 | 36 | 683 | भरता देव वार्ड | श्री प्रदीप घोरके पिता श्री शिवाजी घोरके | श्री परसराम घोरके पिता श्री पाण्डुरंग घोरके | फौती के आधार पर |
| 9 | 31 | 271 | छोटी माता वार्ड | श्रीमती फईमुन्निशा पति स्व. श्री रमजान खान | स्व. श्री रमजान खान पिता श्री रहमान खान | खसरा एवं सहमति शपथ पत्र नोटरी द्वारा की प्रति के आधार पर |
| 10 | 43 | 611 | षष्ठी माता मंदिर वार्ड | श्रीमती सिम्मी साहू पति श्री संजय साहू | श्री राममोहन चंडोक पिता श्री अचरजलाल चंडोक | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 11 | 45 | 1127/बी 308/3 | महर्षि बाल्मिकी वार्ड | 1. श्री ब्रजलाल सत्यार्थी पिता छोटेलाल सत्यार्थी 2. श्रीमती रामकुमारी सत्यार्थी पति श्री ब्रजलाल सत्यार्थी | 1. श्री विशाल सिक्का पिता श्री दिनेश सिक्का 2. श्रीमती हर्षा सिक्का पति श्री विशाल सिक्का | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 12 | 31 | 197 | छोटी माता वार्ड | 1. श्री समीउल्ला अंसारी 2. मो. सगीर अंसारी पिता श्री शेख अब्दुल्ला अंसारी | श्रीमती आजरा बी पति श्री शेख अब्दुल्ला | संशोधित खसरा के आधार पर |
| 13 | 45 | 645 | महर्षि बाल्मिकी माता वार्ड | श्री मो. जफर कुरैशी पिता श्री अब्दुल मन्नान कुरैशी | स्व. श्री रफीकुन्निशा | राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र एवं रजिस्टर्ड दानपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 14 | 23 | 120 | संत रविदास माता वार्ड | श्री रामचरण मंडराहा पिता स्व. श्री चौखेलाल मंडराहा | स्व. चौखेलाल मंडराहा पिता स्व. श्री होरीलाल मंडराहा | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नजूल भूमि का स्थाई पट्टा न्यायालय कलेक्टर महो. द्वारा धारणाधिकारी के आधार पर |
| 15 | 35 | 57 | कुलबहरा वार्ड | श्री योगेश राउत पिता श्री लक्ष्मण राउत | श्रीमती गंगाबाई पति श्री लक्ष्मण राउत | राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र के आधार पर |
| 16 | 37 | 634 | चंदन नगर वार्ड | श्री संजय सदारंग पिता श्री प्रकाश सदारंग | श्री गेंदराव सदारंग पिता श्री यादोराव सदारंग | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 17 | 14 | 444 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड | श्री अमिताभ चौहान पिता श्री स्व. नारायण सिंह चौहान | श्री स्व. नारायण सिंह चौहान पिता श्री जगन्नाथ चौहान | पारिपारिक व्यवस्था नोटरी द्वारा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 18 | 48 | 463 | पंचवटी वार्ड | श्री जितेन्द्र भारत पिता फेडरिक | फेडरिक भारत पिता श्री अल्फ्रेड | राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र एवं संशोधित पावती के आधार पर |
| 19 | 29 | 518 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड | 1. श्रीमती उमा साहू पति स्व. श्री सुमेरचंद साहू 2. श्री कल्पेश साहू पिता स्व. श्री सुमेरचंद साहू | श्री स्व. सुमेरचंद साहू पिता श्री लाखू साहू | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रजिस्ट्री के आधार पर |
| 20 | 29 | 456 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड | श्री हेमन्त साहू पिता श्री जयशंकर प्रसाद | श्री स्व. कपूरचंद साहू पिता श्री त्रिलोकचंद साहू | मृत्यु प्रमाण पत्र नोटरी वसीयतनामा राजस्व आदेश अनुवृत्ति पत्र के आधार पर |
| 21 | 23 | 358 | संत रविदास वार्ड | श्री महेश कुमार साहू पिता रामप्रसाद साहू | श्री ईश्वरी प्रसाद चौरसिया पिता श्री रूपचंद चौरसिया | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 22 | 14 | 669 | चंद्रशेखर आजाद वार्ड | श्री प्रीतम सिंह मालवीय पिता श्रीचंद मालवीय | श्रीमती रामकली मालवीय पति श्रीचंद मालवीय | रजिस्ट्री के आधार पर |
| 23 | 38 | 483/1 | समर्थ रामदास वार्ड | श्रीमती सरला उइके पति श्री अरूण उईके | श्री रेखलाल उइके पिता श्री जिन्दू उइके | रजिस्ट्री के आधार पर |

**प्राधिकृत अधिकारी - नगर पालिक निगम, छिंदवाड़ा**


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# देश-प्रदेश





उ वा च

## पूर्व आर्मी चीफ मनोज नरवणे ने दिखाई ड्रैगन को उसकी औकात

**नई दिल्ली।** चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के लिए कुख्यात है। चीन इस नीति के जरिए अपनी सीमा के आस-पास के इलाकों पर कब्जा कर चुका है। तिब्बत को चीन ने सालों पहले हथिया लिया अब उसकी तिरछी नजर ताइवान पर भी है। चीन समय-समय पर अपनी सीमाओं को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करने वाले मैप जारी करता रहा है। चीन की इसी करतूतों पर पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज नरवणे ने एक ट्वीट के जरिए कटाक्ष किया है। अपने एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर नरवणे ने एक मैप शेयर किया है। तस्वीर शेयर करने के साथ नरवणे ने लिखा, आखिरकार किसी को चीन का असली मैप मिल गया।



# विशेष सत्र से पहले नए भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

**नई दिल्ली।** अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है।

इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे।

विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस हुई हमलावर

## अडानी मामले में जेपीसी की मांग जारी रहेगी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक साफ न होने से कांग्रेस पार्टी लगातार नाराज है। कांग्रेस पार्टी ने साफ कर दिया है कि अडानी मामले में उसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित जांच कराने की मांग जारी रहेगी। विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक साफ न होने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज करते हुए कहा कि यह सिर्फ दो ही लोगों पता है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आज 13 सितम्बर है। संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र आज से पांच दिन बाद शुरू होगा। लेकिन सिर्फ एक व्यक्ति को (शायद वो दूसरे को भी) छोड़कर किसी को भी इसके एजेंडे की जानकारी नहीं है। जबकि पिछले प्रत्येक अवसर पर,जब विशेष सत्र या विशेष बैठकें आयोजित की जाती थी, तो कार्यसूची पहले से तय होती थी। वहीं अडानी मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से दोहराया है कि समूह के खिलाफ जो आरोप लगें हैं,उसकी जांच जेपीसी से कराई जानी चाहिए।

---

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/160 दिनांक 13.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. नीता वर्मा 2. श्रीमती नीरजा मित्तल 3. श्री नितिन कुमार अग्रवाल 4. श्री अनुराग अग्रवाल पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने मकान नं. 09 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 2785+800 व.फु. प्रथम तल 2000 व.फु. द्वितीय तल 3409 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/159 दिनांक 13.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शशांक वर्मा पिता श्री राकेश वर्मा मकान नं. 796/13 एफ-102 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 502 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### न्यायालय तहसीलदार राांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0072/अ-20(1)/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यालय प्राचार्य सी.एम. राईज शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय करौंदी ग्राम जबलपुर का पत्र क्र. 02/08/2023 के द्वारा सी.एम. राईज शास. कन्या उमावि. करौंदी ग्राम को भवन निर्माण हेतु ग्राम करौंदी के खसरा नं. 34/1 रकवा 2.854 हे. ख.नं. 34/15 रकवा 0.348 हे. ख.नं. 34/16 रकवा 0.542 हे. कुल रकवा 3.744 हे. भूमि आवंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न करौंदी ग्राम को भवन निर्माण हेतु ग्राम करौंदी के खसरा नं. 34/1 रकवा 2.854 हे. पर शासकीय मध्यप्रदेश शासन ख.नं. 34/15 रकवा 0.348 हे. पर शासकीय मध्यप्रदेश शासन, ख.नं. 34/16 रकवा 0.542 हे. पर शासकीय मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/09/2023 को इस न्यायालय तहसील राांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08/09/2023
पेशी दिनांक 21/09/2023

**तहसीलदार**
र.नं.- 1171 **राांझी जबलपुर**

### Change of name

I, DEEPAK SINGOURE (दीपक सिंगौर) son of LATE SHRI FAGOO LAL SINGOURE lately called DEEPAK KUMAR SINGOURE (in some documents DEEPAK KUMAR SINGOURE/SINGORE) son of LATE SHRI FAGOO LAL SINGOURE employed as CCI at PCCM office, WCR, Jabalpur (residing at 14 Pink city bilhari Jabalpur ) do hereby wholly renounce, relinquish and abandon on the use of my former name of DEEPAK KUMAR SINGOURE and in place thereof do assume from now on wards i.e.12.09.2023 thereof the name of DEEPAK SINGOURE, son of LATE SHRI FAGOO LAL SINGOURE and so that I may hereafter be called, known by my assumed name of DEEPAK SINGOURE, son of LATE SHRI FAGOO LAL SINGOURE.For the purpose of evidencing such determination, declare that I shall at all times hereafter in all Government and Private records, whatever use and sign the name of DEEPAK SINGOURE (दीपक सिंगौर) as my name in place of and in substitution for my former name of DEEPAK KUMAR SINGOURE / SINGORE.

New name - DEEPAK SINGOURE (दीपक सिंगौर)
Old name - DEEPAK KUMAR SINGOURE
RN1173

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0188/ अ-20( 1 )/2022-23
जबलपुर, दिनांक 12/09/2023

**आम इश्तहार**

आवेदक मुकेश कुमार अनंत पिता स्व. श्री बलराम अनंत निवासी 107 ए.ए.पी.आर. कालोनी कटंगा जबलपुर पटवारी हल्का गोरखपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाता प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 29.09.23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **स्थाई पट्टे का विवरण**- खसरा नम्बर- 773/6, 774/6, 775/5, 776/9, प्लाट नं. 107ए, रकवा-1000, भूमि स्वामी- मुकेश कुमार अनंत, भू-भाटक 540/- रुपये प्रति वर्ष।

जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 29/09/2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**
र.नं. 1166

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0189/ अ-20( 1 )/2022-23
जबलपुर, दिनांक 12/09/2023

**आम इश्तहार**

आवेदक शोभना खरे पति आर.के. खरे निवासी 91 ए.ए.पी.आर. कॉलोनी कटंगा जबलपुर पटवारी हल्का गोरखपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाता प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 29.09.23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियों को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **स्थाई पट्टे का विवरण**-खसरा नम्बर- 773/7, 774/7, 775/6, 776/10, प्लाट नं. 91ए, रकवा-1650, भूमि स्वामी- शोभना खरे, भू-भाटक 613/- रुपये प्रति वर्ष।

जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 29/09/2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**
र.नं. 1163

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहन के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।

1) Ashok Leyland Dost GOODS MP28ZB8125 YOM 2022
2) TATA_YODHA_TATA_MOTORS MP20GB6406 YOM 2022

मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है। इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के **5 दिनों** के भीतर यानी **18.09.2023** को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाईन/ ऑफलाईन) दे सकते हैं

**शाखा का पता :**
**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**
846, छत्रपती भवन, निवार गंज एक्सटेंशन, राईट टॉउन जबलपुर (म.प्र.)
**संपर्क : धीरज पाण्डे**
**कोटक महिंद्रा बैंक लि.**
**संपर्क : 9522200929**
ई-मेल : Dheerajkumar.pandey@kotak.com

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0187/ अ-20( 1 )/2022-23
जबलपुर, दिनांक 12/09/2023

**आम इश्तहार**

आवेदक मधुकर राव पिता स्व. श्री सूर्यनारायण राव निवासी 68 ए.ए.पी.आर. कॉलोनी कटंगा जबलपुर पटवारी हल्का गोरखपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाता प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 29.09.23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियों को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। **स्थाई पट्टे का विवरण**-खसरा नम्बर- 773/52, 774/52, 775/52, 776/52, प्लाट नं. 68, रकवा-1500, भूमि स्वामी- मधुकर राव, भू-भाटक 540/- रुपये प्रति वर्ष।

जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 29/09/2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**
र.नं. 1167

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर -जबलपुर

रा.प्र.क्र./0707/अ -6/2023-2024

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवेदिका श्रीमती विमलेश श्रीवास्तव पति स्व. राजेश श्रीवास्तव व अन्य निवासी म./ब्लाक नं. 01 हाथीताल कालोनी गोरखपुर जबलपुर के द्वारा मौजा हाथीताल प.ह.नं. 24/2 खसरा नं 29/1 डाय. शीट नं.753 रकवा 775 वर्गफुट को रजि. विक्रय पत्र... के माध्यम से विक्रेता रोहणी प्रसाद बर्मन पिता परमू ढीमर (बर्मन) से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अलिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारानामा/ हस्तान्तरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 26/09/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/09/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 12/09/2023**
**पेशी दिनांक 26/09/2023**

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**
र.नं. 1168

### न्यायालय अपर कलेक्टर (राांझी), जबलपुर

क्रमांक/096/अपर कले./राांझी 2023
जबलपुर, दिनांक 05/09/2023

**आम इश्तहार**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अशोक कुमार जैन पिता स्व. एस.एल. जैन, उम्र 78 वर्ष, निवासी-793, डॉ. बराट रोड, नेपियर टाउन, जबलपुर के द्वारा सिविल स्टेशन नजूल ब्लाक नं. 5 प्लाट नं. 14/36, 14/37, 14/38 कुल रकवा 16556 वर्गफुट आवासीय भूमि स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किये जाने हेतु म.प्र. शासन राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल क्रमांक एफ-6-75-2019- सात-शा. तीन भोपाल दिनांक 24 सितम्बर 2020 म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश अध्याय 8 के प्रारूप 15 में आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड पर शासकीय अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर इस न्यायालय में प्रचलित कार्यवाही के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर सूचना जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय अपर कलेक्टर राांझी जबलपुर के कक्ष क्रमांक 42 में लिखित रूप में अपना पक्ष/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। तदोपरांत प्रकरण में अग्रिम कर्यवाही की जावेगी।

**अपर कलेक्टर जबलपुर**
र.नं. 1170

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं SUNITA DEVI is legally wedded spouse of Army No 10545640W RANK HAV NAME RAMESH SORAN of Presently residing at Vill-AMARPURA, P/O- AJITPURA TEH- BHADRA, DISTT- HANUMANGARH (RJ) PIN-335501 शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम SUNITA DEVI to SUNITA परिवर्तित हुआ है। इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र No 36AA 597085 दिनांक 13/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम - SUNITA DEVI
सही नाम - SUNITA

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं SUSHMA KUMARI is legally wedded spouse of Army No 10545651H RANK HAV NAME SANJEEV KUMAR of Presently residing at Vill-JAKH CHANDLA, P/O-JAKH TEH- SAMBA, DISTT- JAMMU (J&K) PIN-184120 शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम SUSHMA KUMARI to SUSHMA DEVI परिवर्तित हुआ है। इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र No 36AA 597086 दिनांक 13/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम - SUSHMA KUMARI
सही नाम - SUSHMA DEVI

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/ एम/28 दिनांक 13.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मो. सलीम अहमद, पिता- अब्दुल करीम** ने मकान नं. 694, **वार्ड-लोक मान्य तिलक,** कुल क्षेत्रफल 1714 व.फु. , निर्मित क्षेत्रफल 2770 व.फु., भूतल 500 व.फु., 1214 व.फु. कमर्शियल,, प्रथमतल 1056 व.फु. रहवास, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-12 घंटाघर**
**नगर निगम जबलपुर**

### न्यायालय तहसीलदार राांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./1672/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रविन्दर पाल तलूजा/स्व. महिन्दर पाल सिंह नि.-598 जी.सी.एफ. रोड साउथ सिविल लाइन ने नजूल ब्लाक नं. 92 प्लाट नं.1/3, 2/3, निर्मित रकवा/रकवा 1605 व.फु. /अवि. हिस्सा...ग्राम ... प.ह.नं... खसरा ....रकवा ... व.फु./ हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/ दान पत्र/वारसान हक दिनांक ..... मृत्यु दिनांक 19/07/1994 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.92 प्लाट नं.1/3, 2/3, निर्मित रकवा/रकवा 1605 व.फु. /अवि. हिस्सा...ग्राम ... प.ह.नं... खसरा ....रकवा ...व.फु./ हे. सरदार महेन्द्र सिंह/अमरजीत सिंह वल्द सरदार प्रताप सिंह के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/09/2023 को इस न्यायालय तहसील राांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 04/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 04/09/2023
पेशी दिनांक 20/09/2023

**तहसीलदार राांझी जबलपुर**
र.नं.- 1694

### न्यायालय तहसीलदार राांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0569/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आलोक मेहरोत्रा/एल.एन. मेहरोत्रा एवं अन्य नि.-629 डेनिंग रोड पुलिस स्टेशन साउथ सिविल लाईन के पास ने नजूल ब्लाक नं. 22 प्लाट नं.7, निर्मित रकवा/रकवा 1350 व.फु. /अवि. हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं... खसरा ....रकवा ...व.फु./ हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/वसीयतनामा/ दान पत्र/वारसान हक दिनांक ..... मृत्यु दिनांक 25/01/1987 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 22 प्लाट नं.7, निर्मित रकवा/रकवा 1350 व.फु. /अवि. हिस्सा...ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं... खसरा ....रकवा 1815 व.फु./ हे. श्रीमती लक्ष्मी मल्होत्रा/ लक्ष्मी नारायण मल्होत्रा के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/09/2023 को इस न्यायालय तहसील राांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 22/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 22/08/2023
पेशी दिनांक 20/09/2023

**तहसीलदार राांझी जबलपुर**
र.नं.- 1172

### न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल-अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./1486/अ/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अखिलेश ताम्रकार पिता स्व. लक्ष्मीचंद ताम्रकार निवासी-1868 हनुमानताल जबलपुर तह. व जिला जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक .... दिनांक.... को वसीयतनामा/बटवारानामा/ रिकार्ड दुरूस्त/भूमि विक्रय आवंटन/ हस्तांतरण पत्र/ हक त्याग पत्र/ दान पत्र/ दस्तवरदारी/तबादलानामा के माध्यम से ग्राम गोहलपुर नं.बं. 601 प.ह.नं. 29 तह. व जिला जबलपुर में स्थित खसरा नं.... प्लाट नंबर 123/1 ब्लाक नं.... रकवा 5034.18 में से... हे./वर्ग. भूमि पर विक्रेता/अनावेदक... पिता/पति... निवासी... तह. व जिला जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने फौती नामांतरण एवं खसरा की छाया/सत्यापित प्रति संलग्न कर इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 20.9.2023 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/09/23 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक -12/09/23
पेशी दिनांक- 20/09/23

**नायब तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**
र.नं.-1169

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0080/अ-20 (1) / 2023-24 जबलपुर दिनांक / /2023

**आम इश्तहार**

आवेदक कमलेश सहगल पिता सूरज सहगल निवासी 126 ए. ए.पी.आर. कॉलोनी कटंगा जबलपुर ग्राम गोरखपुर, हल्का गोरखपुर, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख. 29/9/23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण

| खसरा नम्बर | प्लाट नं. | रकवा | भूमि स्वामी | भू भाटक |
|---|---|---|---|---|
| 773/11, 774/11, 775/10, 776/14 | 126 ए | 1500 | कमलेश सहगल | 558/- रूपये प्रतिवर्ष |

जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 29/09 /2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 104/अ-20 (1) / 2023-24 जबलपुर दिनांक 12/09/2023

**आम इश्तहार**

आवेदक मनोज सूरी पिता स्व. बलराज सूरी निवासी 143 ए.पी.आर. कॉलोनी कटंगा जबलपुर ग्राम गोरखपुर, हल्का गोरखपुर, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख. 29/9/23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण

| खसरा नम्बर | प्लाट नं. | रकवा | भूमि स्वामी | भू भाटक |
|---|---|---|---|---|
| 773/7/12/1 | 143 | 1250 | मनोज सूरी | 465/- रूपये प्रतिवर्ष |

जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 29/09 /2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0103/अ-20 (1) / 2023-24 जबलपुर दिनांक 12/09/2023

**आम इश्तहार**

आवेदक कमलेश सहगल पिता सूरज सहगल निवासी 127 ए.पी.आर. कॉलोनी कटंगा जबलपुर ग्राम गोरखपुर, हल्का गोरखपुर, तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख. 29/9/23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण

| खसरा नम्बर | प्लाट नं. | रकवा | भूमि स्वामी | भू भाटक |
|---|---|---|---|---|
| 773/7/12 | 127 | 1000 | कमलेश सहगल | 372/- रूपये प्रतिवर्ष |

जारी दिनांक 12/09/2023
पेशी दिनांक 29/09 /2023

**अपर कलेक्टर जबलपुर**

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता (नगर संभाग दक्षिण)

**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.जबलपुर**

E-mail: eecitysouthjbp@gmail.com

क्र. काअ / नसद /क्रय/1377 जबलपुर, दिनांक 13.09.2023

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. जबलपुर के नगर संभाग दक्षिण न.ब- 162, पटवारी हल्का नंबर - 24 मौजा चौकीताल, खसरा क्रमांक (समस्त). रकबा (कुल) 0 6640 हेक्टेयर में स्थित अघोषित अवैध कॉलोनी के बाह्य विद्युतीकरण हेतु प्राक्कलन स्वीकृत किया जा रहा है ।

उक्त स्वीकृत प्राक्कलन के आधार पर वित्तीय वर्ष 23-24 हेतु विद्युतीकरण की लागत रूपये 10666.53/- प्रति किलोवाट है । इस विद्युतीकरण में वांछित अधोसंरचना निरंक नग 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निरंक किलोमीटर 33 के व्ही लाईन, 0.106 किलोमीटर 11 के.व्ही लाईन, 0.2 किलोमीटर निम्न दाब लाईन तथा 1 नग वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना सम्मिलित है।

**कार्यपालन अभियंता (न.सं.द.)**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि. जबलपुर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रमांक-1 जबलपुर

निविदा सूचना क्रमांक 17 वर्ष 2023-24 / **टेन्डर लिपिक** जबलपुर, दिनांक 08.09.2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर ऑनलाईन भुगतान कर वेबसाइड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्रं. | ई. टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ईएमडी टेंडर फीस एवं निविदा से संबंधित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2023_PWDBR_306515_1 | जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रशासनिक एवं सभागार भवन में फलश डोर पी वी सी डोर एल्यूमीनियम खिड़की लगाने का कार्य एवं अन्य कार्य तथा विभिन्न इलेक्ट्रिकल से संबंधित कार्य। | प्रथम | 93.91 | 93910.00 | 10000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु छोड़कर | केवल ऑनलाईन |
| | | **कुल योग** | | **93.91** | | | | |

टीपः - (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18.09.2023, 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियां एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाइन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग क्रमांक 1 जबलपुर**

G-19620/23 **दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**

### जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में नियुक्त किये जाने वाले विषय विशेषज्ञ एवं कर्मचारीवृन्द की नियुक्ति हेतु नियम व शर्ते

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में रिक्त पदों के लिए निर्धारित मानदेय एवं संविदा पर नियुक्ति किया जाना है। इस हेतु निर्धारित आवेदन पत्र में दिनांक 27 सितम्बर 2023 समय शाम 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, निर्धारित तारीख एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगें। आवेदन बंद लिफाफे में निम्न पते पर या स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते है या पंजीकृत डाक से निम्न पते पर भेजे जा सकते है। डाक द्वारा भेजे गये आवेदन दिनॉक 27 सितम्बर 2023 दिन बुधवार को समय शाम 5.00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिये।

**पता - सचिव, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र ( जिला चिकित्सालय परिसर ) जिला- सिवनी**

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हतायें | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट | 1 | बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) | 20500.00 |
| 2 | सीनियर प्रोस्थेटिस्ट / आर्थोटिस्ट | 1 | आरसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (बी.पी.ओ.) में स्नातक | 20500.00 |
| 3 | सीनियर स्पीच थेरापिस्ट ऑडियोलॉजिस्ट | 1 | ऑडियोलॉजी और स्पीच एंड लैग्वेज पैथोलॉजी (बी.ए. एस.एल.पी.) में स्नातक या बैचलर ऑफ सांइस (बी. एससी) स्वीच एंड हियरिंग | 20500.00 |
| 4 | एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर | 1 | स्नातकोत्तर एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव | 18000.00 |
| 5 | ट्रान्स डिसीप्लिनरी स्पेशल एडुकेटर (एम.आर.) | 1 | वी.आई. /आई.डी./सी.पी./ए.एसडी/एम.डी. / डी.बी. / एस.एल.डी. में डी.ई.डी.एस.ई. / बी.ई.डी.एस.ई. | 16000.00 |
| 6 | मल्टीपरपज रिहेब्लीटेशन वर्कर | 1 | बहुउदेश्यीय पुनर्वास कार्यकर्तापात्रता समुदाय आधारित पुनर्वास (पी.जी.डी.सी.बी.आर) में पोस्ट ग्रेजुएट / समुदाय आधारित पुनर्वास (डी.सी.बी.आर.) / समुदाय आधारित समावेशी विकास (सी.बी.आई.डी.) / एम. आर. डब्ल्यू में डिप्लोमा | 14500.00 |
| 7 | वेकेशनल काउंसलर कम कम्प्यूटर असिस्टेंट | 1 | व्यासससायिक पुनर्वास में डिप्लोमा (डीवीआर ) / बाल मार्गदर्शन और परामर्श में एडवांस डिप्लोमा एडीसीजीसी / पुनर्वास विज्ञान में स्नातक | 14500.00 |
| 8 | अटेंएडेट कम प्यून कम मेसेन्जर | 1 | 8 वीं पास | 9500.00. |
| 9 | चौकीदार | 1 | 8 वीं पास | कलेक्टर दर पर (अकुशल श्रमिक) |

**नियुक्ति की शर्ते-**

01. कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि विज्ञापन में प्रकाशित अंतिम तिथि के अंदर होगी। आवेदन पत्र सादे सीलबंद लिफाफे पर सचिव जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी (म.प्र.) के नाम से प्रेषित किये जावे कवर पेज पर (संविदा) नियक्ति हेतु आवेदन लिखा जावे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
02. यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा पर एक वर्ष के लिये रहेगी, किसी भी एक पक्ष द्वारा एक माह के नोटिस पर किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। एक वर्ष पश्चात् सेवाये संतोषप्रद पाये जाने पर पुनः सेवा में वृद्धि हो सकेगी।
03. चरित्र सत्यापन में अयोग्य पाये जाने पर बिना सूचना के नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी।
04. जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र में आयोग्य घोषित किये जाने पर सेवाये समाप्त कर दी जावेगी।
05. आवेदन पत्र के साथ फोटोग्राफ चाही गई शैक्षणिक योग्यता अंकसूची / डिप्लोमा, जन्म प्रमाण पत्र, म.प्र. के मूल निवासी प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये) सत्यापित प्रति संलग्न करना होगा।
06. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन विज्ञापन जारी होने के पूर्व होना अनिवार्य है।
07. विषय विशेषज्ञ के पदो के लिए आर.सी.आई. से पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य है। नियुक्ति दिनांक से कम से कम एक वर्ष की वैधता हो।
08. नियुक्त व्यक्ति के शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं संबंधी प्रमाण पत्रों में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर सेवाये समाप्त कर दी जावेगी।
09. 01-01-2023 की स्थिति में 21 वर्ष पूर्ण होना चाहिए एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिये। शासन के निर्देशानुसार आयु में छूट प्रदान की जावेगी।
10. 26 जनवरी 2001 के बाद दो से अधिक जीवित बच्चों वाले उम्मीदवार आवेदन / नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें।
11. चयन समिति के निर्णय के अनुसार चयन प्रक्रिया की कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी।
12. डाक एवं अन्य किसी भी कारण से आवेदन विलंब से प्राप्त होने के लिये कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगी।
13. बिना समक्ष अधिकारी की अनुमति / निर्देश के कोई भी सूचना / जानकारी किसी अन्य व्यक्ति या विभाग को नहीं देना तथा कार्यालय की गोपनीयता भंग नहीं करेगा।
14. चयनित को संविदा में नियुक्ति का आदेश प्राप्त होने पर तत्काल नियुक्ति अधिकारी के साथ 50 रूपये के नान ज्यूडिशियल स्टॉप पर करारनामा निष्पादित करना होगा। साथ ही तीन माह के वेतन के सामतुल्य धनराशि का बान्ड भी भरवाया जावेगा। यदि वह नियम संविदा अवधि के पूर्व से त्याग पत्र देकर अन्यत्र स्थान पर पदभार ग्रहण करता है तो उसे उक्त राशि शासन के पास जमा करनी होगी उक्त समस्त व्यय उम्मीदवार को स्वयं वहन करा होगा।
    परीक्षा / साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
    किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय कलेक्टर सिवनी अध्यक्ष जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी का निर्णय अंतिम होगा।
15. समस्त चयन प्रक्रिया के दौरान कलेक्टर को अधिकार होगा कि वह किसी भी आवेदन को बिना कारण बताये निरस्त कर सकता है।
16. संविदा में नियुक्ति पश्चात कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से संविदा पर माना जावेगा।
17. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति बिना किसी विशिष्ट कारण रहे बिना सूचना के कर्त्तव्य से 01 माह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो संविदा नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जावेगी।
18. विज्ञापित पदों की संख्या में कमी या बढोत्तरी का अधिकार केक्टर को होगा।
19. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा 25/- की टिकिट लगा संलग्न करना होगा।

### जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में नियुक्त किये जाने वाले विषय विशेषज्ञ एवं कर्मचारीवृन्द के लिए आवेदन पत्र का नमूना

आवेदित पद का नाम -.....................................................................
01- आवेदक का पूरा नाम -.....................................................................
02- पिता/पति का नाम -.....................................................................
03- जाति एवं वर्ग - .....................................................................
अ.जा., अ.ज.जा., अन्य पिछडा वर्ग, सामान्य वर्ग (सक्षम अधिकारी का जाति प्रमाण पत्र संलग्न करे)

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चश्पा करे

04- लिंग - ( पुरुष / महिला)
05 वर्तमान पत्र व्यवहार का पूरा पता - .....................................................................
06- क्या आप म.प्र. मूल निवासी है - .....................................................................
(मूल निवासी प्रमाणपत्र संलग्न करें)
07- जन्म तारीख - .....................................................................
08 आयु- 01 अक्टूबर 2023 को आयु - वर्ष .........................माह .............................दिन...............................
(यदि आवेदक आयु में छुट चाहता है तो इसकी जानकारी का उल्लेख करें
09- शैक्षणिक योग्यता एवं व्यवसायिक योग्यता .....................................................................

| क्र. | परीक्षा का नाम / डिप्लोमा का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय / संस्था का नाम | वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित अंकसूची / डिप्लोमा की प्रति संलग्न करें)
10- रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक.....................दिनांक.............................
11- अनुभव -
(शासन से मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)
12 - क्या आप शासकीय / अशासकीय सेवा में कार्यरत है, तो पूर्ण विवरण
13- आवेदक के जीवित बच्चों की संख्या -
(दिनांक 26.1.2001 के पूर्व तथा बाद के बच्चो की संख्या)
14- राष्ट्रीयता -
15- दिव्यांगता के कार्यक्षेत्र में विशेष अनुभव विवरण पूर्ण विवरण -
दिनांक -

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम -
मोबाईल नम्बर -

**घोषणा पत्र**

मैं, यह शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ / करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी मेरे स्वज्ञान से पूर्णतः सत्य है। यदि उपरोक्त दी गई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरी नियुक्ति निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
दिनांक -

आवेदक के हस्ताक्षर
नाम -

G-19657/23 **दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 14 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# अपराधियों से मुक्त संसद दूर की कौड़ी

स्वस्थ लोकतंत्र का आधार साफ-सुथरे चरित्र के जनप्रतिनिधि होते हैं। प्राचीन काल से अब तक यह मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ऊंचे ओहदे पर बैठा हो, उसका चरित्र और व्यवहार बेदाग हो। आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों से न तो कानूनों के निर्माण में ईमानदारी बरतने की उम्मीद की जा सकती है और न ही उसके क्रियान्वयन की। अगर वे देश की सबसे ऊंची पंचायत यानी संसद में बैठे हों जहां से देश की तमाम गतिविधियों का संचालन होता हो, तो उनके निर्मल व उज्ज्वल चरित्र की अपेक्षा सर्वाधिक होना अपेक्षित ही है। किसी भी देश की परिस्थितियों का निर्धारण संसद में जनता की नुमाइंदगी करने वालों के चरित्र से होता है। देश व समाज को दिशा देने वाले तथा उसकी नियति तय करने वाले ही अगर भ्रष्ट हों तो, हत्यारे हों, अपहरणकर्ता हों तो वे कैसा समाज बनायेंगे, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

भारत की मौजूदा दुर्दशा के अनेक कारण गिनाये जा सकते हैं लेकिन उनमें से एक प्रमुख कारण यह है कि हमारी संसद अपराधी तत्वों से भरी पड़ी है। दुनिया के विकसित एवं लोकतांत्रिक तौर पर परिपक्व राष्ट्रों की संसदों में चरित्रवान और कुशाग्र लोगों को भेजने की होड़ होती है। अपवाद स्वरूप कुछ लोग हो सकते हैं जो आपराधिक रिकार्ड के साथ संसद में जा बैठते होंगे, परन्तु भारतीय संसद में उनका जैसा बड़ा जमावड़ा है वह देश के लिये बहुत घातक है। कानून तोड़ने वाले और लोकतंत्र एक साथ नहीं चल सकते। जिस बड़े पैमाने पर अपराधी चुनकर संसद में बैठते हैं, अगर जनता की वही पसंद है तो कहा जा सकता है कि ऐसी जनता अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मार रही है और उसे खुद के या अपनी भावी पीढ़ियों के लिये अच्छे भविष्य की उम्मीद नहीं करनी चाहिये।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की ताज़ा रिपोर्ट जो संकेत दे रही है, उससे ऐसी चिंता होनी स्वाभाविक है। यह रिपोर्ट लोकसभा व राज्यसभा की 776 सीटों में से 763 मौजूदा सांसदों के हलफनामों का अध्ययन कर तैयार की गई है जिनमें उन्होंने अपनी जानकारी चुनावी प्रपत्र के साथ प्रस्तुत की थी। लोकसभा की चार एवं राज्यसभा की एक सीट खाली है तथा जम्मू-कश्मीर की सीटों की स्थिति अभी साफ नहीं है। इसलिये इन सीटों के सांसदों का अध्ययन इस रिपोर्ट में शामिल नहीं है। जो जानकारी इन सांसदों ने दी है, उसके मुताबिक मौजूदा 763 सांसदों में से 306 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 194 के विरूद्ध प्रकरण गम्भीर किस्म के हैं जो हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से सम्बन्धित हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के नेताओं का साम्राज्य एक तरह से देश भर में फैला हुआ है जिसके लिये राज्य और पार्टियों की कोई सीमाएं नहीं हैं। गम्भीर किस्म के आपराधिक रिकार्ड वाले सांसद अनेक राज्यों और ज्यादातर दलों के है। यानी हमाम में सारे नंगे हैं। पार्टीवार आपराधिक रिकार्ड के सांसद इस प्रकार हैं- भारतीय जनता पार्टी के 385 में 139 (36 प्रतिशत), कांग्रेस 81 में 43 (53 प्रश), तृणमूल कांग्रेस के 36 में 14 (39 प्रश), राष्ट्रीय जनता दल के 6 में 5 (83 प्रश), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 8 में 6 (75 प्रश), आम आदमी पार्टी के 11 में 3 (27 प्रश), वाईएसआर कांग्रस पार्टी के 31 में 13 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 8 में 3 (36 प्रश)।

यह किसी भी देश के लिये शुभ संकेत नहीं है। संसद को अपराधियों की शरण स्थली न बनाने के लाख दावों के बावजूद प्रमुख दल इसका पालन करते नहीं दिखते। एडीआर की ही पहले की एक रिपोर्ट में बतलाया गया था कि अपराधियों को राजनैतिक दल इसलिये टिकट देते हैं क्योंकि उनके जीतने की सम्भावना का प्रतिशत काफी अधिक होता है। फिर, यह ट्रेंड संसद तक ही सीमित नहीं है। राज्य स्तर पर विधानसभाओं और स्थानीय निकायों तक यही सिलसिला है जो ग्राम पंचायतों तक बदस्तूर कायम है। राजनीति में सारे हथकण्डों को जायज मान लेने का फैशन इस परम्परा को सघन कर रहा है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के पास बाहुबल और धनबल का अभाव न होने से पार्टियां टिकट देने के मामले में उन्हें तरज़ीह देती हैं। इससे पार्टी नेतृत्व का काम हल्का हो जाता है। ऐसे उम्मीदवारों को मदद देने के मामले में संगठन चिंतामुक्त हो जाते हैं। वे जानते हैं कि ऐसे लोग अपना इंतज़ाम स्वयं कर लेंगे।

अनेक मायनों में ये बुरे वक्त के संकेत हैं। लोकतंत्र के लिये बड़ा आवश्यक है कि प्रतिनिधि सभाएं अपराधियों से पूर्णत: मुक्त हों ताकि वे जनहित में साफ-सुथरे व निष्पक्ष निर्णय लें। आपराधिक तत्वों का संसद या विधायिका में बैठने का मतलब होता है कि वे अपने गिरोहों और गैरकानूनी कामों के लिए संरक्षण प्राप्त करते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी ताकत बेइंतिहा बढ़ जाती है। केन्द्र की हो या राज्य की सरकार, जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन- सारे उसके रूआब तले दबे रहते हैं। इसके कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। या तो उनके विरूद्ध मामले वर्षों लम्बित रहते हैं या फैसला उनके पक्ष में होता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे प्रकरण सामने आये हैं जिनमें कोई बलात्कार के आरोप से बेदाग छूटता है तो किसी में रिश्तेदार हत्या करके भी जेल जाने से बच जाते हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वे ऐसी न्याय व्यवस्था चाहते हैं जिसमें इन सदनों में बैठे लोगों के आपराधिक प्रकरणों का निपटारा थोड़े दिनों में अनिवार्य रूप से हो सके। ऐसा तो नहीं हुआ, उलटे आपराधिक रिकार्डधारी जनप्रतिनिधि कहीं अधिक दिख रहे हैं।

# भाषा के स्तर पर हीनता का भाव

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

8 से 10 तारीख तक जी-20 शिखर सम्मेलन कई कारणों से सुर्खियों में छाया रहा। आलीशान भारत मंडपम में एक रात की बारिश में पानी भर गया, गरीबों को छिपाने के लिए उन्हें उनके ही घरों में कैद कर, ऊपर से हरे पर्दे ढंक दिए गए, सड़क पर रहने वाले पशुओं को बेदर्दी के साथ बाड़ाबंद किया गया, सोने-चांदी के पानी चढ़े बर्तनों में मेहमानों को भोजन परोसा गया, सभी राष्ट्रों के मेहमान गांधी समाधि पर नमन करने गए और आखिर में चर्चा इस बात की भी रही कि दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई। प्रधानमंत्री मोदी ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ कितनी देर हाथ मिलाया, किसके साथ कैसी फोटो खिंचवाई, कौन आया, कौन नहीं आया, कोई नहीं आया तो उसके पीछे क्या कारण रहे, इन तमाम बातों पर भी चर्चाएं हुईं। इन सबके अलावा इंडिया हटाकर भारत कहने की मोदी सरकार की जिद भी जी-20 के मंच पर नजर आई। राष्ट्रपति के रात्रिभोज निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री मोदी के आगे प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया। भारत रोमन लिपि में लिखा गया, क्योंकि सभी विदेशी मेहमान देवनागरी से परिचित नहीं थे। उनके लिए इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़ भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है। हीनता अंग्रेजी और हिंदी की तुलना को लेकर, हीनता चमड़ी के रंग को लेकर। इसलिए भारत में आज भी गोरेपन की क्रीम का विज्ञापन धड़ल्ले से होता है। पहले केवल लड़कियों के गोरेपन तक बात सीमित थी, अब लड़कों को भी गोरा दिखाने की चाहत पैदा हो गई है। विवाह के विज्ञापन में शादी योग्य लड़के या लड़की में योग्यता का पैमाना सुंदर और गोरे होने से भी तय होता है। इस हीनभावना को दूर किया जा सकता है, अगर हम अपनी खासियत पर ध्यान दें और उन कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करें, जिनकी वजह से हम दुनिया के बाकी देशों से पिछड़े हुए हैं। सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की अच्छी व्यवस्था। देश के गांव-शहर साफ-सुथरे होना। काम और जाति के आधार पर किसी को छोटा या बड़ा न मानना। एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरुक होना और समाज को भी जागरुक करना। इंसानों के साथ-साथ प्रकृति के अन्य जीवों, जंगलों, नदी-पहाड़ों का सम्मान करना। ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना। ऐसी बहुत सी छोटी-छोटी बातों पर मेहनत करके हम दुनिया में आगे निकल सकते हैं। लेकिन आगे निकलने की जगह हम पिछड़ा होने की हीनता में ही उलझे हुए हैं।

> **इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़ भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है।**

इस हीनता को कभी विश्वगुरु के तमगे से हम दूर करना चाहते हैं और कभी अपने शहरों को विदेशी शहरों जैसा बनाने की चाहत से दूर करने की कोशिश करते हैं। हीनता का एक भाव भाषा के स्तर पर भी दिखाई देता है। इसका एक उदाहरण जी-20 में नजर आया।

अमेरिकी विदेशमंत्री की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड जी-20 के लिए दिल्ली पहुंची थीं और यहां उन्होंने कई लोगों से हिंदी में ही बातचीत की। इसके बाद तो मीडिया में सुश्री मैकलियोड की चर्चाएं होने लगीं। कई चैनलों में दिखाया गया कि वे कितनी धाराप्रवाह हिंदी बोल लेती हैं। हिंदी सीखने के बारे में मार्गरेट मैकलियोड ने बताया कि उन्होंने जब दिल्ली स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स में दाखिला लिया था तो वहां तो अंग्रेजी बोली जाती थी, लेकिन हॉस्टल में सहेलियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने हिंदी सीखी। मार्गरेट रिक्शेवालों के साथ भी हिंदी में बात करती थीं ताकि भाषा पर पकड़ मजबूत बने। मसूरी के एक संस्थान से उन्होंने हिंदी की शिक्षा ली, और व्याकरण मजबूत किया। इसके अलावा अमेरिका में हिंदुस्तानी समुदाय के बीच वे हिंदी में ही बातचीत कर अपनी भाषा को दुरुस्त करती हैं। हिंदी के अलावा मार्गरेट ने गुजराती भी सीखी थी, हालांकि अब वो अच्छे से बोल नहीं पाती हैं। इसके अलावा उर्दू और फ्रेंच भी उन्हें आती है।मार्गरेट मैकलियोड पहली अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, जिन्हें अच्छी हिंदी आती है या जिन्होंने शौक से हिंदी सीखी हो। न ही वे पहली विदेशी हैं, जिन्होंने हिंदी का ज्ञान प्राप्त किया है। आजादी से पहले भी और प्राचीन काल में जब हिंदी का खड़ी बोली वाला अस्तित्व नहीं था, लेकिन संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाएं चलन में थीं, तब भी विदेशी अध्येता भारत आते थे और यहां की भाषायी विविधता के सागर में डुबकी लगाते थे। कितने प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद अंग्रेजी समेत दूसरी विदेशी भाषाओं में हुआ है और इसी तरह विश्व साहित्य के अनूठे ग्रंथ भारतीय भाषाओं में अनूदित हुए हैं। भाषा और ज्ञान इसी तरह मिलजुल कर बांटने और प्रसारित करने से ही बढ़ता है। दुनिया सभ्यता के इस मुकाम तक पहुंची है तो इसके पीछे हमारे पुरखों की उदार दृष्टि ही रही है। लेकिन अब भाषा को संकुचित दायरे में बांधा जा रहा है।

अमेरिकी महिला की फर्राटेदार हिंदी पर लहालोट होने वाले लोग अपने आसपास नजर डाल कर देखें कि उनके घर-परिवार की नयी पीढ़ी के बच्चे कितनी हिंदी जानते हैं। कड़वी सच्चाई है कि बच्चे अब केवल मजबूरी में हिंदी पढ़ रहे हैं। दसवीं के बाद हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य नहीं होती, तो बहुत से बच्चे हिंदी छोड़ देते हैं। स्कूलों में अंग्रेजी में बात करने की बाध्यता तो रहती ही है, अब कई घरों में मां-बाप बच्चों से अंग्रेजी में ही बात करते हैं, ताकि वो फर्राटेदार अंग्रेजी बोलें और समाज में उनकी हैसियत बने। हमारे बच्चे को तो हिंदी बिल्कुल आती ही नहीं, इस बात को अभिभावक गर्व से बताते हैं। उन्हें इस बात पर जरा शर्म महसूस नहीं होती कि अपने देश की सर्वाधिक प्रचलित भाषा से उनका बच्चा अनजान है। क्योंकि उन्हें इस बात का घमंड रहता है कि बच्चा अंग्रेजी अच्छे से बोल लेता है। ऐसे बहुत से लोग भाजपा की हिंदी भाषा में शिक्षण मुहिम के समर्थक होंगे, क्योंकि मेडिकल या इंजीनियरिंग की शिक्षा हिंदी में बांध देने को वो राष्ट्रवादी कर्तव्य मानेंगे। लेकिन यह कर्तव्य केवल साधारण लोगों के बच्चों के लिए रहेगा। जैसे बहुत से भाजपा नेताओं के बच्चे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर, विदेश चले गए हैं, वही आकांक्षा उनके समर्थकों की भी रहती है। बच्चों के अंग्रेजी पढ़ने या उनके बाहर जाकर उच्च शिक्षा हासिल करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन भाषा को सियासत का मसला बना देना बड़ी बुराई है। जी-20 से लेकर अब हिंदी दिवस तक यह बुराई देशप्रेम के नाम पर खूब फैलाई जाएगी। सरकारी खर्चे पर 15 दिनों का तमाशा हिंदी के विकास के नाम पर किया जाएगा। सरकारी संस्थानों में तरह-तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि हिंदी को बढ़ावा मिले। लेकिन एक अक्टूबर आते ही फिर हिंदी के विकास की मुहिम पटरी से उतर जाएगी।

# खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व

■ **बरखा लकडा**

आज पूरे भारत में हर समाज अपनी जाति-व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इनमें से एक आदिवासी समुदाय है जो खुद को हिन्दू नहीं, बल्कि आदिवासी मानता है। अगर आदिवासी खुद को हिन्दू नहीं मानते तो फिर इनका इतिहास क्या है? ये एक बड़ा सवाल है जिसका विश्लेषण तत्थ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए।

जस्टिस पाजीटर का मानना है कि अनार्य तो आर्यो से भी प्राचीन हैं, उनके पहले के हैं जब भारत में आर्यों का जन्म भी नहीं हुआ था। ईसवी सन् से लगभग 2200 वर्ष पहले आर्य लोगों ने मध्य हिमालय के रास्ते से भारतवर्ष में प्रवेश किया था। आर्यों ने भारतवर्ष में आकर अनार्यों से संघर्ष किया और आर्य - अनार्य युद्ध को च्देवासुर संग्रामज् की संज्ञा दी। उन्होंने अनार्यों को असुर और भारत में पहले से रह रहे लोगों को अनार्य कहा।

आर्यों -अनार्यों में मूल भेद यह था कि यूरेशिया से मध्य भारत में प्रवेश करने वाले आर्य शीत प्रधान भू-भाग के निवासी होने के कारण शरीर से गोरे, ऊंचे कद, लंबी नाक और भूरी आंख, भूरे बाल वाले थे, जबकि अनार्यों का कद छोटा, शरीर तथा बालों का रंग काला, नाक मोटी, होंठ मोटे तथा सिर गोल था। प्रथम वैदिक काल में दो ही वर्ग थे। पहला आर्य, दूसरा अनार्य। आर्यो ने अनार्यों को अपना शत्रु माना। आर्यों -अनार्यों की शारीरिक रचना, संस्कृति एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न थी।

> **विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है।**

वैदिक काल भारत का सबसे प्राचीन काल है। उससे पहले का इतिहास क्रमबद्ध रूप से उपलब्ध नहीं है। वैदिक साहित्य में असुरों का नाम मिलता है जिन्हें आर्यों ने अनार्य माना है। विद्वानों का मत है कि अनार्य और असुर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। अनार्य जिन्हें आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन कहते हैं और जिसे वर्तमान में आदिवासी कहते हैं, असुरों की ही उत्पत्ति हैं। इस प्रकार अनार्य कौन हैं? इस प्रश्न के उत्तर में इतना पर्याप्त है कि अनार्य, असुर, द्रविडियन, आस्ट्रेलाइड एक ही वंश, नस्ल के भिन्न-भिन्न नाम हैं।

पंडित रघुनंदन प्रसाद शर्मा अपनी पुस्तक 'वैदिक सम्पति' में लिखते है कि 'उस समय भारत और आस्ट्रेलिया के बीच इतना बड़ा अन्तर नहीं था। लंका और मेडागास्कर की भूमि अधिक चौड़ी थी और भारत तथा आस्ट्रेलिया को जोड़ती थी तथा समस्त टापुओं में एक ही जाति निवास करती थी। आस्ट्रेलिया वालों की और भारतीय आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन, भील, संथाल और कोल की भाषा एक सी थी। राहुल सांस्कृत्यायन ने लिखा है कि 'मोहनजोदड़ो और हड़प्पा का अन्तिम उत्कर्ष काल 2400 ईसा पूर्व माना गया है। उसके एक हजार साल बाद आर्यों का आगमन अनार्यों के भू-भाग में हुआ और कम-से-कम 300 वर्ष बाद वशिष्ठ, भारद्वाज, विश्वामित्र आदि ने अपनी रचना की।

लाला लाजपतराय अपनी पुस्तक 'भारतवर्ष का इतिहास' में लिखते हैं कि 'मेरे विचार से इस बात को ऐतिहासिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि हिन्दू-आर्य भारत के मूल निवासी नहीं हैं। पंडित बाल गंगाधर तिलक अपनी पुस्तक 'आर्यन' में लिखते हैं कि आर्य लोग सबसे पहले उत्तरी-ध्रुव के रहने वाले थे। नेहरू ने 'पिता के पुत्र, पुत्री के नाम' पुस्तक में लिखा है कि 'आर्यों ने उत्तर की ओर से अनार्यों पर आक्रमण किया। इन आर्यों का मध्य एशिया में अवश्य ही बहुत बड़ा समूह रहता था।'

भारत के इतिहास में 'गोंण्डहवाना लैण्ड' का जिक्र है। भूतत्वविदों और ज्योतिर्विज्ञानियों ने 'गोण्डवाना लैण्ड' का नामकरण किया था। उस समय यह विशाल समूह इस भूमिखण्ड के मध्यभाग में निवास करता था। भारत आदिवासियों का देश है इससे इन्कार नहीं किया जाता, पर वर्तमान समय में भारत में मात्र 15 प्रतिशत भू-भाग में आदिवासियों का निवास रह गया है। भारत की जनगणना 1951 के अनुसार आदिवासियों की संख्या 9,91,11,498 थी जो 2001 की जनगणना में 12,43,26,240 हो गई। यह देश की जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है।

भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या की वृद्धि हो रही है, पर उसी रफ्तार से आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है। विस्थापन के अलावा इसका सबसे बड़ा कारण आदिवासियों का दूसरे धर्मो में विलय हो जाना है, जबकि आदिवासी न धार्मिक समूह है और न ही यह 'वर्ण एवं जाति' व्यवस्था का हिस्सा है, बल्कि यह एक अलग नस्लीय समुदाय है। स्पष्ट है कि आदिवासी जन्मजात हिंदू नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर उनका हिंदूकरण हुआ है जो अब भी जारी है। अब समय आ गया है, आदिवासी को 'संगठन' से ज्यादा 'संगठित' होने की जरूरत है।

भारत सरकार ने अपनी 'राष्ट्रीय आदिवासी नीति 2006' के प्रारूप में आदिवासी समूहों की संख्या 698 बताई है। 2011 की जनगणना में आदिवासी समुदायों की संख्या 705 बताई गई है। हर आदिवासी समुदाय में लगभग 10 से 15 संगठन हैं। यानि पूरे आदिवासी समुदाय में सात हजार से लेकर 15 हजार तक आदिवासी संगठन हैं। कई संगठनों का विचार दूसरे संगठनों के विचार से बिल्कुल अलग होता है जिससे दोनों संगठनों के बीच मनभेद और मतभेद की स्थिति बनी रहती है। अब वक्त आ गया है कि कुछ ऐसी 'सर्व आदिवासी सामुदायिक शक्ति' बनें जिसमें आदिवासी कार्यकर्ता सभी आदिवासी समुदायों को इकट्ठा कर शक्ति का निर्माण करायें। इसमें समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों एवं राज्यों में निवास करने वाले, विभिन्न आदिवासी समुदाय शामिल हों।

आज पूरे भारत में आदिवासियों की स्थिति बहुत नाजुक है। मणिपुर में हाहाकार मचा हुआ है। छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के अनुसूचित इलाकों में आदिवासियों का लगातार पलायन और विस्थापन हो रहा है। आदिवासियों के पास पांचवीं अनुसूची 244(1), छठी अनुसूची 244(2), अनुच्छेद 371, 366(25), अनुच्छेद 275 (1) और च्संयुक्त राष्ट संघज्द्वारा प्रदत्त 'आदिवासी दिवस 1994' हैं फिर भी पूरे भारत में 40 प्रतिशत आदिवासी विकास के नाम से विस्थापित हो चुके हैं।

विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है। ऐसे कितने ही मामले कोर्ट में पड़े हैं और न्याय की प्रतीक्षा में आदिवासी परिवारों को पलायन करना पड़ता है।

चूंकि उनकी स्थिति मजबूत नहीं होती, आदिवासी महिलाएं, विशेषकर बच्चियां मानव व्यापार की सहज शिकार हो जाती हैं। छल-प्रपंच और प्रलोभन देकर कई संस्थाएं या दलाल सीधे-सादे आदिवासियों को मानव व्यापार के कॉरीडोर में ला खड़ा करते हैं। अपने सीधे स्वभाव के कारण आदिवासी सहज ही दलालों के झांसे में आ जाते हैं। सुनहरा सपना दिखाकर या ज्यादा पैसा कमाने का लोभ दिखाकर आदिवासी बालाओं को शहरों की कोठियों में ढकेल दिया जाता है। घरेलू कामगार महिलाओं के रूप में आदिवासी समाज को कोई ख़ास इज्जत नहीं मिली है। इन्हीं रास्तों से होकर कईयों को देह व्यापार के धंधे में ढकेल दिया जाता है।

आदिवासी भूभागों में पाये जाने वाले खनिजों के दोहन से आदिवासी समाज के सामने विकराल समस्या उभरी है। बड़े कल-कारखानों के लिये कुशल कामगारों के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिये समाज एकदम तैयार नहीं है। अगर उनके लिये कोई जगह है भी, तो वह एक अकुशल मजदूर के रूप में ही है। आज हम विकास के लिए विनाश के कांधे पर बैठकर प्रतिदिन जंगलों का विनाश कर रहे हैं, खामियाजा बीमारी के रूप में भर रहे हैं। मानव ही संसार में एकमात्र ऐसा जीव है जो अपनी मूर्खता की वजह से, अपने लिए ही विनाश के गढ्ढे खोदता है। इसी सबका नतीजा एक दिन प्राकृतिक आपदा के रूप में भुगतना होगा। उदास प्रकृति सब्र टूटने पर विनाश लाती है और यह आगे विनाश का कारण भी बन सकती है।

(लेखिका चर्चित आदिवासी पत्रकार, समाज कर्मी, हैं।)

**हिंदी दिवस**

# हिंदी को सभा-गोष्ठियों तक सीमित न रहने दें

भारतवर्ष के बदलते परिदृश्य ने जिस कदर विदेशी भाषा के मायाजाल में युवा पीढ़ी को जकड़ रखा है, वह वास्तव में दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। स्वतंत्र भारतवर्ष में रहकर आज हम कई दशकों से अपनी हिंदी भाषा को न्याय दिलाने के लिए जुटे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है? हम वर्ष के कुछ दिन अपनी भाषा को सम्मान दिलाने पखवाड़े का आयोजन करते आ रहे हैं ! हिंदी एक ऐसी भाषा - जिसे तीन चौथाई भारतवर्ष अपनाता और समझता है, उसके लिए अपने ही लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास क्या मात्र दिखावा नहीं कहा जा सकता है? हम यह जानते हैं कि हिंदी के प्रति आस्था ही भारतीयता की पहचान है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि स्वतंत्र भारतवर्ष पर ऐसे स्वार्थी राजनेता अपनी हुकूमत कर रहे हैं, जो विदेशों से शिक्षा लेकर आए हैं। ऐसे ही लोगों ने हमारी मातृभाषा को राजभाषा तक समेट कर रख दिया है! मैं बिना किसी संकोच के ऐसे लोगों को ही हिंदी की दुर्दशा का जिम्मेदार मानता हूं। ऐसे देशद्रोही और भाषा के दुश्मन राजनेता भी इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं , कि वे भले ही विदेशी भाषा का प्रयोग करें। बड़े-बड़े मंचों से अपनी भाषा में उद्‌बोधन करें, किंतु सोचते हिंदी में ही हैं।

जब-जब हिंदी दिवस आता है, हिंदी के बगुलाभगत अनुयाई सक्रिय हो उठते हैं! राजभाषा आयोग और अनुभागों की नींद भी टूट जाती है। शासकीय कार्यालय हिंदी के उपयोग को लेकर जाग उठते हैं। सामाजिक तथा राजनीतिक मंचों पर हिंदी के नाम पर समारोह का आयोजन होने लगता है साथ ही हिंदी में कामकाज की मुहिम तेज करने शपथ भी ली जाती है। यह सब छद्म ही होता है! जैसे ही हिंदी दिवस और पखवाड़ा बीतता है, हिंदी के सम्मान में लिखे गए बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर कूड़ेदानों में पड़े अपनी किस्मत पर आंसू बहाते दिखाई पड़ते हैं! हम 1947 में आजाद हुए। 1950 में हमारे देश का संविधान बनाया गया। इतना लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारने की हमारी गति इतनी मंथर क्यों है? हमारे देश के कर्णधारों ने हिंदी को सभा- गोष्ठियों, सेमिनार एवं वेबीनार तक सीमित करके रख दिया है! मुझे इतिहास के पन्ने बताते हैं कि सन् 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने की कवायद की थी। इसे महात्मा गांधी ने जनमानस की भाषा करार दिया था। बावजूद इसके उस वक्त के राजनेताओं से लेकर वर्तमान के देश चलाने वालों ने महात्मा गांधी के विचारों की भी चिता जला दी है!

एक भाषा के रूप में हिंदी न केवल भारतवर्ष की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन का प्रमाण, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, उपदेशक और परिचय भी है। इसे बहुत ही सरल, सहज एवं वैज्ञानिक भाषा का दर्जा देना भी गलत नहीं होगा। कारण यह की पूरे विश्व में इस सहज भाषा को बोलने-समझने वालों की बड़ी तादाद मौजूद है। विश्व की तीसरी बड़ी भाषा होने के साथ ही साथ हमारी हिंदी प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच सेतु का काम करती है। जब जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर अमन-चैन स्थापित किया जा सकता है, तब वह दिन दूर नहीं, जब हम सभी क्षेत्रीय भाषाओं को उनका सम्मान बरकरार रखने की गारंटी के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिला पाएंगे।

हिंदी भाषा के संबंध में कुछ गौरवशाली तत्वों को जानना भी मैं जरूरी समझता हूं। हमारी वर्तमान पीढ़ी को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि हिंदी भाषा के इतिहास पर सबसे पहले साहित्य की रचना 'ग्रासिन द तैसी' एक फ्रांसीसी लेखक ने की थी। इसके साथ ही हिंदी भाषा पर पहला शोध कार्य 'थियोलॉजी ऑफ़ तुलसीदास' को लंदन विश्वविद्यालय में पहली बार एक अंग्रेज विद्वान 'के आर कारपेंटर' ने प्रस्तुत किया था। किसी भी भाषा के साथ उसकी संस्कृति जुड़ी होती है। भारत का सांस्कृतिक इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है जो भी भारतवासी इस सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी से अछूता रह जाता है, वह पूर्ण रूप से भारतीय नहीं हो सकता। अत: यह जरूरी है कि हम अपनी संस्कृति को समझने के लिए हिंदी का श्रृंगार करते हुए अब राजभाषा को 'राष्ट्रभाषा' बनाने हेतु आंदोलित को उठें।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

**आपके पत्र**

# विश्व में हिंदी की बौद्धिकता के साथ व्यवसायिकता की जुगलबंदी

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्देनजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसादजी ने भी कहा-हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया'। यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों, शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर,इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है। यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार-प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए कि भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों में विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है। अंग्रेजी भाषा रोजगारमूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्मगौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है और हिंदी की रामायण, गीता, रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही हैं जो आज भी उल्लेखनीय है-

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,<br>
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

**संजीव ठाकुर**

# बेमिसाल लेखकों के शहर में मजबूत हैं हिन्दी की जड़




**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दी हमारी शान है। यह भाषा सिर्फ गौरव नहीं, बल्कि लोगों से जुड़ाव का सहज माध्यम है। हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग और प्रसार के कारण ही यह विश्व पटल पर छाई हुई है। संस्कारधानी में हिन्दी की जड़ें मजबूत हैं, क्योंकि यहां हरिशंकर परसाई, सुभद्रा कुमारी चौहान, कामता प्रसाद गुरु, सेठ गोविंददास, भवानी प्रसाद तिवारी जैसे हिन्दी लेखकों से अपने साहित्य लेखन से जबलपुर की हिन्दी को सींचा है। हिन्दी साहित्य की इसी छांव तले संस्कारधानी में लेखकों की नई पौध तैयार हो रही है। वहीं कुछ सक्रिय लेखक ऐसे भी हैं, जिन्होंने खुद को हिन्दी के लिए समर्पित किया है। इन लेखकों का कहना है कि युवा वर्ग ही अ अनार से जीवन में हिन्दी का आ से आधार बनाने का काम करें। हिन्दी दिवस के मौके शहर और हिन्दी के पुरोधाओं से जुड़े कुछ तथ्य....

साहित्य के प्रति हमेशा से झुकाव रहा है। हिन्दी सहज है इसलिए इस भाषा से जुड़ना ही सहज लगता है। वर्षों से साहित्य मंच पर उद्घोषक का दायित्व निभाने के लिए हिन्दी ही बोलते हैं। हिन्दी के प्रचार के लिए बैंकॉक के हिन्दी सम्मेलन में जाने का अवसर मिल चुका है।

**राजेश पाठक प्रवीण,** साहित्यकार

**शान हैं कालजयी पुस्तकें**

- गुनाहों का देवता
- गोदान
- मृत्युंजय
- चिदंबरा
- राग दरबारी
- कामायनी
- मधुशाला

**शहर में सक्रिय संस्थाएं**

- मध्यप्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद
- मध्यप्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ
- जबलपुर साहित्य सम्मेलन
- मध्यप्रदेश हिन्दी लेखिका संघ
- वर्तिका, कादम्बरी, पाथेय, जागरण साहित्य समिति
- साहित्य सहोदर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, मित्र संघ
- गुंजन कला सदन, अनेकांत, लघुकथाकार परिषद, त्रिवेणी परिषद

**परसाई और सुभद्रा का शहर**

जिन्होंने हिन्दी की गरिमा को इतिहास में सहेजा वे हरिशंकर परसाई और सुभद्रा कुमारी चौहान जबलपुर के हैं। जबलपुर से इनका सीधा ताल्लुक हैं। इसलिए यह शहर इनका अनुसरण करता है। हिन्दी की गरिमा के लिए इन्होंने काम किया, इसलिए यह शहर इन्हें हर कदम पर याद करता है। शहर में इन्होंने लंबा समय बिताया। यही वजह है कि परिजनों के साथ साहित्यकारों की बिरादरी भी इन्हें नमन करती है।

**हिन्दी व्याकरण के जनक कामता प्रसाद गुरु**

इतिहास जानकार डॉ. आनंद सिंह राणा ने बताया कि जबलपुर के कामता प्रसाद गुरु हिन्दी व्याकरण के जनक रहे हैं। आचार्य कामता प्रसाद ने 1913 में हिन्दी व्याकरण की पुस्तक लिखी, जिससे हिन्दी के विद्वानों की समिति ने सभी की सहमति से 1920 में इसे मान्यता मिली। इनकी व्याकरण को मान्यता देने के लिए 14 अक्टूबर 1920 में काशी नगरी प्रचारिणी सभा के सदस्यों की तय कमेटी में इसे मान्य कर दिया गया। उस सभा में देश के प्रसिद्ध हिन्दी लेखक और साहित्य प्रेमी शामिल हुए थे, जिसका संयोजन महावीर प्रसाद द्विवेदी, जगन्नाथ दास रत्नाकर, चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने संभाला था।

## हिन्दी लेखन के वटवृक्ष



60 वर्ष से साहित्य के लिए जीवन समर्पित है। अब तक 25 से अधिक कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। हिन्दी साहित्य लेखन के लिए मप्र और उप्र में कई सम्मान मिल चुके हैं। मेरा मानना है कि हिन्दी को गौरव समझा जाए। अंग्रेजी माध्यम की चमक में हिन्दी की दमक कम नहीं होना चाहिए।

**- डॉ. राजकुमार सुमित्र,** वरिष्ठ साहित्यकार



हिन्दी लेखन में पूरा जीवन बिता दिया। अभी तक 51 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस वर्ष उप्र सरकार द्वारा हिन्दी सेवा सम्मान प्राप्त हुआ है। मेरे व्यक्तित्व और लेखन पर चार पीएचडी हो चुकी है। हिन्दी को लेकर मेरा मत है कि हिन्दी सिर्फ हिन्दी दिवस तक सीमित ना रहे दिनचर्या में शामिल हो।

**- आचार्य भगवत दुबे,** वरिष्ठ साहित्यकार



हिन्दी प्रचार, प्रसार के लिए अनंत काम किए हैं। सक्रियता के लिए मप्र शासन द्वारा हाल ही में सम्मान प्राप्त हुआ है। हिन्दी हमारी शोभा। इसके बाद भी युवा वर्ग में इसे अपनाने में हिचक है। विदेशी हमारी हिन्दी से प्रभावित हैं, लेकिन देशवासी अंग्रेजी को प्रमुखता देते हैं।

**-डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी,** पूर्व निदेशक कालिदास अकादमी



# इक्विड काइगर अर्बन नाइट लिमिटेड एडिशन लॉन्च

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेनॉल्ट द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए ट्राइवर, क्विड, किगर अर्बन नाइट लिमिटेड का अनावरण 13 सितंबर को करमेता शोरूम में रोबिन खटवानी, चेयरमैन, खटवानी मोटर्स, शिखा खटवानी और ऋवेद खटवानी द्वारा किया गया। एरिया मैनेजर रेनॉल्ट इंडिया सैय्यद साजिद जी ने कहा कि हमारे मौजूदा मॉडल ट्राइवर, क्विड, काइगर को अर्बन नाइटलिमिटेड एडिशन वर्जन में 3 वेरिएंट में पेश किया गया है। इसकी बुकिंग और डिलीवरी एमपी में शुरू कर दी गई है इन कारों को सीमित संख्या में ही बनाया जाएगा। इसलिए ग्राहकों को लेने और बुकिंग करने के लिए हमारे शोरूम पर आना चाहिए।

कांटेशन शोरूम के मैनेजर विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि ट्राइबर, क्विड, काइगर अर्बन नाइटलिमिटेड प्लांट 1 लीटर में 20.5 किलोमिटर का बेस है। इस कार में KIGER, KWID और TRIBER के साथ पैडल लैंप, इल्यूमिनेटेड स्काफ प्लेट्स, एबियंट लाइट स्मार्टमिर मोनिटरिंग, 4 एयरबैग, रोलर कैमरा, क्लाइमेट ऑटो और 8 इंच का टच स्क्रीन सिस्टम उपलब्ध है।

शोरूम के शोरूम रॉबिन खटवानी ने बताया कि रेनॉल्ट देश की अग्रणी कार निर्माता है और ट्राइबर, क्विड, काइगर को कंपनी ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं। श्री रोबिन खटवानी के द्वारा दीप प्राजूलन कर केक कटिंग कर की गई बहुत ही आकर्षक फीचर और आकर्षक कीमत के साथ उपलब्ध हैं मॉडलों में बहुत सारे फीचर्स हैं, जो अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हैं और प्रथम श्रेणी में है जो बाजार में इस कीमत पर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि खटवानी मोटर्स के पास पुरानी कारों के एक्सचेंज और फाइनेंस की सुविधा भी है एवं हमारे रेनॉल्ट करमेता मदन महल एवं सतना शोरूम में भी सभी कार उपलब्ध है।

# ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के लिए शार्ट वीडियो काम्पीटीशन की अंतिम तिथि 15 सितंबर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के द्वारा ऊर्जा दक्षता व ऊर्जा बचत को बढ़ावा देने के लिए एक शार्ट वीड?यो काम्पीटशन का आयोजन किया गया है। पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि शार्ट वीड?यो के निर्माण में कैम कार्डर, वीडियो कैमरा या मोबाइल फोन का उपयोग किया जा सकेगा। वीडियो की अवधि 90 सेकंड से अधिक नहीं होनी चाहिए। वीडियो का कॉमन रिजोल्यूशन न्यूनतम 720,1080 होना चाहिए। पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा वीड?यो के पात्र के रूप में 12 से 14 वर्ष की बालिका 'बिजली' व इसी आयु का बालक 'विद्युत' को पात्र के रूप में निर्धारण किया है। ये दोनों पात्र प्रतियोगिता से संबंधित मैसेज (संदेश) के प्रमुख सम्प्रेषक हो सकते हैं।

जरूरी-पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन ने जानकारी दी कि शार्ट जो भी वीडियो एंट्री भेजी जाएगी उनका मौलिक होना जरूरी है। एंट्री भेजने वाले को वीडियो निर्माण करते वक्त कॉपीराइट नियमों का ध्यान रखना होगा और उससे अपेक्षा की जाएगी कि वह स्टॉक शॉट का उपयोग न करे। काम्पीटिशन में भाग लेने वाला प्रतिभागी एक से अधिक एंट्री भी भेज सकता है।

विषयवस्तु ऊर्जा दक्षता व बचत के साथ बिजली की सवाधिक मांग के समय मितव्ययिता से उपयोग और बिजली की दरों के संबंध में रियल टाइम की जानकारी को लोकप्रिय बनाने की आवश्कयता हो सकती है। शार्ट वीड?यो बिजली के उपयोग को विशेष रूप से व्यस्ततम घंटों में विनियमित करने की जरूरत को बताने में सक्षम होना होगा। वीडियो एचवीएसी के उपयोग के संबंध में निर्णय लेने में वास्तविक समय विनिमय कीमतों को देखने और प्रतिक्रिया देने की सुविधा बताने में सक्षम होना चाहिए।

आम नागरिक चुनेंगे सर्वश्रेष्ठ वीडियो-पावर मैनेजमेंट कंपनी के अनुमोदन के बाद काम्पीटिशन में भाग लेने वाला प्रतिभागी शार्ट वीड?यो एमपीपीएमसीएल (एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड) को टैग करते हुए सोशल मीड?या पर साझा करेंगे। सोशल मीडिया पर सवाधिक देखे जाने वाले और अच्छी समीक्षा व सराहना प्राप्त करने वाले वीडियो को सम्मानित किया जाएगा।

एंट्री की अंतिम तारीख 15 सितंबर-शार्ट वीडियो काम्पीटिशन के संबंध में विस्तृत विवरण एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तारीख 15 सितंबर तय की गई है। पेन ड्राइव में प्रविष्टियां भेजने का पता- जनसम्पर्क अधिकारी ब्लॉक नंबर 14 शक्तिभवन एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर-482008 है। वीडियो को रिकॉर्ड के लिए डिजिटल रूप से एमपीपीएमसीएल को अलग से भेजना होगा। इसे इस ईमेल पर भेजा जाना होगा-video.competition@mppm-cl.com

# जनसंवाद कार्यक्रम से हितग्राहियों को हितलाभ मिलेगा और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण होगा : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अनुश्रवण हेतु अधिकारी और कर्मचारियों को ग्राम पंचायतों में भेजा जा रहा है। जिससे हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण हो सके। उन्होंने ग्राम पंचायतों में भेजे गये अधिकारी और कर्मचारियों को ग्रामीणों से चर्चा कर उनके आवेदनों को ग्राम पंचायत की पंजी में दर्ज करना होगा। जिससे विभागों के द्वारा इस अभियान में प्राप्त आवेदन पत्रों का समय पर निराकरण किया जा सके। कलेक्टर श्री सुमन बुधवार को जनपद पंचायत शहपुरा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान में जनपद पंचायत शहपुरा की 42 ग्राम पंचायतों में अनुश्रवण हेतु नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी को नागरिकों से संवाद करने हेतु भेजा गया था। इस अभियान में स्थानीय स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का सूक्ष्मता से परीक्षण कर हितग्राहियों को हितलाभ से लाभांवित और नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने गरीबी रेखा की सूची में नाम दर्ज कराने के लिये प्राप्त आवेदनों के संबंध में सर्वे कर विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये। जिसमें आवेदकों की भूमि, उनकी घरेलू संपत्ति और आय के स्त्रोतों का उल्लेख करने को कहा। जिससे गरीबी रेखा की सूची में नाम जोड़ने के आवेदनों की सूक्ष्मता से परीक्षण कर निराकरण हो सके।

कलेक्टर ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदनों को स्वीकृत करने के पूर्व आवेदक से संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों का भी परीक्षण करने को कहा। इस संबंध में गरीबी रेखा की सूची में दर्ज नामों का भी सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम में दिव्यांग पेंशन के संबंध में भी विस्तृत दिशा निर्देश दिये। दिव्यांग पेंशन के लिये मेडिकल प्रमाण पत्र को अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा। जिससे दिव्यांगजनों के लिये पेंशन प्रकरणों को स्वीकृत किया जा सके। कलेक्टर श्री सुमन ने जन संवाद कार्यक्रम में पेयजल समस्या संबंधी प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाने के निर्देश दिये। इस मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल, पंचायत भवन एवं अन्य शासकीय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों में भी नल कनेक्शन देने को कहा।

# विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय हिन्दी महोत्सव उद्घाटित




**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दी की ध्वनि अलग होती है। पढ़ते समय कागज पर उकेरे गए हिन्दी के सुन्दर शब्द उठ कर दिखाई देने लगते हैं। तदाशय के विचार वरिष्ठ कथाकार राजेन्द्र दानी ने प्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में शक्ति भवन स्थित केन्द्रीय ग्रंथालय में आयोजित हिन्दी महोत्सव 2023 के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल ने की। राजेन्द्र दानी ने कहा कि जिस देश में हम रहते हैं, उस देश की मुख्य भाषा का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरवान्वित होने का विषय है कि जिस संस्थान में वे कार्यरत रहे वहां उन्हें आतिथ्य दे कर सम्मानित किया गया। देश के हिन्दी के वरिष्ठ कथाकार राजेन्द्र दानी को हिन्दी समिति के द्वारा शॉल, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पावर मैनेजमेंट कंपनी के उप महाप्रबंधक प्रशासन व हिन्दी महोत्सव के संयोजक आलोक श्रीवास्तव, समागम रंगमंडल के लेखक व निर्देशक आशीष पाठक, जनसम्पर्क अधिकारी पंकज स्वामी सहित बड़ी संख्या में सभी विद्युत कंपनियों के कार्मिक उपस्थित थे। भाषा का साथ नहीं छोड़ना चाहिए-अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि आम बोलचाल में शुद्ध हिन्दी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाषा जब आपका साथ नहीं छोड़ रही, तो उसका साथ नहीं छोड़ना चाहिए। भावनाओं को व्यक्त करने के लिए और कठिन से कठिन चीजों को सरल करके समझाने के लिए भाषा की बहुत बड़ी भूमिका है।

# रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर 15 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार 15 सितंबर को सुबह 11बजे से दोपहर 3 बजे तक उद्योग भवन कटंगा स्थित जिला रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर का आयोजन किया जायेगा । उपसंचालक रोजगार एम एस मरकाम के अनुसार जॉब फेयर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जायेंगे ।

उप संचालक रोजगार ने बताया कि ऐसे बेरोजगार आवेदक गूगल फॉर्म्स https://forms.gle/kzxH9pw1XFR3H4wU8 में अपनी व्यक्तिगत जानकारी योग्यता सहित रिज्यूम अपलोड कर रिज्यूम तथा अन्य दस्तावेज लेकर जॉब फेयर में सम्मिलित हो सकते हैं । उन्होंने बताया कि जॉब फेयर पूर्णतः निशुल्क है। आवेदकों से किसी भी प्रकार का पंजीयन शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

# विकास रथ से फिल्म प्रदर्शन द्वारा योजनाओं का हो रहा प्रचार-प्रसार



**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ चलाये जा रहे हैं। बुधवार को जबलपुर पूर्व विधानसभा में भानतलैया में विभिन्नर स्थालनों एवं पश्चिम विधानसभा के ग्वाथरीघाट, अवधपुरी, रेतनाका, दरोगाघाट, भीमनगर, रामनगर आदि क्षेत्र में विकास रथों से प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं व उपलब्धियों की फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार पाटन विधानसभा क्षेत्र में पाटन चौराहा, बस स्टैआण्डर, उडना रोड, महुआखेड़ा, पौंड़ी खुर्द, गाड़ाघाट, पौंड़ीकला, हरदुआ, कोनीकला, बूढ़ीकोनी, मड़वा तथा पनागर विधानसभा क्षेत्र में महराजपुर, पिपरिया, सुभाषनगर, बस स्टैखण्ड, नगर निगम जबलपुर के वार्ड नम्बर 76 और वार्ड नम्बर 77 आदि में भी विकास रथ के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया।

जनहित की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने राज्य शासन द्वारा जबलपुर जिले में चार विकास रथ भेजे गये हैं।

प्रत्येक विकास रथ जिले की दो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर वीडियो फिल्म के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहें है। इसके लिये विकास रथ में एलईडी लगाई गई है। योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों का प्रदर्शन भी एलईडी पर किया जा रहा है।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 132
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 132
छोटा ब्रॉयलर - रु. 134
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 138
मुर्गा मीडियम - रु. 136
मुर्गा बड़ा - रु. 136
मुर्गा जम्बो - रु. 136
मो.-9039925000, 9425800409

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

# रमनगरा राइजिंग मेन लाइन लीकेज, जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

## देवताल कोतवाली मोतीनाला पानी की टंकी से होगी एक समय सप्लाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि बाजनामठ के पास रमनगरा की जी.आर.पी. राइजिंग मेन लाइन 1300 एम.एम. में लीकेज हो जाने के कारण, पानी की सप्लाई वैकल्पिक लाइन से चालू की गई है, रमनगरा की जी.आर.पी. राइजिंग मेन लाइन लीकेज सुधार कार्य में 7 दिन लगेगें, जिसके चलते देवताल, कोतवाली, एवं मोतीनाला पानी की टंकी से एक समय ही पानी की सप्लाई की जायेगी।

# वैश्य महासम्मेलन की कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाये

**जबलपुर, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष उमा शंकर गुप्ता ने पत्र जारी करते हुये नगर के संतोष समानी से जिला अध्यक्ष के पद का निर्वाहन करते

हुये जल्द ही अपनी टीम का गठन करें ताकि सम्मेलन से संबंधित गतिविधियों को संचालित करने का काम शुरू किया जा सके। साथ ही अपने सहयोगियों के बीच काम का बंटवारा भी किया जाये। इसके बेहतर परिणाम सामने आ सकते हैं।

# नीलेश रघुवंशी होंगे जबलपुर के सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग



**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा उपायुक्त /सहायक आयुक्त/ जिला संयोजक को आगामी आदेश तक अस्थाई तत्काल प्रभाव से स्थान निर्धारित किया गया है ,जबलपुर में नीलेश रघुवंशी सहायक आयुक्त जनजाति कर तथा अनुसूचित जाति विकास को स्थानांतरित किया गया है वे वर्तमान में बड़वानी जिले में पदस्थ थे।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)



## मदन महल दरगाह में अक़ीदत के साथ पेश की चादर



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित पीराने पीर की दरगाह मे इस्लामिक माह सफर के आखरी बुध को सफर के मेले मे बड़ी तादाद मे जायरीनो ने हाजरी पेश की। इस मौके पर मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत मे आयोजित जलसे मे सज्जादानशीन मुबारक कादरी ने फरमाया कि मदन महल दरगाह मे हर धर्म और वर्ग के लोग आते है और ये दरगाह जबलपुर मे अक़ीदत का मर्कज है। बासित कादरी, इनायत कादरी ने नअत शरीफ व मनक़बत पाक पेश की। निज़ाम कादरी, आफताब कादरी, आबिद कादरी अब्बू बाबा, याकूब अली शाह, इदरिस अली कादरी, ने जायरिनो का इस्तक़बाल किया। मुहम्मद अली, शराफत अली, असगर कादरी, मेहफूज़ कादरी, सलामत कादरी, ने तबरूख पेश किये। साय मगरिब की नमाज़ के बाद सालातो सलाम पेश किया गया और मुल्क की तरक़्क़ी खुशहाली की खास दुआएँ की गई।

## श्यामा और रामा तुलसी का निशुल्क वितरण आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** खुन्नेलाल एंड कंपनी बड़ा फुहारा पर आयुर्वेदिक दवाई की दुकान पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के द्वारा तैयार श्यामा एवं रामा तुलसी मैया का निशुल्क वितरण 14 सितंबर गुरुवार सायं 5 बजे सैकड़ों की संख्या में तुलसी पौधों का वितरण किया जाएगा।1984 से अभी तक 94,000 से अधिक तुलसी मैया को निशुल्क वितरित किया जा चुका उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती ग्वारीघाट के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल एडवोकेट सचिन अग्रवाल एडवोकेट ने की है।

## ब्राम्हणों की अस्मिता पर घात बर्दाश्त नहीं

जबलपुर, देशबन्धु। नगर में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों मे पूर्व मंत्री शरद जैन के नाम पर फर्जी तरह से कांग्रेस नेता विजय जैन चुन्ना के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है, इसमें संबंधित तीन पक्षों ने पुलिस पास शिकायत दर्ज कराई गई है।

एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की फेसबुक आईडी से पोस्ट किए गए ऑडियो क्लिप पर ब्राम्हण समाज ने कड़ी आपत्ति जताई है। उक्त संदर्भ में हजारो की संख्या में ब्राम्हण समाज के स्वजातीय बंधुओं अन्य सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों और सहयोगियों ने दोपहर एसपी ऑफिस पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर सख्त विरोध दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन के माध्यम से ब्राम्हण समाज ने कहा कि यह



ऑडियो क्लिप अपने आप में इस बात का प्रमाण हैं कि कुछ जनप्रतिनिधि निहित स्वार्थी के लिए अकल्पनीय पतन तक जा सकते है। ऑडियो क्लिप में हमारे ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति और मध्य प्रदेश कर्मचारी संगठन के सरक्षक योगेन्द्र दुबे के नाम से बहुत ही अभद्र और अश्लील गालिया कांग्रेस के नेता को बकी जा रही है जो कि कांग्रेस नेता की आईडी से पोस्ट की गई है। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि इससे योगेन्द्र दुबे की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है और साथ ही ब्राम्हण समाज को भी लांछित किया जा रहा है जो अपने आप में समाज को श्रेष्ठ संस्कारों को प्रदान करने के लिए ही जाना जाता है।

इस अवसर पर आज समाज के राख्या पदाधिरीगणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एस.पी से मांग की कि सर्वप्रथम इस ऑडियो क्लिप की जांच की जाये और तदोपरांत इस मामले में दोषी व्यक्ति पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

इस दौरान सतीश उपाध्याय, सुधीर नायक, योगेन्द्र दुबे पहले राम दुबे, महापौर एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री जगत बहादुर अन्नू पार्षद एवं एमआईसी मेंबर अमरीश मिश्रा, पार्षद संतोष दुबे पंडा, पार्षद अदिति अतुल बाजपेयी, पार्षद एवं उपसभापति अयोध्या तिवारी, पार्षद अख्तर अंसारी, पार्षद सत्येन्द्र चौबे गुड्डा कामसमता अनुराग जैन गढ़ावाल, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सौरभ नाटी शर्मा, पंकज पांडे, कि मुकेश राठौर, आदि बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## गीत माला में भारत का किया बखान





**जबलपुर, देशबन्धु।** एकल और समूह गीत में प्रतिभागियों ने भारत का बखान किया। नृत्य में जहां नागालैंड और असम की संस्कृति झलकी, वहीं आदिवासी नृत्य में जनजीवन दिखा। भारतीय संस्कृति के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का यह नजारा केन्द्रीय विद्यालय वीएफजे के संभाग स्तरीय एकता पर्व के समापन अवसर पर नजर आया। कार्यक्रम में संभाग स्तर से आए छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से रंग जमाया।

**कलाकृतियों में दिखा हुनर**-कार्यक्रम में समूह गीत, कलाकृति, परियोजना प्रदर्शन एवं तात्कालिक चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। समूह नृत्य प्रतियोगिता में विविध प्रांतों के नृत्य किए गए। प्रतियोगिता में समूह गीत में प्रथम स्थान केवि सीएमएम, तात्कालिक चित्रकला में प्रथम अनुमेहा सिंह, केवि जीसीएफ, कलाकृति/परियोजना प्रदर्शन में प्रथम तनिष्का पाण्डे एवं आर्ची सिंह बघेल केवि रीवा, समूह नृत्य में केवि सीओडी प्रथम रहा। कार्यक्रम में केवि सहायक आयुक्त, हीरा लाल, पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार नायडू, प्राचार्य गुरमीत सिंह, सुमन चौरसिया, एम. विनीत, उपप्राचार्या उमा स्वामी मौजूद रहीं।

## रोटरी क्लब ऑफ साउथ,हिन्दी का महत्व बोलचाल से बढ़ेगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दी की महत्ता तब बढ़ेगी, जब लोग बोलचाल में इसे अधिक से अधिक शामिल करेंगे। युवाओं को हिन्दी के संवाद बोलने में हिचक नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हिन्दी की हमारा गौरव हो। रोटरी क्लब ऑफ साउथ के हिन्दी दिवस कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अरुणकांत अग्रवाल ने यह बात कही। कार्यक्रम में अध्यक्ष रवि वैश्य, प्रांतपाल अखिल मिश्र, सचिव सोनम केशरवानी मौजूद रहीं।






## आत्म विश्वास से साक्षात्कार में सफलता मिलना तयः आशना जैन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्लेसमेंट सेशन में जॉब सिलेक्शन और इंटरव्यू क्लीयर करने की बारीक जानकारियों स छात्र अवगत हुए। जहां उन्हें बताया गया कि कॉन्पफडेंस सके दम पर इंटरव्यू राउंड क्लीयर किया जा सकता है। राष्ट्रीय धर्मशास्त्र लॉ यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों को सीवी ड्राफ्टिंग और साक्षात्कार की जानकारी लॉ कॅरियर कोच आशना जैन ने दी। इस मौके पर तनीश गुप्ता, रोमित जैन, श्रुति तिवारी, अशीत श्रीवास्तव मौजूद थे।

## कांग्रेस सेवादल के चुनावी प्रशिक्षण में जीत के दिए उपयोगी टिप्स




**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय राष्टीय कांग्रेस सेवादल का चुनावी प्रशिक्षण शिविर अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉ सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में निरंतर चल रहा है पहले शिविर 2 एवं 3 सितंबर 2023 को अमरकंटक में संपन्न हुआ था चुनाव से संबंधित दूसरा प्रशिक्षण शिविर दिनांक 14 15 16 सितंबर 2023 को अमरकंटक में डॉ सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में लगाया जाएगा वहां पर सेवा दल के सदस्यों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षित किया जा रहा है कांग्रेस सेवादल का दूसरे शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सदस्य एवं कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी एवं सदस्य गण रामनगर स्थित हार्डिकर परिसर में एकत्र हुए थे वहां पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लाल देसाई की मुख्य अतिथि में एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष योगेश यादव की अध्यक्षता में एवं डॉक्टर सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में न्यू रामनगर अमखेरा स्थित हार्डि कर परिसर में उपस्थित सभी जनों को एक दिन का प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सदस्यों को अपना आशीर्वाद वचन दिया कार्यक्रम के प्रथम चरण में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष योगेश यादव की अध्यक्षता में ध्वज बंधन किया गया उसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव प्रदेश महासचिव पंडित सतीश तिवारी शिवरा दि पति दिनेश पांडे ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की उपाध्यक्ष हरि शंकर राय मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष गजेंद्र उर्फ गज्जू तिवारी अजय जोशी शहर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ग्रामीण अध्यक्ष शिव नामदेव शहर यंग ब्रिगेड अध्यक्ष यतेंद्र सोनी एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी प्रवक्ता जितेंद्र यादव अशोक बर्मन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया उसके पश्चात प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी सदस्य अमरकंटक के लिए रवाना हो गए जिनका प्रशिक्षण कैंप दिनांक 14 15 और 16 सितंबर 2023 को को लगेगा सभी सदस्य चुनाव से संबंधित अमरकंटक में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे

## ब्रह्मऋषि बावरा नर्मदा विद्यापीठ में मिट्टी के गढ़े बुद्धि के देव गजानन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बुद्धि के देवता को गढ़ने के लिए छात्राओं ने प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया। इको फ्रेंडली गजानन की प्रतिमा बनाने के लिए जहां मिट्टी का इस्तेमाल किया, वहीं नदी और तालाब और नुकसान ना पहुंचाने वाले रंग से उनका श्रृंगार किया। ब्रह्मर्षि बावरा आश्रम में छात्राओं ने हुनर दिखाया। इस मौके पर प्राचार्य मैत्रेयी दीदी ने कहा कि इको फ्रेंडली गजानन बनाकर सभी छसत्र अपने घरों में स्थापित करेंगे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 14 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अमावस्या, नक्षत्र-पू.फा.।**

### मेष
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर अंकुश रखने की आवश्यकता है। आप परिश्रम करेंगे, लेकिन उसका उचित फल नहीं मिलने से निराशा का अनुभव करेंगे।

### कर्क
आज आपको मानसिक भय परेशान करेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव हो सकता है। आपका अभिमान किसी के दिल को चोट पहुंचा सकता है।

### वृषभ
आज आपको बहुत से काम में सफलता मिलेगी। आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में बनी रहेगी।

### सिंह
आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आप तेजी से निर्णय लेकर प्रगति की ओर बढ़ेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

### मिथुन
दिन का आरंभ ताजगी से भरा होगा। आपकी किस्मत आपका साथ देगी। सतत बदलते विचार से निर्णय लेने में अस्वस्थता महसस कर सकते हैं।

### कन्या
शारीरिक तथा मानसिक रुप से आपको बेचैनी रहेगी। आपके इगो के कारण किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अचानक गलत जगह धन खर्च हो सकता है।

**क.**

### तुला
आपके वैवाहिक जीवन में सुख- शांति रहेगी और आय में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

### मकर
आज आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। अचानक खर्च आ सकता है या बीमारी के उपचार के पीछे खर्च हो सकता है।

### वृश्चिक
आपका सभी काम सफलतापूर्वक पूरा होंगे। वैवाहिक जीवन में संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज का दिन आप घूमने-फिरने और मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ कहीं भोजन करेंगे।

### धनु
कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा।

### मीन
आपके दैनिक कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे हो जाएंगे। आपके घर का माहौल सुख-शांतिवाला रहेगा। आपको अपने क्रोधी स्वभाव पर अंकुश रखना पड़ेगा।

**मा.**

## कृषि इंजीनियर्स का 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



**जबलपुर देशबन्धु।** दो दिवसीय कृषि अभियंताओं का 35वां राष्ट्रीय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का शानदार समापन, सेवानिवृत्त इजी ऑफ चीफ झारखंड इंजी. शिवानंद राय के मुख्य आतिथ्य में एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के जबलपुर लोकल सेन्टर एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में कृषि और बागवानी में प्रगति के लिये उभरती प्रौद्योगिकिया विषय पर सेमीनार आयोजित किया गया था। इस दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा ओरल एवं पोस्टर प्रजेंटेशन करने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न सत्रों में प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम का संचालन नाहेप प्रमुख एवं सहसंयोजक डॉ. आर. के. नेमा और आभार प्रदर्शन आयोजकसचिव इंजी. जे.पी. पाराशर द्वारा किया गया। इस दौरान अधिष्ठता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर के अध्यक्ष इंजी. शिवानंद राय, इंजी. प्रकाश चंद्र दुबे, आयोजक सचिव इंजी. जे.पी. पाराशर, इंजी. संजय कुमार मेहता, इंजी. राजेश गुप्ता, डॉ. आर. के. नेमा आदि मंचासीन रहे। समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन सिंह, डॉ. ए.के. राय, डॉ. एम.के. अवस्थी, डॉ. भारती दास, डॉ.अजय गुप्ता, डॉ. मनीष पटेल, डॉ. वाय. के. तिवारी, डॉ.सी. बी. एबॉल, डॉ. शैलेष शर्मा, डॉ. सौरभ नेमा, डॉ. अखिलेश तिवारी, आईपीआरओ डॉ. शेखर सिंह बघेल सहित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## पश्चिम मध्य रेल ने बजट लक्ष्यों का लगभग 48 प्रतिशत किया खर्च



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत के बड़े केन्द्रीय उपक्रमों में बजट लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारतीय रेलवे अग्रणी है। भारतीय रेल ने अप्रैल से अगस्त माह तक की अवधि में 2.44 लाख करोड़ रूपये के सालाना लक्ष्य में से 1.13 लाख करोड़ रूपये (46.6 प्रतिशत) खर्च कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जबकि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अपने वार्षिक पूंजीगत व्यय लक्ष्य लगभग 1.62 ट्रिलियन रुपये के मुकाबले लगभग 75,168 करोड़ रुपये (46.4 प्रतिशत) खर्च कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के वार्षिक पूंजीगत व्यय लक्ष्य वाले 54 बड़े केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) और पांच विभागीय शाखाओं द्वारा पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) इस वित्तीय वर्ष में उनके लगभग 7.33 ट्रिलियन रुपये के वार्षिक लक्ष्य के लगभग 42.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। केंद्र बुनियादी ढांचे और रिफाइनरी क्षेत्र में बड़े सार्वजनिक उपक्रमों को तीसरी तिमाही के अंत तक अपने लक्ष्य का 90 प्रतिशत हासिल करने के लिए प्रेरित कर रहा है। पश्चिम मध्य रेल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अप्रैल से अभी तक सालाना बजट लक्ष्यों का लगभग 48 प्रतिशत खर्च किया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के लिए 2023-24 में औसत रेल बजट 13,607 करोड़ स्वीकृत किया गया है, जो कि रेल बजट 2009-2014 के मुकाबले 21 गुणा से अधिक स्वीकृत किया गया है। पश्चिम मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी राहुल श्रीवास्तव के अनुसार पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में इस रेलवे पर आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने एवं बेहतर यात्री सुविधाओं के कार्य बड़े पैमाने पर लक्ष्यानुसार समय सीमा में पूर्ण किये जा रहे है। पश्चिम मध्य रेल पर वर्ष 2023-24 में आवंटित कुल बजट 9422 करोड़ रूपये में से अभी तक 47.80 प्रतिशत अर्थात् 4503 करोड़ रूपये व्यय किये गये है। पश्चिम मध्य रेल की विभिन्न परियोजनाओं एवं अधोसरंचना कार्य के अंतर्गत नई रेल लाईन निर्माण, दोहरीकरण/ तिहरीकरण, ट्रेक नवीनीकरण, यातायात सुविधा, लेवल क्रॉसिंग, आरओबी/आरयूबी, ब्रिज के कार्य एवं इलेक्ट्रिक वर्क सहित स्टॉफ कल्याण पर खर्चा किया गया है। राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को यात्री सुविधा एवं विकास कार्यों में और अधिक तेजी लाने के लिए निर्देशित किया है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती रेनुका बर्मन**- गुलाटी पेट्रोल पंप के पास मदनमहल निवासी श्री गंगाराम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती रेनुका बर्मन 75 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई विश्वकर्मा**-अनगढ़ महावीर मंदिर के पीछे गोरखपुर धोबी मोहल्ला निवासी श्री दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई विश्वकर्मा 90 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उमा राय**- शिमला हिल्स कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री वीरेंद्र राय की धर्मपत्नी श्रीमती उमा राय 83 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राज कृष्ण खन्ना**- राजुल पार्क तिलहरी निवासी श्री राज कृष्ण खन्ना का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती नीलिमा मिश्रा**- रिछाई व्हीकल निवासी श्री सत्येंद्र प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती नीलिमा मिश्रा 50वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**तनिष्का गुप्ता**- फक्कीरचंद का अखाड़ा राधाकृष्णन वार्ड निवासी कनिष्का गुप्ता 21वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शशिकला श्रीवास्तव**- फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री रमेश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती शशिकला श्रीवास्तव 71 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई**- सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्रीमती शकुन बाई 50 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राधेलाल लोधी**- पटपरा देवरी बरेला निवासी श्री राधेलाल लोधी 80 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश सिंह राजपूत**- सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री जगदीश सिंह राजपूत 50 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिकेत चौरहा**- जोगनी नगर छुई खदान रामपुर निवासी श्री राकेश चौरहा के पुत्र श्री अनिकेत चौरहा 17 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार कुचबंधिया**- कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री शिव कुमार कुचबंधिया 70 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## रेडीमेड वस्त्र कारोबारी के प्रतिष्ठान में जीएसटी का छापा,दस्तावेज जप्त




**जबलपुर,देशबन्धु।** स्टेट जीएसटी की एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने बुधवार को गढ़ा फाटक स्थित एक रेडीमेड वस्त्र कारोबारी के प्रतिष्ठान में छापामार कार्यवाही की।

सूत्रों के मुताबिक जीएसटी टीम को बड़ी टैक्स चोरी की आशंका है। जिसके चलते जांच की कार्यवाही की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक गढ़ा फाटक स्थित आरवी टेक्सटाईल प्राइवेट लिमिटेड पर स्टेट जीएसटी के अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही करते हुए खरीद बिक्री से जुड़े दस्तावेजों को जप्त कर उनका परीक्षण किया जा रहा है, साथ ही स्टॉक से जुड़ी जानकारियों को भी जांचा जा रहा है। हालाकि समाचार लिखते तक कार्यवाही जारी रही। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि कार्यवाही के दौरान कारोबारी ने कर की कितनी राशि सरेंडर की है। सूत्रों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही कर की गणना सामने आई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी स्टेट जीएसटी की जांच टीम ने विनीत टॉकीज के पास स्थित एक कपड़ा कारोबारी के यहां छापामार कार्यवाही की थी।

## स्कूल में जूनियर सीनियर आपस में भिड़े, जमकर चले घूंसे

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढा थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूलों में के छात्रों का आपस में विवाद हो गया। जिसके चलते मारपीट की नौबत आ गई, सीनियर छात्र ने जूनियर छात्र के ऊपर हमला कर दिया। जिससे छात्र के सिर पर चोटें आई हैं। पीड़ित छात्र को चोट लगने की खबर जैसे ही उसके परिजनों को मिली, तो वे तत्काल ही अपने बच्चों को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पूरे मामले की जानकारी देते हुए गढ़ा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि, शक्तिनगर स्थित पुष्पांजलि स्कूल में कक्षा दसवीं में पढ़ने वाले छात्र और कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले सीनियर छात्र के बीच आपस में विवाद हो गया था, जिसके कारण एक छात्र ने दूसरे छात्र के साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। पीड़ित छात्र के सिर में चोट आई है। पीड़ित छात्र ने पुलिस को बताया कि कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले सीनियर छात्र के द्वारा उसे आए दिन परेशान किया जाता था और उससे पैसों की मांग की जाती थी। जिस पर उसने पैसे देने से मनाकर दिया, तो सीनियर छात्र के द्वारा अपने जूनियर छात्र की बेतहाशा पिटाई करनी शुरू कर दी। इसी बीच सीनियर छात्र ने जूनियर छात्र को धक्का दिया तो वह जमीन पर गिर पड़ा। जूनियर



छात्र का सिर पत्थर से जा टकराया। जिसके चलते वह लहुलुहान हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद सीनियर छात्र वहां से भाग निकला। पुलिस ने पीडित छात्र के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चार लाख के 5 दुपहिया वाहन बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को पकड़ा है। जो जिले भर में घूम-घूमकर वाहन चोरी करते थे। पुलिस ने जिनके पास चुराये हुये वाहन भी बरामद कर लिये हैं। इस संबंध में कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ईदुल खान एक एचएफ डीलक्स कम्पनी की एक मोटर सायकिल बेचने की फिराक में कब्रिस्तान के सामने वार्ड न. 5 कूड़न मोहल्ला में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने कूड़न मोहल्ला में दबिश दी। जहां एक संदिग्ध युवक मोटर सायकिल लिये खड़ा दिखा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। जिसने पूछताछ में अपना नाम ईदुल खान उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड न. 5 कूड़न मोहल्ला बताया।

जिससे ली हुई मोटर सायकिल के सम्बंध मे पूछताछ करने पर कोई कागजात नहीं होना बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर श्रद्धाधाम कटंगी मेन रोड से 19-8-23 को उक्त मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया। ली हुई बिना नम्बर की मोटर सायकिल के सम्बंध में इंजन नम्बर के आधार पर सर्च करने पर मोटर सायकिल का रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 20 एनजी 3365 होना पाया गया, पतासाजी पर गणेश सिंह ठाकुर निवासी ग्राम चरगवां थाना कटंगी की रिपोर्ट पर थाना कटंगी में अपराध क्रमांक 520/23 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया। ईदुल खान उर्फ कचरा ने सघन पूछताछ पर उक्त मोटर सायकिल अकेले चोरी करना एवं बाद में अपने साथी शाहिद अली के साथ मिलकर माह जुलाई में एक हीरा हॉण्डा मोटर सायकिल मदनमहल प्लेटफॉर्म न. 1 के पास से एवं एक हीरो एचएफ डीलक्स, 1 हीरो स्प्लैण्डर प्लस तथा बजाज बाक्सर मोटर सायकिल कटंगी क्षेत्र से चुराकर घरों में छिपाकर रखना बताया। शाहिद अली उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड न. 8 रूमी चौक कटंगी को सरगर्मी से तलाश कर अभिरक्षा मे लेते हुये घरों में छिपाकर रखी हुई अन्य 4 मोटर सायकिलें जप्त करते हुये दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।





## माढ़ोताल ग्रीन सिटी में पकड़ी गई 220 अवैध यूरिया खाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** माढ़ोताल के ग्रीन सिटी क्षेत्र में उसे समय हड़कंप मच गया जब कृषि विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक घर से 220 अवैध यूरिया की खाद जब जप्त की, किसानों को बताने वाली थी लेकिन इस अवैध रूप से भंडारण करके ग्रीन सिटी में रखा गया था जिसकी जानकारी जब कृषि विभाग अधिकारियों को लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और संबंधित प्रकरण दर्ज किया।

इस संबंध में कृषि विभाग की अनुभागीय अधिकारी प्रतिभा गौर ने बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि सर्वेश जैन नाम का व्यक्ति किसानों को वितरित होने वाली यूरिया खाद का अवैध भंडारण करके मुनाफा कमा रहा है। आज बुधवार को हड़ताल पुलिस को इसको सूचना दी गई और ग्रीन सिटी पर छापे मार कार्रवाई की गई तो एक किराए के मकान पर 160 बोरी यूरिया खाद पाई गई जबकि मकान के बाहर खड़ी एक गाड़ी में 60 बोरी यूरिया प्राप्त हुई इस संबंध में जब सर्वेश जैन से पूछताछ की गई तो वह सही तरीके से जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद मल्होत्रा पुलिस को फिर दर्ज करने के लिए कहा गया।

## लग्जरी कार से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी व देशी शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में शराब तस्कर नशे के कारोबार के लिये मादक पदार्थों की तस्करी करने महंगी कारों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। बीते कुछ माह में शहरी और ग्रामीण इलाकों में जो शराब की खेप पकड़ी उनका परिवहन लग्जरी कारों में किया जा रहा था। इसी कड़ी में गोरखपुर थाना अंतर्गत महानद्दा स्थित खालसा कॉलेज वाली गली में पुलिस ने एक स्विफ्ट कार में शराब तस्करी करते युवकों को रंगेहाथों पकड़ा है। जिनसे लगभग 24 पेटी शराब बरामद की गई है।

इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि महानद्दा खालसा कॉलेज वाली गली मे अंदर की तरफ एक सफेद रंग की कार में कुछ लोग भारी मात्रा मे शराब रखे बेचने के लिये खड़े हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर तत्काल महानद्दा खालसा कॉलेज के बाजू से गली में दबिश दी। जहां सफेद रंग की स्विफ्ट कार



### एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

क्रमाक एमपी 20 सीएल 4626 खड़ी दिखी, जिसके अंदर ड्रायवर सीट पर ड्राईवर एवं बाजू में एक व्यक्ति तथा पीछे वाली सीट में 2 व्यक्ति बैठे तथा पीछे वाली सीट में कुछ कार्टून रखे दिखे। कार में बैठे व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे, 3 व्यक्ति संकीर्ण रास्ते का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये। घेराबंदी कर ड्रायवर सीट पर बैठे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया।

जिसने अपना नाम अंशुमन विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी बस स्टेण्ड बीटीआई कॉलोनी बरेला बताते हुये पुलिस को आता देखकर भागने वालों के नाम सूरज बावरिया निवासी संजयगांधी नगर बागड़ी मोहल्ला केण्ट, सागर बंसल निवासी ककरेया तलैया गोरखपुर, आदर्श ठाकुर निवासी गोरखपुर आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर बताये। कार की तलाशी लेने पर पीछे की सीट मे एक कार्टून में अंग्रेजी शराब की 12 बोतल एवं 14 कार्टून में 700 पाव देशी शराब तथा कार के पीछे वाली डिक्की में 10 कार्टून में 500 पाव देशी शराब के रखी मिली। पुलिस ने शराब व कार जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर शेष फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## कच्ची शराब बेचते दो आरोपी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** तिलवारा थाना क्षेत्र के ग्राम रमनगरा में पुलिस ने घर के आंगन में कच्ची शराब रखकर बेचते दो युवकों को पकड़ा है। जिनके घर से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में तिलवारा थाना प्रभारी सरिता बर्मन ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रमनगरा में सूरज बर्मन एवं नीरज बर्मन दोनों सूरज बर्मन के घर की परछी में अवैध रूप से शराब बेचने के लिये प्लास्टिक के डिब्बों में रखे खड़े हैं। जिस पर ग्राम रमनगरा में दबिश दी गई। जहां सूरज बर्मन, नीरज बर्मन खड़े मिले। जिन्हें पकड़ा गया। जिनकी तलाशी ली गई तो दोनों सूरज बर्मन के मकान की परछी में सूरज बर्मन एवं नीरज बर्मन 6 प्लास्टिक के डिब्बे व कुप्पियों में 65 लीटर कच्ची शराब रखे मिले। पुलिस ने कच्ची शराब जप्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष चुनावी प्रशिक्षण शिविर में हुए उपस्थित

**जबलपुर,देशबन्धु।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल का चुनावी प्रशिक्षण शिविर अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉ सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में निरंतर चल रहा है पहले शिविर 2 एवं 3 सितंबर 2023 को अमरकंटक में संपन्न हुआ था चुनाव से संबंधित दूसरा प्रशिक्षण शिविर दिनांक 14 15 16 सितंबर 2023 को अमरकंटक में डॉ सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में लगाया जाएगा वहां पर सेवा दल के सदस्यों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षित किया जा रहा है कांग्रेस सेवादल का दूसरे शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सदस्य एवं कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी एवं सदस्य गण रामनगर स्थित हार्डिक परिसर में एकत्र हुए थे वहां पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई की मुख्य अतिथि में एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष योगेश यादव की अध्यक्षता में एवं डॉक्टर सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में न्यू रामनगर अमखेरा स्थित हार्डिक परिसर में उपस्थित सभी जनों को एक दिन का प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की उपाध्यक्ष हरि शंकर राय मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष गजेंद्र उर्फ गज्जू तिवारी अजय जोशी शहर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ग्रामीण अध्यक्ष शिव नामदेव शहर यंग ब्रिगेड अध्यक्ष यतेंद्र सोनी एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी प्रवक्ता जितेंद्र यादव अशोक बर्मन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मासूम बेटी के हत्यारे पिता को उम्र कैद

### लाश कुंए में फेंककर रची थी लापता होने कहानी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पत्नी के चरित पर संदेह करते हुए खुद की बेटी नहीं मानते हुए युवक ने 22 माह की मासूम बच्ची की मॉ के सामने गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद युवक ने बच्ची की लाष को कुंए में फैंककर उसके गायब होने की झूठी कहानी रची थी। युवक ने किसी को कुछ बताने पर पत्नी तथा उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को मारने की धमकी दी थी। सत्र न्यायाधिश आलोक अवस्थी ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत आरोपी पिता को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार आरोपी सुदर्षन उर्फ मोनू बाल्मिकी निवासी भैरव नगर ने 17 जनवरी 2020 को घर से 22 माह की मासूम बच्ची देविका के लापता होने की रिपोर्ट तिलवारा घाट थाने में दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि रात के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। बच्ची भी अपने माता-पिता के साथ सो रही थी। बच्ची को 16-17 की दरम्यानी रात कोई अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान लापता बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। बच्ची का शव 22 को जनवरी घर से कुछ दूर पर स्थित कुंए में पत्थर से बंधा हुआ बरामद हुआ। पुलिस को मामला संदिग्ध प्रतिक होने पर उन्होने परिजनों से पूछताछ की। आरोपी की पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया कि पति उस पर चरित संदेह करता है। इसी कारण से वह देविका को अपनी बेटी नहीं मानता था। पति ने 16-17 जनवरी की दरम्यानी रात को बेटी की गला दबाकर हत्या की थी। किसी को कुछ बताने पर मुझे तथा पेट में पल रहे गर्भ को मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया था।




न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई के दौरान पेष किये गये साक्ष्य तथा गवाहों के आधार पर आरोपी पिता को मासूम बेटी की हत्या करने , साक्ष्य छुपाने तथा जान से मारने की धमकी देने का दोषी पाया। न्यायालय ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास,धारा 201 के साल तथा धारा 506 के तहत सात साल की सजा से दण्डित किया है।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) नम्रता जैन पुत्री श्री रमेशचंद्र जैन निवासी. एफ -13, आस्था परिसर अमखेरा जिला.जबलपुर (2) श्री दिलीप कुमार जैन आ. स्व.जिनेन्द्र कुमार जैन व श्रीमति सुरभि जैन पत्नि श्री दिलीप कुमार जैन निवासी. 07, ड्रीम होम्स धनी की कुटिया सुराही बिल्डिंग के पास, अधारताल जबलपुर के द्वारा मौजा-बैतला, न.बं. 52, प.ह.नं. अधारताल, ख.नं. 65/1, 68 का भाग कुल रकवा 2400 वर्गफुट पर निर्मित रकवा 973 वर्गफुट सम्मति गृह निर्माण मण्डल समिति मर्यादित तह. अधारताल, जि. जबलपुर के भूमि स्वामी श्रीमति राजकुमारी जैन पत्नि श्री रज्जू लाल जैन नि. म.न. 26, सम्मति नगर अधारताल जबलपुर वालों से क्रय करने का इकरार किया है व उक्त भूमि श्रीमति राजकुमारी जैन के द्वारा श्री मनीष कुमार जैन व श्री प्रमोद कुमार जैन निवासी. जबलपुर से पंजी. विक्रय पत्र दिनांक 25.02.2002 को दस्ता.क्र. 3206घ के द्वारा क्रय करते हुये मालिक काबिज हैं।

अत: उक्त सम्पत्ति को क्रय करने में यदि किसी व्यक्ति बैंक/शास. अर्द्धशास. संस्था, निगम व विधिक वारसानों व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करते हुये विक्रय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा। भविष्य में किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व मान्य नहीं रहेगी।

जबलपुर दिनांक: 11/09/2023

**सुशील दुबे ( एडवोकेट )**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**ऑफिस/निवास-म.न.06 शास. स्कूल के पास महाराजपुर, जिला जबलपुर**
**मो.नं. 9993207599,9584047633**

र.न. 1165


## कार ने मारी बाईक सवार को टक्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोराबजार थाना में सुनील बैरागी उम्र 20 वर्ष निवासी फेस 2 राजुल टाउनशिप तिलहरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह होटल पसरीचा में वेटर का काम करता है आज रात लगभग 00-15 बजे अपने सुपर वाईजर राजेश दास की मोटर सायकल पेशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन एस 2908 से अकेला पसरीचा होटल के अपने रूम का जाने के लिये निकला था वह रात लगभग 00-30 बजे दत्त टाउनशिप गेट के सामने पहुचा तभी बिलहरी तरफसे आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजे 7190 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिसे वह गिर गया उसे आंख के पास, हाथ पैर में चोट आई मोटर सायकल भी छतिग्रस्त हो गयी है रिपोर्ट पर धारा 279, 337, 427 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


### कार्यालय संपदा अधिकारी
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्र. जूनि. एल.आई.जी. 298 मदर- टेरेसा कालोनी जबलपुर श्री छोटेलाल कुशवाहा पिता श्री राम संजीवन कुशवाहा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30.10.2013 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री छोटेलाल कुशवाहा पिता श्री राम संजीवन कुशवाहा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.06.2015 के माध्यम से श्री अभिषेक जैन पिता श्री कन्छेदी लाल जैन को विक्रय किया है। श्री अभिषेक जैन पिता श्री कछेदी लाल जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण (भवन/ भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नहीं होगा।

र.नं.1174

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय संपदा अधिकारी
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**
**भूखण्ड नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू आनंद नगर अधारताल जबलपुर स्थित भूखण्ड क्र. EWS-49 श्री शेख मकसूद पिता स्व. शेख अहमद को आंवटित है। आवंटी श्री शेख मकसूद पिता स्व शेख अहमद की मृत्यु दिनांक 27.02.2014 को हो चुकी है एवं आवंटी की पत्नि श्रीमति शायरा बी पति स्व. श्री शेख मकसूद की मृत्यु दिनांक 03.06.2013 को हो चुकी है। आयटी के एकलौते पुत्र श्री शेख मशकूर पिता स्व. श्री शेख मकसूद ने नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन / शपथ पत्र संलग्न दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये है, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूखण्ड नामांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

र.नं.1174

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- स. अधि./13/मुख्यालय 2023/एम/154 दिनांक 13.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती महुआ उस्मानी पति श्री मोहम्मद आदिल उस्मानी मकान नं. 736/4सी वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल.... व.फु. भूतल 195 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय, नगर निगम , जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र.- स. अधि./13/मुख्यालय 2023/एम/155 दिनांक 13.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दीप्ती त्रिवेदी पति श्री अभिजीत त्रिवेदी ने मकान नं. बी-7 ए.बी.सी. अपा. वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल ...तृतीय तल 900 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभाग क्रं.-13 मुख्यालय, नगर निगम , जबलपुर**

### सैनिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर प.क्र. 29
**समिति की वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना**

समिति के सर्व सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 26/09/2023 दिन मंगलवार को समय 12.00 दोपहर से कार्यालय जिला सहकारी संघ मर्यादित जबलपुर में आयोजित की गई है, निर्धारित समय में गणपूर्ति न होने पर आम सभा स्थगित कर उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात 12.30 बजे पुन: बैठक कार्यवाही प्रारंभ होगी जिसमे गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी। आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निम्नाकित विषयों पर विचार किया जावेगा-

1. संस्था की गत आम सभा की कार्यवाही का अवलोकन एवं पुष्टि । 2- संस्था की बैठकों का अवलोकन एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में ।
3. संस्था के वर्ष 22-23 के अंकेक्षण के सम्बन्ध में ।
4- संस्था के वित्तीय वर्ष 23-24 एवं आगामी वर्ष 24-25 के कार्ययोजना / बजट के सम्बन्ध में ।
5- संस्था के वित्तीय पत्रक वर्ष 22-23 का अवलोकन एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में । 6- अन्य विषय प्रशासक कि अनुमति से ।

र.नं.1161

**प्रशासक सैनिक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित जबलपुर प.क्र. 29**


## फेसबुक में कार बेचने का विज्ञापन डालकर युवक से 80 हजार की ठगी आरोपी ईटारसी से गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** सोशल मीडिया पर ठगी की वारदातें दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जिसमें ठग शातिराना अंदाजा में कार, मोटर सायकिल व अन्य सामग्रियां बेचने की जानकारियां डाल कर खरीदने वालों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसी कड़ी में बेलबाग थाना क्षेत्र के बाई का बगीचा में एक युवक के साथ कार खरीदने के नाम पर ठग ने 80 हजार का चूना लगा दिया।

पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुये और विवेचना के बाद ठग को इटारसी से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बेलबाग थाना में 15 जनवरी 22 की रात लगभग 8-30 बजे विकाश दुबे उम्र 37 वर्ष निवासी बाई का बगीचा बेलबाग ने लिखित शिकायत की थी, कि 15-12-21 की सुबह लगभग 10 बजे अपनी फेसबुक आईडी खोलकर चला रहा था जिसमें किसी संजय कुमार बैरागी नामक व्यक्ति ने आई 20 कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 1652 बेचने का पोस्ट डाला। पोस्ट देखकर उसने दिये गये नम्बर पर संपर्क किया। तो उक्त व्यक्ति ने अपना नाम भूपेन्द्र साहू निवासी सिहोरा बताते हुये बताया कि वह सेना में है एवं श्रीनगर जाने वाला है। इसलिये अपनी आई 20 कार बेच रहा है, तो उसने उक्त व्यक्ति से कहा कि मैं आपकी कार खरीदूंगा, तब भूपेन्द्र ने कहा कि एण्डवांस रूपये देने पड़ेंगें मैं उक्त कार की डिलेवरी आपके घर में करवा दूंगा। इस तरह अपना एकाउण्ट नम्बर दिया एवं उक्त खाता में 26-12-21 को 17 हजार 500 रूपये, 27-12-21 को 31 हजार 500 एवं 31 हजार 500 अमेजन पे यूपीआई के माध्यम से डाल दिये थे। इसके बाद उस व्यक्ति ने 20 हजार रूपये और खाते में डालने के लिये कहा तब वह समझ गया कि उसके साथ ठगी हो रही है। उक्त खाता धारक ने उसके साथ छल पूर्वक धोखाधड़ी करते हुये कुल 80 हजार 500 रूपये ले लिया लेकिन कार की डिलेवरी नहीं किया। जिसके बाद विकास ने थाने पहुंचकर ठगी होने की शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुये पड़ताल शुरू की।

विवेचना के दौरान गौरव सिंघल पिता मांगेराम सिंघल उम्र 26 वर्ष निवासी नया गांव कृष्ण कुंज कॉलोनी थाना भोडसी जिला गुरूग्राम हरियाणा को तलाश कर ईटारसी से पकड़ लिया। पुलिस ने जब आरोपी को बेलबाग थाना लाया एवं सघन पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह अपने साले भावेश के साथ सिम बेचने का काम करता है। ग्राहक आई.डी. देकर सिम खरीदकर चले जाते थे जिस कारण हम लोग किसी भी सिम को किसी की भी सिम आईडी लगाकर चालू कर उसका उपयोग स्वयं करते थे। रूपये कमाने के लालच में एक आईडी उड़िसा की थी। जिस पर एक सिम चालू किये, तथा छतीसगढ़ के एक आधारकार्ड की फोटो जो रास्ते मे मिली थी, पर उसने साले के साथ मिलकर एयू स्मॉल फायनेंस बैंक में फर्जी खाता खुलवाते हुये फर्जी आईडी पर एक्टीवेट मोबाईल नम्बर लिंक करवाया तथा लोगों को ऑन लाईन फेस में वाहन दिखाकर लोगों से भावेश के खाते में पैसा ट्रांसफर कर लेते थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।


### नाम सुधार सूचना

मैं मौसम पटेल पिता स्व. श्री मुरारी मोहन सिंह पटेल उम्र लगभग 39 वर्ष निवासी म.नं. 3456, न्यू कंचनपुर अधारताल जिला जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ कि यह कि मेरे पंजाब नेशनल बैंक शाखा व्हीकल स्टेट स्थित खाते में मेरा नाम मौसम पटेल दर्ज है जो कि सही है। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम विजय श्री दर्ज है। यह कि मौसम पटेल एवं विजय श्री एक ही महिला के नाम अर्थात मुझ शपथकर्ता के ही है जिस वास्ते शपथ पत्र क्रमांक बीव्हाय 706913 दिनांक 03.08. 2023 प्रस्तुत है।

**मो. -7693057548**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 05/2023-24/241 दिनांक 13/09/2023

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मधुसूदन सराफ पिता श्री शत्रुघन सराफ ने भवन क्रं. 782/जी-1 वार्ड जवारगंज क्षेत्रफल ... भूतल 193 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 782/जी-1 वार्ड जवारगंज पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री शत्रुघन सराफ पिता स्व. श्री दालचंद सराफ भवन क्र.782/जी-1 वार्ड जवारगंज पिन नं. 42101471, 1000393905 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर**

# सोशल मीडिया की पोस्ट को लेकर भाजपा ने कराई एफआईआर

## कांग्रेसियों ने जलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन, घेरा पनागर थाना




**पनागर, देशबन्धु।** जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, क्षेत्र में आरोप प्रत्यारोप लगने शुरू हो गए हैं, फेसबुक में डाली गई एक पोस्ट जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ता ने ग्राम कालाडूमर में स्थित राम जानकी मंदिर के खसरों में विधायक की पत्नी का नाम दर्ज होने पर उक्त खसरों की फोटो सोशल मीडिया में डालकर क्षेत्रीय भाजपा विधायक पर रामजानकी मंदिर की जमीन हड़पने का आरोप लगाया, सोशल मीडिया में डाली गई पोस्ट को देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार रात्रि को पनागर थाने में पोस्ट डालने वाले लकी पटेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी, जिसकी जानकारी लगते ही आज सेंकडों की संख्या में कुर्मी क्षत्रिय समाज एकत्र होकर पनागर बस स्टैंड से विशाल जलूस निकालकर पनागर विधायक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम सीएसपी महोदय को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर निरस्त कराने साथ ही श्री राम जानकी मंदिर की भूमि में दर्ज विधायक की पत्नी का नाम हटाने की मांग की। कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यकर्ता लकी पटेल पर क्षेत्रीय विधायक के दबाब में पुलिस ने बेवजह मामला दर्ज किया है जिसकी विधिवत जांच कर 7 दिनों में दर्ज शिकायत निरस्त की जाए अन्यथा आने वाले समय में प्रशासन के खिलाफ वृहद आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है

सामाजिक कार्यकर्ता के ऊपर बेवजह झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, उसमें किसी भी प्रकार का प्रकरण नही बनता है, उस मामले को निरस्त कराने आज कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा एसपी ने नाम ज्ञापन सौंपा गया

**विवेक चौधरी,** जिलाध्यक्ष, कुर्मी क्षत्रिय समाज

सोशल मीडिया में डाली गई पोस्ट कालाडूमर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर जो कि ट्रस्ट की है, जिसमें गलत तरीके से विधायक ने अपनी पत्नी का नाम दर्ज कराया है, लकी पटेल पर विधायक के दबाव में मामला कायम कराया गया है, जिसके विरोध में एसपी को ज्ञापन सौंपकर प्रकरण को खारिज कर उसमें से नाम हटाने ज्ञापन सौंपा

**राजेश पटेल,** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, जबलपुर

ग्राम कालाडूमर में रामजानकी मंदिर ट्रस्ट की जमीन में सर्वराहकार का नाम बदला गया है, मामले में पूर्व आदेश देखना पड़ेगा कि किस आधार पर पूर्व के सर्वराहकार का नाम हटाया गया, जांच के बाद ही कोई स्थिति स्पष्ट होगी

**विकास जैन,** तहसीलदार, पनागर

सोशल मीडिया में डाली गई पोस्ट को देखकर महाराजपुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, रही बात नाम दर्ज होने की तो ट्रस्ट में नए सर्वराहकार के नाम जुड़ते ओर कटते रहते हैं, इसमें किसी प्रकार का भ्रस्टाचार नही है, ऐसे कई ट्रस्ट में कई वर्षों से नाम जुड़े हैं पर चुनावी साल है जिसमें माहौल बनाने ओर छवि बिगाड़ने के लिए ऐसे कृत्य किये जा रहे हैं जिसकी हम निंदा करते हैं

**सुशील इंदु तिवारी,** विधायक, पनागर

# विशाल ईनामी दंगल आज



**गोसलपुर, देशबन्धु।** उस्ताज स्व. श्री भगवानदास पटैल (वीर भाई) एवं स्व. श्री रामगोपाल (शिक्षक ) की पुण्य स्मृति में एवं घुल्हाई अमावस्या के उपलक्ष्य में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन गुरुवार को स्थान-ग्राम पंचायत गोसलपुर में समय-दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि नंदनी मरावी (विधायक सिहोरा), दिलीप दुबे ( पूर्व विधयक सिहोरा), पुष्पराज सिंह बघेल (उपाध्यक्ष जिला ग्रामीण), भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,श्रीमति रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री (जनपद अध्यक्ष सिहोरा), गोविंद राय (समाज सेवी) रहेंगे अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, धीरेन्द्र पाल भदौरिया श्री अनिल चौधरी ,सचिन,अशीष मिश्रा,ग्रामाचार्य पंडा पं. राजा भैया दुबे, नरेन्द्र चौबे,सहयोगी राजकुमार पटेल,पं. रामकुमार चौबे,श्रीमति ममता- केशव चौबे एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत जुझारी ने उपस्थिति की अपील की है।

## सार-समाचार

### प्राकृतिक खेती से अधिक उत्पादन पर प्रशिक्षण कृषि विभाग ने किया आयोजित

**पाटन देशबन्धु।** कृषि विभाग पाटन द्वारा बुधवार दिनांक 13 सितंबर 2023 को प्राकृतिक खेती के उपाय कृषकों को सिखाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मादा में कृषि विभाग के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कृषि विशेषज्ञ ताराचंद बेलजी भाई पधारे जिन्होंने विस्तार से प्राकृतिक खेती के घटकों को समझाते हुए विभिन्न तकनीक जैसे पंच महाभूत की ऊर्जा बढ़ाना,भूमि तत्व में ऊर्जा बढ़ाना,मिट्टी पानी की नेगतिविति को खत्म करने का सशक्त स्त्रोत,जल को ऊर्जावान करने के उपाय,वायु तत्व को ऊर्जावान करने के उपाय,अणु जल,मीठा जैव रसायन,खट्टा जैव रसायन, कड़वा जैव रसायन,षडरस, अन्न द्रव्य रसायन,भस्म रसायन,जीवाणु जल आदि बनाने की विधि बताई अन्य प्रशिक्षक के रूप में पधारे विनय सिंह जो स्वयं अपनी सम्पूर्ण खेती प्राकृतिक खेती से कर रहे है उन्होंने अपने अनुभव विस्तार पूर्वक किसानों से साझा किए साथ ही अंबिका पटेल ने किसानों को मीठी तुलसी की खेती के संबंध में प्रोत्साहित करते हुए मीठी तुलसी की खेती को विस्तार पूर्वक किसानों को समझाया कार्यक्रम के दौरान परियोजना संचालक आत्मा डॉ एस के निगम,एसडीओ कृषि डॉ इंदिरा त्रिपाठी,एस एम एस पी के श्रीवास्तव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कांत यादव,प्रभारी विकासखंड तकनीकी प्रबंधक हरीश बर्वे,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती अंकिता गुप्ता,क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जे पी त्रिपाठी,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री कलसी वरकड़े,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बी आर गौरखेड़े, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एम एस ठाकुर के साथ भारी संख्या में विकासखंड पाटन के किसान उपस्थित रहे।

### दो घटनाओं में सांप के डसने से वृद्धा और ट्रक से टकराने पर युवक की मौत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** दो अलग-अलग घटनाओं में वृद्धा को सांप काटने और दो पहिया वाहन के ट्रक के टकराने से युवक की मृत्युर हो गई। दोनो को जिला चिकित्सालय पुलिस द्वारा प्रारंभिक कार्यवाही करते हुये संबंधित थानों को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गतताराडांड गांव के बैरहनी टोला निवासी धनीराम सिंह गोंड का 19 वर्षीय पुत्र तुलसीराम सिंह की मंगलवार की रात अकेले घर की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमए 3865 से परसवार गांव के कोयलारी टोला में अपने एक सहयोगी को लेने जा रहा था तभी अनूपपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग में बैरीबांध उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप जमुडी की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन से टकराने पर युवक को गंभीर चोट लगने पर घायल स्थिति में अकेला पड़ा रहा है। इस दौरान राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस द्वारा देर रात घायल युवक को जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाये जाने पर डॉक्टर द्वारा परीक्षण दौरान मृत होना पाया, वहीं पुलिस सहायता केंद्र फुनगा अंतर्गत ग्राम देवरी के सरईहाटोला निवासी पंचम केवट के 56 वर्षीय वृद्ध पत्नी अनसुइया केवट जो मंगलवार की रात खाना-पीना खाने बाद अपने पक्के घर में 14 वर्षीय पुत्र सचिन के साथ जमीन में सो रही थी तभी मंगलवार एवं बुधवार की जहरीले करैत प्रजाति के सर्प ने हाथ की कलाई में डस दिया जिस पर हो-हल्ला करने पर पति पंचम केवट ने सांप को कमरे से बाहर जाते देखा इस दौरान पड़ोसियो की मदद से पंचम केवट ने अपनी पत्नी अनसुइया को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा ले जाकर चिकित्सक को दिखाए जाने पर प्राथमिक उपचार बाद बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किया गया। जहां सुबह 7 बजे के लगभग उपचार दौरान वृद्धा की मौत हो गई। दोनों घटनाओं की सूचना पुलिस को दिए जाने पर मृतकों के परिजनों की उपस्थिति में शवो का पंचनामा कर गवाहों के बयान दर्ज कर प्रारंभिक कार्यवाही करते हुए घटना की जानकारी कोतवाली अनूपपुर एवं पुलिस सहायता केंद्र फुनगा दी गई।

### रेत से भरे 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

**पन्ना, देशबन्धु ।** पन्ना पुलिस अधीक्षक एस साई कृष्ण थोटा तथा एसडीओपी एसपी सिंह बघेल के निर्देशन में कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा द्वारा अवैध गतिविधियों तथा जुंआ, सट्टा सहित अपराधो पर लगाम लगा रखी है। नगर में कहीं भी अवैध शराब तथा जुंआ, सट्टा की जानकारी नही मिल रही है एवं अवैध गतिविधियों मे लिप्त अपराधीयो मे हडंपक की स्थिती है। इसके बाद निरीक्षक श्री मिश्रा द्वारा महीनो से ट्रेक्टर-ट्रालीयो के माध्यम से अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा था। उन पर ताबड तोड कार्यवाही की तथा पन्ना अजयगढ रोड खजरी कुडार दहलान चौकी से एक साथ रेत से भरे दस ट्रैक्टर ट्राली पकडे तथा ट्रैक्टर चालको से आवश्यक दस्तावेज मंगाये गये लेकिन किसी भी चालक के पास रेत से संबंधित दस्तावेज नही पाये गयें। उन्हे पकडकर सिविल लाईन चौकी में रखा गया है। ज्ञात हो कि प्रतिदिन अजयगढ से पन्ना सौ से डेढ सौ ट्रैक्टर रेत लेकर आते थें तथा उंचे दामो मे पन्ना नगर मे रेत की बिक्री कर रहें थे।

# देर रात तक गुलजार हो रहा पाटन नगर का मार्केट

### यातायात व्यवस्था बेपटरी, पुलिस प्रशासन मौन



**पाटन देशबन्धु।** निकाय क्षेत्र में संचालित दुकानें देर रात तक गुलजार रहती है। जबकि पाटन नगर का मार्केट पहले रात्रि 10 बजे तक बंद हो जाता था और यदि कोई दुकान देर रात तक खुली पाई जाती थी तो ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से कार्यवाही करती थी।पिछले दो दासको से पाटन बहुत तेजी से बदला है। आलम यह है कि नगरीय क्षेत्र में खुलने वाले स्थाई दुकान दार रोड पर समान रखकर दुकान चला रहे है वही कमानिया गेट से आदर्श मेडिकल तक तो सड़क चौड़ी होने की वजह से राहगीरों को उतनी परेशानी नहीं उठानी पड़ती है लेकिन जैसे ही चौधरी मोहल्ला की ओर आगे बढ़ते है रोड़ सकरी होने और सकरी सड़क पर दुकानों का सामान सजा कर बिक्री करने वाले दुकानदार यातायात को बाधित करते है एवं मेन सड़क पर कार खड़ी करने की वजह से भी ट्रैफिक जाम होता है जिसके कारण पाटन से मनकेडी की ओर आवागमन करने वाले राहगीरों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। पुलिस भी इस मार्ग पर कभी गस्त नहीं लगती जिसकी वजह से पाटन निकाय क्षेत्र के बाजार देर रात तक गुलजार रहते है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि समय समय गस्त लगाए एवं जो दुकानें देर रात तक खुली पाई जाती है ऐसे दुकानदारों को चिन्हित करके उनके विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करे।

# तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

## पाटन शहपुरा सड़क पर हादसा




**पाटन देशबन्धु।** पाटन शहपुरा मार्ग पर उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब तेज रफ्तार स्वराज माजदा मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 12/09/23 समय लगभग 04,30 बजे तेज रफ्तार मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 20-जीबी-2091 जो मक्का ओवर लोड भरकर शहपुरा से पाटन की ओर जा रहा था। ट्रक जैसे ही सुरैया मोड़ के आगे पहुंचा तभी अधिक हाईट में मक्का लोड होने की वजह से ट्रक ने लूम मार दी जिसके कारण ड्राइवर वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाया और बीच सड़क पर ट्रक पलट गया हालाकि घटना में किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है। स्वराज माजदा मिनी ट्रक आशुतोष त्रिपाठी पिता अरुण त्रिपाठी निवासी हाऊस न 317 कृपाल चौक जबलपुर का बताया जा रहा है। नहीं रुक रही सड़क दुर्घटनाएं-यदि हाल ही की घटनाओं पर नजर डाली जाए तो पाटन से जबलपुर मार्ग,पाटन से शहपुरा मार्ग,पाटन से दमोह मार्ग पर आए दिन वाहनों से एक्सीडेंट के मामले सामने आ रहे हैं। पिछले हफ्ते ही तेज रफ्तार की वजह से बाईक सवार दो युवकों की जान चली गई वही टोल नाके के पास ही अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाईक सवार को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था वही छोटी मोटी एक्सीडेंट की घटनाएं तो आए दिन होती रहती है जिसमें कुछ घटनाएं के मौके पर ही राजीनामा हो जाता है जिस वजह से ऐसे मामले पुलिस के संज्ञान में नहीं आते है।

ग्रामीणों ने बताया कि पाटन कटंगी मार्ग की अपेक्षा पाटन से जबलपुर,दमोह और शहपुरा मार्ग पर अधिक एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आ रही है इसकी प्रमुख वजह अच्छी सड़क होने की वजह से वाहनों की तेज रफ्तार और बीच सड़क पर आवारा पशुओं का जमावड़ा बताया जा रहा है इसके अलावा वाहन चालकों की इन सड़कों पर कोई स्पीट लिमिट तय नहीं है सभी वाहन चालक अपनी अपनी मर्जी से तेज गति से वाहन इन मार्ग पर दौड़ा रहे है। इसके अलावा पुलिस भी यातायात पर ध्यान नहीं देती न ही वाहन चैकिंग पॉइंट बनाती जिससे समय समय पर वाहनों के पेपर एवं ड्राइवरों के लाइसेंस की जांच हो सके। पाटन थानांतर्गत अधिकतर हैवी ट्रक,हाईवा को लाईट लायसेंस वाले ड्राइवर और कुछ बिना लाइसेंस वाले ड्राइवर ही सड़कों पर सरपट दौड़ा रहे है। इनके मालिकों के उच्चे रसूख की वजह से पुलिस इन वाहनों पर कार्यवाही करने से बचती है।

# काम के प्रति मुस्तैद पाटन विद्युत विभाग

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने काम के प्रति कितने मुस्तैद रहते है उसकी बानगी उस समय देखने को मिली जब भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा का आगमन नुनसर से होते हुए पाटन होना था तभी विभाग की नजर सिविल कोर्ट चौराहे से जबलपुर की ओर .पड़ी जहां एक विद्युत केबिल सड़क क्रास करते हुए विभाग के जाबाज अधिकारी कर्मचारी को दिखी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह केबिल बहुत हाईट पर थी और रोजाना इस मार्ग से हैवी ट्रक ओवर लोड बाड़ी से ऊपर माल लोड करके निकलते थे और इतने वर्षो में वह विद्युत केबिल किसी भी ट्रक में आज तक नहीं टकराई लेकिन भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में विद्युत केबिल किसी भी प्रकार से अड़चन पैदा न करे इसके लिए पाटन विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल रोड़ क्रास करने वाली केबिल को अपने अथाय परिश्रम से तत्काल ऊंचा कर दिया वही वार्ड न 15 में विद्युत केबिल सड़क से महज 6 से 7 फुट ऊपर झूल रही है यह मामला इतने वर्षो में विद्युत विभाग के संज्ञान में क्यों नहीं आया यह सोचने का विषय है। जबकि इसके पहले भी वार्ड न 15 में झूलती विद्युत केबिल की खबर प्रमुखता से समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी लेकिन विभाग ने आज तक उक्त मामले को संज्ञान में लेकर कोई संतोष जनक कार्यवाही नहीं की है। सत्ता पक्ष के द्वारा आयोजित रैलियों या यात्राओं में ही अच्छी सेवा देने का दृढ़ निश्चय विद्युत विभाग ने किया हो।

### इनका कहना है

जब इस संबध में वार्ड न 15 के पार्षद जितेंद्र सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ।

# जादू-टोने के शक में वृद्धा से की मारपीट

**शहडोल, देशबन्धु।** जादू टोना करने के शक पर एक युवती और उसके परिजनों द्वारा वृद्ध महिला की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। वृद्ध की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पीड़ित वृद्ध महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

जिले के केशवाही में निवास करने वाली निराशा अगरिया उम्र 55 वर्ष पर उसके पड़ोस में रहने वाली संतोषी सोनी इस बात का शक करती थी कि निराशा अगरिया द्वारा उसके परिवार पर जादू टोना किया जा रहा है। इसी बात को लेकर 12 सितंबर को संतोषी सोनी ने अपने परिजनों के साथ वृद्ध निराशा अगरिया की जमकर पिटाई कर दी। संतोषी सोनी द्वारा बीच सड़क पर वृद्ध महिला की जब पिटाई की जा रही थी उसी समय वहां मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और इस घटना को अपने मोबाइल पर कैद करते रहे। बाद में पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ। केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि निराशा अगरिया की शिकायत पर रिंकी सोनी, संतोषी सोनी व सरिता सोनी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# जिला सिहोरा अधिकार यात्रा 15 से गांव-गांव तक

## अनदेखी कर लोगों की भावनाएं भड़का रही सरकार

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला बनाने हेतु संकल्पित सिहोरावासी अब ज़िला सिहोरा अधिकार यात्रा निकालकर समूचे प्रस्तावित सिहोरा जिला के गांव गांव में जाकर लोगों से आह्वान करेंगें कि सिहोरा का जिला बनना संपूर्ण क्षेत्र के हित में है और इस बार वह अपने जनप्रतिनिधि को स्पष्ट संदेश दें कि हम सिहोरा जिला के संघर्ष में किसी भी हद तक जा सकते है।

25 को ग्राम पंचायतों में धरना - लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के संतोष पांडे ने आंदोलन के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि जिला सिहोरा अधिकार यात्रा के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में आमसभा की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आगामी 25 सितंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक साथ सिहोरा जिला की मांग पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन हो।इस हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में समिति के पांच सदस्यों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

हर घर में काले झंडे - समिति द्वारा की गई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सिहोरा के प्रत्येक घर में अपना आक्रोश व्यक्त करने के लिए घर मालिक की स्वीकृति से काला झंडा लगाया जाएगा।समिति का दावा है कि आगामी दो तीन दिनों के अंदर सिहोरा के प्रत्येक घर में काला झंडा दिखाई देगा।

जिला बना माहौल बिगड़ने से रोके सरकार - लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित करते हुए कहा कि सिहोरा वासियों ने पिछले दो वर्षो से लोकतांत्रिक तरीके से अहिंसक आंदोलन चलाते हुए सरकार तक जनभावना पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया।सरकार के द्वारा कोई पहल न करने के कारण अब सिहोरा वासी उग्र आंदोलन की हद तक भी जाने को तैयार होते दिख रहे है।सिहोरा की सोशल मीडिया पर अब समाज के अनेक संगठनों की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है।अनेक संगठनों ने तो सार्वजनिक रूप से भी भाजपा की सदस्यता छोड़ने और वोट न देने की घोषणा कर दी है।

# युवा उत्सव में तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनाई रांगोली



**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में युवा उत्सव 2023 के अंतर्गत तृतीय दिवस में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय पर्यावरण संरक्षण रखा गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने रंगोली कौशलता का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अभिलाषा चौधरी ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की संध्या चौबे ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पर निधि बर्मन और अंचला गर्ग रहे। महाविद्यालय में युवा उत्सव कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव एवं युवा उत्सव संयोजक डॉ नीता तिवारी के संरक्षण में किया जा रहा हैं।निर्णायक मंडल में डॉक्टर सी एल वर्मा डॉ राहुल कुमार शर्मा एवं डॉ पूजा चौकसे रहे।प्रतियोगिता के आयोजन में डॉक्टर एस के महरोलिया, कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अंजली मांडवे, गार्गी भट्टाचार्य, दीपिका कुशवाहा का सहयोग रहा ।

# मराठा समुदायों को दिया जाएगा आरक्षण : शिंदे

**मुंबई, ( एजेंसियां )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से मराठा समुदाय को आरक्षण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अन्य समुदायों का कोटा प्रभावित नहीं होगा। शिंदे मराठा आरक्षण के चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए अपनी अध्यक्षता में सह्याद्री गेस्ट हाउस में आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद कल देर रात मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। गौरतलब है कि मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मराठा कार्यकर्ता मनोज जारांगे पाटिल पिछले 14 दिनों से जालना जिले में भूख हड़ताल पर हैं। मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए राज्य की सभी पार्टियां एकजुट हैं और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसलिए सभी दलों के प्रतिनिधियों ने जारांगे पाटिल से अनशन वापस लेने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस आंदोलन के दौरान मराठा कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी गई है।

# पाक राष्ट्रपति पर पद छोड़ने से पहले चुनाव की तारीखों की घोषणा का दबाव



**पीटीआई सचिव उमर अयूब खान ने राष्ट्रपति से जल्द से जल्द चुनाव की तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया**

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी पर उनकी राजनीतिक पार्टी की ओर से भारी दबाव है कि वह पद छोड़ने से पहले आम चुनाव की तारीख की घोषणा करें, क्योंकि उनका कार्यकाल 8 सितंबर को समाप्त हो गया है।

पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, एक राष्ट्रपति अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी तब तक पद पर बना रह सकता है, जब तक कि कोई नया राष्ट्रपति चुनकर उसकी जगह न ले ले। इसका तात्पर्य यह है कि अल्वी अगले चुनाव और संसद के माध्यम से अगले राष्ट्रपति के चयन की प्रक्रिया तक पद पर बने रह सकते हैं। प्रेसीडेंसी के सूत्रों ने कहा कि अल्वी को उनकी राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और उसके जेल में बंद प्रमुख और पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा करने के लिए संवैधानिक शक्ति का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। एक पत्र में पीटीआई सचिव उमर अयूब खान ने राष्ट्रपति से जल्द से जल्द चुनाव की तारीख की घोषणा करने का आग्रह किया है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान, 1973 के संविधान के अनुच्छेद 48(5) के तहत, जब राष्ट्रपति नेशनल असेंबली को भंग करते हैं, तो उन्हें आम चुनाव कराने के लिए विघटन की तारीख से 90 दिनों के भीतर की तारीख नियुक्त करनी होती है। एक सूत्र के मुताबिक, पीटीआई और इमरान खान के अलावा अल्वी पर सैन्य प्रतिष्ठान का भी दबाव है। राष्ट्रपति अल्वी दोनों तरफ से भारी दबाव में हैं।



# मोरक्को भूकंप : मृतकों की संख्या 2,681 हुई

**स्पेन और ब्रिटेन ने भेजी बचाव टीमें**

**अमीजमिज,** (एजेंसियां)। मोरक्को में विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,681 और घायलों की संख्या 2,501 हो गई है। मोरक्को सरकार द्वारा सोमवार को जारी नवीनतम बयान में यह जानकारी दी गई। स्पेन और ब्रिटेन द्वारा भेजी गई बचाव टीमें भूकंप के केंद्र के पास अमीजमिज गांव में पहुंच गई हैं। भूकंप प्रभावित पुराने शहर मराकेश और अन्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के बीच हेलीकॉप्टरों को घूमते देखा जा सकता है। बयान के अनुसार सबसे अधिक प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए बचाव और राहत प्रयास भी जारी हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने कहा उत्तरी अफ्रीकी देश में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 11:11 बजे 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप की गहराई 18.5 किलोमीटर पर थी।

## आज का इतिहास

1770 – डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1833 – विलियम वेंटिक, भारत में पहला गवर्नर जनरल बनकर आया।
1901 – अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।
1917 – रूस आधिकारिक तौर पर एक गणतंत्र घोषित हुआ।
1959 – लूना- 2 चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह चंद्रमा की सतह तक पहुँचने वाली मानव निर्मित पहली वस्तु थी। इसने सोवियत संघ और अमेरिका में अंतरिक्ष स्पर्धा की शुरुआत की।
1960 – खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
1999 – किरीबाती, नाउरू और टोंगा संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
2000 – माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. की लांचिंग की।
2000 – प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की सुयंक्त बैठक को सम्बोधित किया, ओलम्पिक मशाल सिडनी पहुँची।

## पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के अधिकारों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा : ककर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ककर ने कहा है कि देश अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों और उनकी पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। ककर ने सोमवार को अल्पसंख्यकों के अधिकारों को लेकर हुई एक बैठक के दौरान कहा, पाकिस्तान का संविधान बिना किसी नस्ल, जाति, पंथ और जातीय भेदभाव के सभी नागरिकों को समान सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक अधिकार सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को समान अधिकार प्राप्त हैं और मौजूदा सरकार उनके सभी अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अल्पसंख्यकों से अपने मुद्दों और समस्याओं का प्रस्ताव सरकार को सौंपने का आग्रह किया ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। ककर पाकिस्तानी समाज के सभी वर्गों से शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सद्भाव के लिए दक्षिण एशियाई देश से उग्रवाद के उन्मूलन में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।

## सुडोकू 6316

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| | | | 5 | 2 | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | | | | | 3 |
| 7 | | | 9 | 5 | 6 | | | 2 |
| 8 | | | | | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | 4 | 3 | | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | 1 | 4 | | | 5 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### देश में कोविड संक्रमण के 40 नए मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 40 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ देश में संक्रिमत मरीजों की संख्या बढ़कर 4,49,97,820 हो गई है। एक दिन में 42 मरीजों ने कोरोना वायरस को मात दी है, इसी की साथ ठीक होने वालों की संख्या 4,44,65,288 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की जानकारी के अनुसार वर्तमान में देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 505 है। देश में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,32,027 हो गई है। अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी है।

### विषाक्त भोजन के सेवन से 90 छात्र अस्पताल में भर्ती

**निजामाबाद/तेलंगाना।** तेलंगाना में निजामाबाद जिले के भीमगल में कस्तूरबा स्कूल के लगभग 90 छात्रों को विषाक्त भोजन के सेवन से पीड़ित होने के कारण मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्रों ने सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत की। यह मामला प्रभारी विशेष अधिकारी सोभा के पास आया, जिसके बाद उन्होंने पीड़ित छात्रों को क्षेत्र के सरकारी अस्पताल भेजने की तत्काल व्यवस्था की। सड़क और भवन मंत्री वेमुला प्रसाद ने जिला कलेक्टर राजीवगांधी हनुमंथु को मौके पर जांच करने और घटना के बारे में जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश देकर स्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया दी।

## रूस के साइबेरिया में विमान की आपात लैंडिंग

**मॉस्को,** (एजेंसियां)। रूस के रिसॉर्ट शहर सोची से साइबेरियाई शहर ओम्स्क जा रहे एक यात्री विमान को हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी के कारण नोवोसिबिर्स्क क्षेत्र में आपातस्थिति में एक खेत में उतारना पड़ा। विमान में सवार सभी यात्रियों की सांसें थम गई थीं। यूराल एयरलाइंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सर्गेई स्कर्तोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूसी एयर कैरियर यूराल एयरलाइंस द्वारा संचालित एयरबस ए320 विमान को एक खेत में आपात लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में चालक दल के छह सदस्यों और 23 बच्चों सहित 167 लोग सवार थे।

क्षेत्रीय स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए है। विमान में सवार किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई है। श्री स्कर्तोव संवाददाताओं से कहा. %%ओम्स्क के पास पहुंचने पर, लैंडिंग के दौरान, विमान पर हरा हाइड्रोलिक सिस्टम विफल हो गया। सामान्य तौर पर, विमान में तीन हाइड्रोलिक सिस्टम होते हैं= हरा, पीला और नीला। उन्होंने कहा कि विमान कमांडर ने नोवोसिबिर्स्क में एक वैकल्पिक हवाई क्षेत्र में उतरने का निर्णय लिया लेकिन बाद में महसूस किया कि ईंधन पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि विमान के यात्रियों को 100,000 रूबल (1,058 डॉलर) का भुगतान किया जाएगा। ऐसी ही एक घटना रूस में चार साल पहले हुई थी।

## भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम में दोनों देशों में कार्यालय बनाने का निर्णय




**■ द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए**

**नई दिल्ली,**(एजेंसियां)। भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम की बैठक में दोनों पक्षों के बीच पारस्परिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक-दूसरे के यहां विशेष कार्यालय स्थापित करने पर सहमति हुई है। फोरम ने भारत-सऊदी अरब स्टार्टअप / नवाचार सेतु पहल भी शुरू करने घोषणा की है और द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए 45 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सऊदी अरब के वली अहद (युवराज) एवं प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद की भारत के दौरान सोमवार को अलग से इस फोरम की बैठक में इन पहलों की घोषणा की गई।

युवराज मोहम्मद बिन सलमान की जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक तथा भारत के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक के दौरान भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा सऊदी निवेश मंत्रालय द्वारा यहां भारत-सऊदी अरब निवेश फोरम 2023 ('फोरम') का आयोजन किया गया। इस फोरम में भारत और सऊदी अरब की 500 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही। यह भारत और सऊदी अरब के बीच पहली औपचारिक निवेश संगोष्ठी है। भारत-सऊदी निवेश फोरम 2023 के मंत्रिस्तरीय सत्र की सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल और सऊदी अरब के निवेश मंत्री महामहिम खालिद ए अल फलीह ने की। इससे पूर्व दिन में, दोनों पक्षों के बीच जी2बी और बी2बी प्रारूप में 45 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर (एमओयू) हस्ताक्षर किए गए।

## वर्ग पहेली 6316




**बायें से दायें:-**

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
४. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्थाा जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७.एक तरह का फूल जिसमें रात में सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य, प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य, तिमिरहर

**ऊपर से नीचे:-**

१. यात्रियों, पथिकों के निशुल्क ठहरने-रुकने के लिए जगह, सराय
२. तदुपरांत
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्धविक्षिप्त ( उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट, शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना१९. १९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

## वर्ग पहेली-6315



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### ई-सिगरेट से युवाओं में बढ़ सकता है तनाव : अध्ययन

**लंदन,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि, जो युवा ई-सिगरेट का सेवन करते हैं, उनमें दीर्घकालिक तनाव की शिकायत होने की संभावना दोगुनी हो जाती है। इटली के मिलान में यूरोपियन रेस्पिरेटरी सोसाइटी इंटरनेशनल कांग्रेस में प्रस्तुत यह शोध कनाडा के 15 से 30 वर्ष की आयु के 905 लोगों पर किया गया था, जिनमें से 115 लोगों ने ई-सिगरेट का इस्तेमाल किया था। अध्ययन से संकेत मिलता है कि जो युवा ई-सिगरेट का उपयोग करते हैं, उनका जीवन स्तर खराब होता है। तनाव को शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन उत्पन्न करने के लिए जाना जाता है, जो अस्थमा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी पुरानी स्थितियों के विकास के जोखिम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नाडा में बीमार बच्चों के अस्पताल में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. टेरेसा टू ने कहा, पुराना तनाव चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को जन्म दे सकता है। पुराने तनाव का सामना कर रहे युवाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें शुरुआत में ही सहायता दी जाए ताकि वे वेपिंग या धूम्रपान जैसे अस्वास्थ्यकर तरीकों का सहारा लेने से बच सकें।

## ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव में तोड़फोड़ मामले में न्यायाधीश को हटाने की मांग की



**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में तोड़फोड़ मामले में संघीय न्यायाधीश को हटाने की मांग की है।

श्री ट्रम्प के वकीलों ने सोमवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या छुटकन की टिप्पणियों पर तर्क दिया। टिप्पणियां पिछली 06 जनवरी को दो प्रतिवादियों को सजा सुनाते समय की गई थी। न्यायाधीश छुटकन ने संकेत दिया कि उनका मानना है कि श्री ट्रम्प पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और कैद किया जाना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति के वकीलों ने अदालत में दायर याचिका में कहा कि न्यायाधीश छुटकन ने अन्य मामलों के संबंध में सुझाव दिया है कि श्री ट्रम्प पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उन्हें जेल में डाल दिया जाना चाहिए।

मामला शुरू होने से पहले और उचित प्रक्रिया के बिना दिए गए ऐसे बयान स्वाभाविक रूप से अयोग्य ठहराने वाले हैं। श्री ट्रम्प पर अमेरिकी विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को विकृत करने के कथित प्रयास को लेकर चार आरोप लगाए गए हैं। वह आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। उन्हें चार मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्होंने हालांकि सभी आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है।

**सात मामलों को खारिज करने की भी मांग**

श्री ट्रम्प ने जॉर्जिया मामले में सामने आए सात मामलों को खारिज करने की भी मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमता में किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

## लीबिया में बाढ़ के बाद नौ हजार से अधिक लोग लापता

**बेंगाजी।** उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के पूर्वी शहर डर्ना में बाढ़ के बाद नौ हजार से अधिक लोग लापता हैं। रेड क्रिसेंट आंदोलन के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी लीबियाई सरकार के प्रधान मंत्री ओसामा हमद सोमवार को कहा था कि डर्ना में बाढ़ से मरने वालों की संख्या दो हजार से अधिक हो गई है। प्रवक्ता ने कहा, हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। बाढ़ में नौ हजार से अधिक लोगों के लापता होने खबरें हैं। बड़े खोज अभियान की आवश्यकता है। वर्ष 2011 के विद्रोह के बाद से, जिसमें लंबे समय तक शासक मोअम्मर गद्दाफी को अपदस्थ कर दिया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई, लीबिया में केंद्र सरकार का अभाव है और परिणामी अराजकता का मतलब देश की सड़कों और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश में कमी और निजी भवन का न्यूनतम विनियमन भी है। देश अब पूर्व और पश्चिम में प्रतिद्वंद्वी सरकारों के बीच विभाजित हो गया है।

**दौरा**

*'प्योंगयांग व मॉस्को के बीच संभावित हथियार सौदे को लेकर चिंता बढ़ रही'*

# पुतिन के साथ शिखर वार्ता के लिए किम जोंग-उन पहुंचे रूस

**सियोल, ( एजेंसियां )। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करने के लिए रूस पहुंचे। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि इससे प्योंगयांग और मॉस्को के बीच संभावित हथियार सौदे को लेकर चिंता बढ़ रही है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ( केसीएनए ) ने मंगलवार सुबह पुष्टि की कि किम सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख अधिकारियों और सशस्त्र बलों के साथ रविवार दोपहर को बुलेटप्रूफ ट्रेन में सवार होकर रूस के लिए प्योंगयांग से रवाना हुए थे।**



केसीएनए की रिपोर्ट के कुछ घंटों बाद, दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता जियोन हा-क्यू ने कहा कि किम की ट्रेन मंगलवार तड़के रूस में प्रवेश कर गई है। उन्होंने कहा कि सियोल हथियारों के व्यापार पर दोनों देशों के बीच संभावित बातचीत पर नजर रख रहा है। जियोन ने संवाददाताओं से कहा, हम इस बात पर नजर रख रहे हैं कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच हथियारों के व्यापार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर बातचीत होगी या नहीं।

रूसी मीडिया आउटलेट वेस्टी प्रिमोरी ने एक रेलवे स्रोत का हवाला देते हुए यह भी बताया कि किम की ट्रेन मंगलवार को सीमावर्ती शहर खासन पहुंची और सुदूर पूर्वी शहर उस्सूरीस्क की ओर जा रही है। ट्रेन मंगलवार तड़के खासन स्टेशन से गुजरी। उत्तर कोरिया के राज्य मीडिया द्वारा जारी की गई तस्वीरों में किम के साथ प्योंगयांग के विदेश मंत्री चोए सोन-हुई, साथ ही शीर्ष सैन्य अधिकारी री प्योंग-चोल और पाक जोंग-चोन भी दिखाई दे रहे हैं। यह अभी भी अज्ञात है कि किम और पुतिन कब और कहां बैठक करेंगे, और उत्तर कोरियाई नेता का ठिकाना भी स्पष्ट नहीं है। क्रेमलिन ने कहा कि किम की यात्रा के दौरान उत्तर कोरियाई और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत की योजना बनाई गई है।


यह यात्रा चार वर्षों से अधिक समय में किम की रूस की पहली यात्रा होगी और कोविड-19 महामारी के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के बीच बढ़ते सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर प्योंगयांग हाल ही में मास्को के साथ सैन्य संबंध मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि किम यूक्रेन में युद्ध के लिए रूस को गोला-बारूद और हथियार की आपूर्ति और अन्य सैन्य सहयोग की संभावना के बारे में पुतिन के साथ बातचीत के लिए इस महीने संभवतः बख्तरबंद ट्रेन से व्लादिवोस्तोक की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। जैसे ही उत्तर कोरिया और रूस ने किम की रूस यात्रा की पुष्टि की, अमेरिका ने प्योंगयांग से रूस को कोई हथियार नहीं देने का आह्वान किया।

व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने इस बात पर जोर दिया कि किम-पुतिन बैठक के दौरान उत्तर कोरिया और रूस संभावित हथियार सौदे पर चर्चा जारी रखेंगे।

# खेल जगत

## कोविड ने मेरा अंतराष्ट्रीय करियर खत्म होने से बचाया : डेविड विली

**लंदन।** इंग्लिश ऑलराउंडर डेविड विली ने खुलासा किया कि अगर कोविड-19 महामारी नहीं होती तो 2019 विश्व कप विजेता टीम से बाहर किए जाने के बाद उनका अंतरराष्ट्रीय करियर लगभग खत्म हो गया था। जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किए जाने के लिए डेविड विली को आखिरी मिनट में इंग्लैंड की टीम से बाहर कर दिया गया। क्रिकबज के साथ बातचीत में विली ने कहा, अगर यह कोविड नहीं होता, तो शायद मेरा अंतराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया होता। उन्होंने मैनचेस्टर में टेस्ट मैचों और साउथम्प्टन में वनडे मैचों के लिए बायो-बबल में रहने के लिए दो अलग-अलग टीमें चुनी जिसका लाभ मुझे मिला। तब से विली ने टीम में वापसी की और 2023 विश्व कप से पहले अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन के साथ 22.19 की औसत से 36 विकेट लिए हैं। इस परफॉर्मेंस के दम पर उन्हें भारत में खेले जाने वाले विश्व कप के 15 सदस्यीय टीम का सदस्य चुना गया है।



# आईसीसी वनडे रैंकिंग में बाबर के करीब गिल, टॉप-10 में कोहली : रोहित शामिल

**कोलंबो।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (759 अंक) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और अब वह आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग में केवल पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (863 अंक) से पीछे हैं। गिल, जिन्होंने मौजूदा एशिया कप में 154 रन बनाते हुए दो अर्धशतक लगाए हैं। अब आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

साथ ही वो भारत के तीन खिलाड़ियों में सर्वोच्च रैंक पर हैं, जो अब वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप-10 में हैं और जनवरी 2019 के बाद ऐसा पहली बार हुआ। कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली को दो-दो स्थान का फायदा हुआ है और वे क्रमश- आठवें और नौवें स्थान पर हैं।

शर्मा, कोहली और अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन चार साल से अधिक पहले उस उदाहरण में शीर्ष 10 में तीन बल्लेबाज थे, जबकि ये तीन सितंबर 2018 में बल्लेबाजी तालिका के शीर्ष छह में भी थे। शर्मा ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ अर्धशतक भी बनाया, जबकि कोहली पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की बदौलत रैंकिंग में आगे बढ़े हैं।



केएल राहुल (10 पायदान ऊपर 37वें) और ईशान किशन (दो पायदान ऊपर 22वें) की भारतीय बल्लेबाजी जोड़ी ने भी रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार किया है। एशिया कप के दो मैचों में नौ विकेट लेने के बाद वनडे गेंदबाज़ रैंकिंग में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पांच पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारत के तेज़ गेंदबाज़ी के अगुआ जसप्रीत बुमराह भी वनडे में वापसी करते हुए आठ स्थान ऊपर 27वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाज़ों की रैंकिंग में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (21 स्थान ऊपर 56वें) और ऑलराउंडरों में भी चार स्थान ऊपर छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष 10 में पाकिस्तान के भी तीन बल्लेबाज हैं। जिसमें बाबर आजम शीर्ष पर हैं और गिल पर 100 से अधिक रेटिंग अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं।

इमाम-उल-हक और फखर जमान क्रमशः पांचवें और दसवें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका में कप्तान तेम्बा बावुमा अपने पिछले आठ वनडे मैचों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाकर शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए हैं। वह 21 स्थान आगे बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 25वां था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी डेविस वार्नर (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर), ट्रेविस हेड (छह स्थान ऊपर 20वें) और मार्नस लाबुशेन (24 स्थान ऊपर 45वें) ने भी बल्लेबाजों की रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। ॅ

यूजीलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट गेंदबाजों में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम ज़म्पा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में चार विकेट लेने के बाद पहली बार गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में हैं।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ आठ स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर हैं और उनके साथी तेज गेंदबाज नसीम शाह (11 स्थान ऊपर 51वें स्थान पर) हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (10 स्थान ऊपर 25वें) और तबरेज शम्सी (10 स्थान ऊपर 25वें स्थान पर) हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (15 पायदान ऊपर चढ़कर 29वें) रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

# मेरा फोकस विकेट नहीं, सही लेंथ पर गेंदबाजी करना है : कुलदीप

**कोलंबो।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का इस साल वनडे में शानदार प्रदर्शन एशिया कप-2023 में भी कायम है। बारिश से प्रभावित सुपर 4 मैच में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ कुलदीप ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सुपर-4 मैच में पहले पाकिस्तान के खिलाफ (5-25) और फिर श्रीलंका के खिलाफ (4-43) के आंकड़े कुलदीप यादव की शानदार फॉर्म की गवाही दे रहे हैं। पिछले साल घुटने की चोट से वापसी करने के बाद कुलदीप ने अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय विकेट हासिल करने से लेकर सही लेंथ पर गेंदबाजी करने के बारे में सोचने की मानसिकता को बदलने को दिया।

कुलदीप ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान बताया कि सर्जरी के बाद फिजियो ने उनसे कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, मेरे घुटने पर भार नहीं पड़ना चाहिए। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि आगे चीजें कैसी रहेगी। लेकिन अब सब ठीक है। कुलदीप ने कहा, 6-7 महीनों के बाद मुझे अपनी उचित लय मिल गई और अब गेंदबाजी करना आसान हो गया है। एक स्पिनर जितनी अधिक गेंदबाजी करेगा, उसे उतना अधिक अनुभव मिलेगा। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अब विकेट लेने के बारे में बहुत कुछ है। मैं इस बारे में अधिक सोचता हूं कि मेरी गेंदबाजी की लेंथ सही होनी चाहिए। कुलदीप ने यह भी बताया कि बाएं हाथ या दाएं हाथ के बल्लेबाज के खिलाफ उनका गेम प्लान क्या रहता है।

उन्होंने कहा, मैं अच्छी लेंथ की गेंदों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, चाहे वह लेफ्टी हो या राइटी और इसके साथ ही लाइन भी मायने रखती है। इसलिए मैं हमेशा बल्लेबाज को लॉक करने, स्टंप्स पर गेंदबाजी करने के बारे में सोचता हूं, चाहे वह लेफ्टी हो या राइटी, उसे लॉक्ड रखने और स्टंप्स पर गेंदबाजी करने के बारे में सोचता हूं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की टीम में ऑफ स्पिनर न होने पर भी अपनी बात रखी।



कुलदीप ने कहा, मैं खुद को एक ऑफ स्पिनर के रूप में नहीं सोचता। मैं खुद को एक लेग स्पिनर के रूप में सोचता हूं। एकमात्र चीज यह है कि मैं बाएं हाथ से गेंदबाजी करता हूं। मेरे पास वेरिएशन हैं और गुगली भी है। तो मुझे नहीं लगता कि आपको एक ऑफ स्पिनर रखने की जरूरत है। अगर आपकी टीम का संयोजन अच्छा है, तो आपको 3-4 स्पिनरों को खिलाने की जरूरत नहीं है। अगर आपके पास दो अच्छे स्पिनर हैं, तो यह काम कर सकता है।

# सुब्रतो कप में बेंगलुरू को मेजबान शहर के रूप में शामिल किया

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु को मेजबान शहर के रूप में जोड़ा गया है और इसी तरह सबसे पुराने राष्ट्रीय अंतर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट को पहली बार दक्षिण भारत में ले जाया जा रहा है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा, एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) की उपस्थिति में की गई। एसएमएसईएस के तत्वावधान में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित सुब्रतो कप पहली बार 1960 में आयोजित किया गया था और इसका नाम एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए इस विचार की कल्पना की थी। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन एसएमएसईएस ने कहा, 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है।

# दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी क्लो ट्रायॉन की टीम में वापसी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी ऑलराउंडर क्लो ट्रायॉन 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली सफेद गेंद श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल होने के लिए छुट्टी से लौट आई हैं। क्लो छुट्टी के कारण दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा पाकिस्तान दौरे से हट गई थीं, लेकिन अब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला से लौरा वोल्वाईट की अगुवाई वाली टीम में शामिल होने के लिए उपलब्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान से टी20 सीरीज 3-0 से हार गया, लेकिन वनडे सीरीज जीतने में कामयाब रहा, जिसका आखिरी मैच गुरुवार को कराची में होगा।

खिलाड़ियों को वातावरण के भीतर विकसित होने की अनुमति देने के लिए टीम की निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। हम क्लो ट्रायॉन को वापस क्षेत्र में पाकर बहुत खुश हैं और यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि वह अपने हरफनमौला गुणों के साथ टीम को और कैसे बेहतर बनाएगी। हम आगे बढ़ते हैं। न्यूज़ीलैंड सीरीज़ अपने चरम पर है और हम इस लय को घरेलू दौरे पर भी बरकरार रखना चाहते हैं। क्लिंटन डु प्रीज़, चयनकर्ताओं की प्रोटियाज़ महिला संयोजक ने कहा, पाकिस्तान की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना हमेशा बहुत कठिन रहा है। हालाँकि, मैं इस बात से खुश हूँ कि टीम ने टी20 में कैसे प्रतिस्पर्धा की, जहाँ वे गेम जीतने से चूक गए। यह छोटे अंतर से बना रहा और कोई भी देख सकता है कि कैसे खिलाड़ियों ने अपनी कमियों से सीखा है और इसे एकदिवसीय प्रारूप में लाया है। इसमें कई सकारात्मक बातें हैं, और एक जो मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है वह है खिलाड़ियों का साझा व्यक्तिगत प्रदर्शन। न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में प्रोटियाज महिलाएं वनडे श्रृंखला के लिए पोचेफस्ट्रूम, पीटरमैरिट्जबर्ग और डरबन में मैदान में उतरेंगी, जो 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 अभियान का हिस्सा है। तीसरा 50 ओवर का मुकाबला ब्लैक डे वनडे के नवीनतम संस्करण के रूप में 1 अक्टूबर को डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां दक्षिण अफ्रीका लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ लड़ाई के समर्थन में अपने कस्टम ब्लैक किट और आर्मबैंड पहनेंगे।

# सायना बनी हार्वेस्ट गोल्ड की रेस एंबेसडर




**नई दिल्ली।** हार्वेस्ट गोल्ड ने हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 के लॉन्च की घोषणा की है। ब्रांड ने पूर्व बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन साइना नेहवाल को रेस एंबेसेडर के रूप में अपने साथ जोड़ा है। 24 सितंबर 2023 को साइबर सिटी गुरुग्राम में आयोजित होने वाली इस रेस का यह आठवां संस्करण होगा। इस रेस का उद्देश्य सभी के लिए पोषण प्रदान करना है। इस वर्ष ब्रांड ने अपनी थीम -रन द डिस्टेंस, टू मेक ए डिफरेंस के तहत एक अग्रणी एनजीओ रॉबिन हुड आर्मी के साथ हाथ मिलाया है, जो समाज के वंचितों और कम भाग्यशाली वर्गों के लिए पोषण सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

इस अवसर पर ग्रुपो बिम्बो, इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राज कंवर सिंह ने कहा, एक बेहतर दुनिया बनाने के लक्ष्य से प्रेरित, हार्वेस्ट गोल्ड स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस एक उद्देश्यपूर्ण प्रयास है, जहां प्रतिभागी न केवल अपने भले के लिए दौड़ रहे होंगे, बल्कि वंचितों के समर्थन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे होंगे। मैं सभी से एकजुट होने और सामूहिक रूप से भूख मिटाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह करता हूं।

# युवा दुनिथ वेल्लालागे के पास हुनर के साथ-साथ समझ भी है : मलिंगा

**कोलम्बो।** एशिया कप सुपर 4 मैच में भारत के खिलाफ शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए दुनिथ वेल्लालागे की प्रशंसा करते हुए श्रीलंका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने कहा है कि इस युवा स्पिनर का भविष्य उज्ज्वल है। एशिया कप के सुपर 4 मैच में श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया के लिए 20 साल का श्रीलंकाई गेंदबाज बड़ी मुसीबत बन गया।

दुनिथ वेल्लालागे ने अपनी मिस्ट्री गेंद के दम पर 10 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट लिए, साथ ही एक मेडन ओवर भी डाला। या यूं कह लीजिए इस युवा खिलाड़ी ने भारत के शानदार बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, अंत में जीत भारत की हुई लेकिन इस युवा खिलाड़ी ने अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से भारतीय टीम के नाम में दम कर दिया था। भारत के 213 रन के लक्ष्य का पीछा करने में श्रीलंका की टीम सफल नहीं हुई। दुनिथ वेल्लालागे ने नाबाद 42 रन का योगदान देकर और 5/40 के दमदार गेंदबाजी आंकड़े के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंकाई दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर इस युवा खिलाड़ी के प्रयास की सराहना की और कहा कि इस युवा स्पिनर का भविष्य उज्ज्वल है।

मलिंगा ने आगे लिखा, यह कहना गलत नहीं होगा कि श्रीलंका ने आज 12 खिलाड़ियों के साथ खेला। दुनिथ कितना शानदार था। उसके पास अपने हरफनमौला कौशल सेट के साथ अपने युवा कंधों पर एक शानदार दिमाग है। उन्होंने आगे लिखा, मेरा मानना है कि वह अगले दशक में वनडे में श्रीलंका के लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। मलिंगा इस युवा खिलाड़ी के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की सराहना करने वाले एकमात्र क्रिकेटर नहीं थे। अनुभवी भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी दुनिथ के ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए उनकी तारीफ की। दुनिथ वेल्लालागे ने अब तक अपने देश के लिए केवल 13 वनडे मैच खेले हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगले महीने भारत में शुरू होने वाले श्रीलंका के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। पिछले साल दुनिथ वेल्लालागे अंडर-19 विश्व कप में 13.58 की औसत से 17 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में लाइमलाइट में आए।

20 वर्षीय खिलाड़ी ने एशिया कप में भारत के खिलाफ अपने स्पैल के दौरान शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या के विकेट लेकर अपना हुनर एक बार फिर साबित किया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रमांक-1 जबलपुर

निविदा सूचना क्रमांक 16 वर्ष 2023-24 / टेन्डर लिपिक — जबलपुर, दिनांक 08.09.2023

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर ऑनलाईन भुगतान कर वेबसाइड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्रं. | ई. टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ईएमडी टेंडर फीस एवं निविदा से संबंधित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2023_PWDBR_305810_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले व्ही आई पी बगलों में डिपाजिट कार्य रेनोवेशन का कार्य एवं अन्य कार्य | प्रथम | 49.90 | 50000.00 | 5000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 2. | 2023_PWDBR_305812_1 | मु. उप संभाग 2 के अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर के अंतर्गत आने वाले आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में डिपाजिट कार्य | प्रथम | 16.00 | 32000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 3. | 2023_PWDBR_305813_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत कटंगा उपखंड के तहत आने वाले आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, पेंटिंग, पुट्टी एवं अन्य कार्य | प्रथम | 9.90 | 20000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 4. | 2023_PWDBR_305815_1 | मु. उप संभाग क्र. 3 के अंतर्गत एम एम व्ही एवं सिटी उपखंड के तहत आने वाले आवासीय भवनों में व्हाईट, वाशिंग, पेंटिंग पुट्टी एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 9.80 | 20000.00 | 2000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 5. | 2023_PWDBR_305816_1 | मु उप संभाग क्र 1 के अंतर्गत आने वाले पोलाग्राम पहुँच मार्ग कुल लम्बाई 1.00 किमी में बी टी रिनयुवल का कार्य | प्रथम | 12.50 | 25000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 6. | 2023_PWDBR_305818_1 | मु उप संभाग क्र 1 के अंतर्गत आने वाले शरदा भरदा निपनिया मार्ग के कि मी 4 में कुल लम्बाई 1.00 कि मी में बी टी रिनयुवल का कार्य। | प्रथम | 12.50 | 25000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 7. | 2023_PWDBR_305819_1 | मु उप संभाग क्र 1 के अंतर्गत आने वाले कंजई सकरी अंधुआ मार्ग कि मी 2,3,4 कुल लम्बाई 3.00 कि मी में बी टी रिन्युवल का कार्य। | प्रथम | 30.14 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 8. | 2023_PWDBR_305821_1 | मु उप संभाग क्र 1 के अंतर्गत आने वाले पनागर मुडिया पडोरा सलैया मार्ग के कि मी 2/8-10,3,4,5 / 2-4-6 कुल लम्बाई 3.00कि मी में बी टी रिन्युवल का कार्य। | प्रथम | 30.14 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 9. | 2023_PWDBR_305823_1 | मु उप संभाग क्र 1 के अंतर्गत आने वाले इमलिया से नरगंवा मार्ग के कि मी 1 से 4 तक कुल लम्बाई 4.00 किमी में बी टी रिन्युवल का कार्य। | प्रथम | 38.96 | 50000.00 | 5000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 10. | 2023_PWDBR_305824_1 | मार्ग उप संभाग के अंतर्गत आने वाले मार्गे में वर्ष 2023-24 के अतर्गत बाढ एवं अत्यधिक वर्षा के कारण छतिग्रस्त पुल पुलियो में मरम्मत का कार्य एवं छतिग्रस्त मार्गे में मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 18.90 | 38000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 11. | 2023_PWDBR_305826_1 | मु उप संभाग क्र 1 जबलपुर के तहत कटंगी सेक्शन के अतर्गत आने वाले आवासीय / गैर आवासीय भवनों में मरम्मत, रेनोवेशन का कार्य। | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 12. | 2023_PWDBR_306297_1 | मु उप संभाग क्र के अतर्गत मुख्यालय उपखंड के तहत आने वाले आवासीय भवनों में व्हाईट वाशिंग, पेंटिग पुटटी, इमलशन एव अन्य कार्य। | प्रथम | 19.00 | 38000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 13. | 2023_PWDBR_306514_1 | उप संभाग क्र 1 के अतर्गत आने वाले मार्गे में वर्ष 2023-24 के अंतर्गत बाढ एवं अत्यधिक वर्षा के कारण छतिग्रस्त पुल पुलियो में मरम्मत का कार्य एवं छतिग्रस्त मार्गे में मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| | | कुल योग | | 277.64 | | | | |

टीप: - (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 21.09.2023, 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियां एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाइन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्रमांक 1 जबलपुर

G-19619/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव | मध्यप्रदेश शासन | MPIDC MP Industrial Development Corporation Limited

# आभार प्रधानमंत्री जी



# बुलंद बुंदेलखंड बुलंद भविष्य

## ₹ 49 हजार करोड़

के बीना रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स

एवं

## ₹ 1800 करोड़

की औद्योगिक परियोजनाओं का

## शिलान्यास



# नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर-कमलों द्वारा

**14 सितम्बर, 2023 | प्रात 11:00 बजे**

बीना रिफाइनरी परिसर, हड़कल

सागर, मध्यप्रदेश



### पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की मुख्य विशेषताएं

- प्रतिवर्ष 2,200 किलो टन विभिन्न प्रकार के पेट्रोकेमिकल्स का उत्पादन
- 1 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर
- फाइबर, पेंट्स, प्लास्टिक, ऑटोमोटिव पार्ट्स जैसे उद्योगों में बढ़ोतरी
- प्रतिवर्ष लगभग ₹ 20,000 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत

### अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के लाभ

- ₹1 लाख करोड़ का निवेश
- लगभग 2.36 लाख रोज़गारों का सृजन
- नये आईटी पार्क्स, आईटी और आईटीईएस क्षेत्रों का तेज विकास
- वस्त्र, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स इकाइयों के लिए नये अवसर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

QR CODE

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

मध्यप्रदेश शासन

D-11101/23

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

# राजस्थान के सीकर में कथा वाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री की टिप्पणी के बाद संयुक्त बसोर समाज सड़कों पर उतरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम के कथा वाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री एक बार फिर कथा वाचन के दौरान बोले गये शब्दों के कारण सुर्खियों में आ गये हैं। इस बार इन्होंने एक जाति विशेष वंशकार समाज के लिये बोल दिया है। जिससे संबंधित समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है। और समाज से संबंधित लोग सड़कों पर अपना रोष जताने निकल पड़े हैं।




समाज का आरोप है कि हालही में राजस्थान के सीकर में बसोर समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने की थी। इसके विरोध में जबलपुर में स्थापित बसोर समाज ने एक रैली निकाल कर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और अपनी आपत्ति दर्ज करवाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर की मांग की। जबलपुर में बुधवार को बसोर समाज के लोगों ने शहर के मालवीय चौक से लेकर कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। और पंडित धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।

बसोर समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि बीते दिनों राजस्थान के सीकर में एक सभा चल रही थी। इस सभा के ही दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री से सवाल करने के लिए एक युवक उनके पास आया और कहा कि मैं ब्राह्मण हूं, इस पर धीरेंद्र शास्त्री ने पलटकर जवाब देते हुए कहा कि मैं कौन सा बसोर हूं, मैं भी ब्राह्मण ही हूं।

बसोर समाज के लोगों का कहना है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री का यह बयान बेहद आपत्तिजनक है और वे इसके पहले भी अहिरवार समाज को लेकर आपत्तिजनक बयान दे चुके हैं। कुछ माह पहले भी अपनी सभा के दौरान उन्होंने अछूत शब्द का प्रयोग किया था। जिससे दलित समाज के लोगों ने आपत्ति दर्ज करायी थी।

# एल्बेंडाजोल की गोली खाने से 18 छात्र बीमार, नहीं मिली एंबुलेंस, ट्रैक्टर-ट्रॉली से पहुंचाया अस्पताल

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिला के पटेरा ब्लॉक के एकीकृत स्कूल कुलुवा में मंगलवार को स्कूली छात्रों ने एल्बेंडाजोल की गोली खाई जिसके बाद उनकी तबीयत खराब हो गई है और उन्हें इलाज के लिए कुम्हारी स्वास्थ्य केंद्र इलाज लाया गया। करीब 18 बच्चे गोली खाने के बाद बीमार हुए थे, जिनका इलाज चल रहा है। इन बच्चों को 108 वाहन भी नहीं मिल सका, जिसके बाद उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठाकर अस्पताल लाया गया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार शासकीय एवं अर्ध शासकीय स्कूलों में 12 सितंबर से राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस मनाया जाना था, जो 15 सितंबर तक चलना है और बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली भी खिलाई जा रही है। इसी कार्यक्रम के चलते एकीकृत



माध्यमिक स्कूल कुलुवा में करीब 25 बच्चों ने गोली खाई, जिसके बाद उन्हें पेट में दर्द होने के साथ वह बीमार होने लगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम में आशा सहयोगिनी रेखा अहिरवार और प्रीति लोधी आशा कार्यकर्ता द्वारा गोली खिलाई गई थी जिसके बाद बच्चों के सिर एवं पेट में दर्द होने लगा। बच्चे कक्षाओं में लोटने लगे। सूचना मिलने ही बच्चों के परिजन भी स्कूल पहुंच गए। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक प्रशिक्षण भी दिया गया था और यह दवाई किस तरह से खिलाई जानी है, इसकी जानकारी दी गई थी। गोली खाने के बाद जैसे ही बच्चों की तबीयत बिगड़ी तो आशा कार्यकर्ता घबरा गईं और 108 पर फोन लगाया, लेकिन वाहन उपलब्ध न होने के कारण सरपंच रंजना जैन के ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से स्कूली बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी लाया गया। जहां पटेरा से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें प्रमोद तिवारी, टीकाराम पटेल फार्मासिस्ट, एसके गर्ग फार्मासिस्ट द्वारा तत्काल इंजेक्शन व दवाईयां देकर प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना मिलने पर कुम्हारी थाना प्रभारी पूर्णानंद मिश्रा, राजेश लोधी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और बच्चों की जानकारी ली। एकीकृत माध्यमिक स्कूल के प्रधान अध्यापक सचिन जैन ने बताया कि शासन की तरफ से कृमि नाशक गोली खिलाना थी। जिसको लेकर आशा सहयोगिनी और आशा कार्यकर्ता दोनों गोलियां लेकर आई थी और बच्चों को खिलाने के बाद उनकी सेहत बिगड़ने लगी। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# ओएफके फैक्ट्री में हादसा- बम साफ करते समय निकली चिंगारी, एक कर्मचारी घायल



जबलपुर, देशबन्धु। आयुध निर्माणी खमरिया में बुधवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। फैक्ट्री प्रबंधन के मुताबिक मल्टी मोड हैंड ग्रेनेड की डिले ट्यूब में फिलिंग के दौरान यह हादसा हुआ है। जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि धमाके में घायल हुआ कर्मचारी ठेका कर्मी है, जिसका नाम राघुनाथ कुमार है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब 11:30 बजे फैक्ट्री के एफ-9 सेक्शन की बिल्डिंग नंबर 129 में कर्मचारी राघुनाथ कुमार मल्टीमॉड हैंड ग्रेनेड की डिले ट्यूब से फिलिंग का कार्य कर रहा था। डिले ट्यूब से मोल्ड से निकालने और डिले ट्यूब को चेक करने के कार्य के दौरान मोल्ड मूड से चिंगारी निकली। जिसके चलते कर्मचारी के दाएं हाथ की उंगली और अंगूठे के बीच में हल्की चिंगारी लग गई। घटना के बाद कर्मचारी को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

आयुध निर्माणी खमरिया के एक अधिकारी ने बताया कि काम को शुरू करने से पहले एवं कार्य पूरा होने के बाद मोल्ड और पंच को नियमित रूप से साफ किया जाता है। लेकिन कभी-कभी कंपोजिशन के कुछ कण और मोल्ड में रह जाते हैं, जिससे चिंगारी उत्पन्न होने की संभावना भी बनी रहती है। फिलहाल कर्मचारी का अस्पताल में इलाज जारी है।

# अधिकारियों पर आरोप लगाते हुये युवक ने कलेक्ट्रेट में की आत्महत्या की कोशिश



**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के कलेक्ट्रेट के बाहर प्रशासन से नाराज एक युवक ने खुद पर डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयासा किया। मौजूद पुलिसकर्मियों ने समय पर रोक लिया। युवक ने अधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए आत्मदाह करने की बात कही। आत्मदाह करने का प्रयास करने वाले संजय चौबे ने बताया कि उनके द्वारा पंचायतों में किए जा रहे अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर जिला पंचायत में सूचना के अधिकार के तहत आरटीआई लगाई गई है। इसी बात को लेकर उनके ऊपर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। जबकि कई बार वे पंचायतों में हुई गड़बड़ी की शिकायत अधिकारियों के पास आकर जनसुनवाई में कर चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

इसी बात को लेकर उसके द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर खुद के ऊपर डीजल डाला गया। हालांकि आग लगाने के पहले ही उसके साथियों ने माचिस छुड़ा ली। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को समझाइश देकर रवाना कर दिया।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के विक्रय के लिये पंजीयन 20 से

**जबलपुर, देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य् पर धान, ज्वा2र एवं बाजरा उपार्जन के लिए कृषकों का पंजीयन 20 सितम्बर से 05 अक्टूबर तक किया जायेगा। कृषक समर्थ्न मूल्य पर अपनी धान, ज्वार एवं बाजरा विक्रय करने के लिये निर्धारित की गई सहकारी समिति, विपणन संस्था, एम.पी.ऑनलाईन कियोस्कप सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र , कॉमन सर्विस सेन्टर तथा किसान एप्पन के माध्यीम से पंजीयन करा सकेंगे। सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्थायएं द्वारा ही किये जायेंगे।

तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों , निर्धारित सहकारी संस्थाओं तथा विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों तथा एम.पी. किसान एप्पह पर पंजीयन की सुविधा नि:शुल्क प्रदान की गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर ने कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की उपज के विक्रय के लिये आवश्य क दस्तावेजों के साथ अपना पंजीयन कराने का आग्रह किया है।

